वर्ष 73 ▸ अंक 219 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 08 मई, 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 07, विक्रम संवत् 2083
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"मूर्ख लोग मानते हैं कि सत्यवादी होना आसान है; केवल कलाकार, महान कलाकार ही जानता है कि यह कितना कठिन है।"
- विला कैथर

## ऑफ बीट

### इंस्टा पर अपनी पत्नी को ही कर दिया प्रपोज



*प्रयागराज के दारागंज इलाके में एक पति अपनी ही पत्नी को इंस्टाग्राम पर पहचान नहीं पाया और उसे दूसरी लड़की समझकर शादी का प्रस्ताव दे दिया। मामला तब खुला जब दोनों की मुलाकात नागवासुकि मंदिर के पास हुई। घटना के बाद मौके पर जमकर हंगामा हुआ। आरोप है कि पत्नी को पहचानते ही पति भड़क गया और मारपीट के साथ जान से मारने की धमकी देने लगा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अब आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दोनों की शादी नौ साल हुई थी। पति और ससुराल की प्रताड़ना से तंग आकर महिला चार साल से मायके में रह रही थी। दोनों की पांच साल की बेटी भी है। महिला ने इंस्टाग्राम पर नई आईडी बनाई थी।*




## गुरुवार को बशीरहाट में फायरिंग, हावड़ा में भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ता भिड़े

# सुवेंदु बोले- ममता को हराया इसलिए हुई मेरे पीए की हत्या

पश्चिम बंगाल में हिंसा



चौथा दिन

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल में चुनावी नतीजों के बाद हिंसा का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने अपने निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताते हुए तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'मैंने भवानीपुर में ममता बनर्जी को हराया, इसलिए मेरे सहयोगी को निशाना बनाया गया।' सुवेंदु ने इसे 'प्लान्ड मर्डर' बताया। उन्होंने दावा किया कि चुनाव के दौरान उनके समर्थकों को धमकियां दी गई थीं।

इधर, चंद्रनाथ रथ की हत्या के कुछ घंटों बाद ही बशीरहाट जिले में भाजपा कार्यकर्ता रोहित रॉय पर भी फायरिंग हुई। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। 4 मई को चुनाव परिणाम आने के बाद से पश्चिम बंगाल में अब तक पांच लोगों की हत्या हो चुकी है। इनमें तीन भाजपा और दो टीएमसी से जुड़े बताए जा रहे हैं। इसी बीच, हावड़ा के शिवपुर इलाके में भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई। दोनों पक्षों में पत्थरबाजी हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लेने का दावा किया है। तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों को खारिज करते हुए इस मामले में कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग की है। पार्टी ने कहा कि 'रथ की हत्या निंदनीय है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं की हत्या हुई है, इसलिए मामलों की निष्पक्ष जांच जरूरी है।'



पश्चिम बंगाल में जिला मुख्यालय समेत कई अन्य स्थानों पर केंद्रीय बल तैनात है।

### चंद्रनाथ की गाड़ी का किया गया 7 किमी तक पीछा

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि हमलावरों ने सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की गाड़ी का करीब 7 किलोमीटर तक पीछा किया था। इसके बाद कोलकाता से लगभग 20 किलोमीटर दूर मध्यमग्राम के डोलतला इलाके में उनकी स्कॉर्पियो को रोककर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक चंद्रनाथ को चार गोलियां लगी थीं।

**प्रोफेशनल हथियार का इस्तेमाल:** फोरेंसिक टीम के शुरुआती इनपुट में सामने आया है कि हमले में ग्लॉक 47एक्स पिस्टल का इस्तेमाल हुआ। यह अत्याधुनिक हथियार आम अपराधियों के पास कम ही देखा जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों और शुरुआती जांच के मुताबिक वारदात में 6 से 10 राउंड गोलियां चलाई गईं।

### कौन थे चंद्रनाथ रथ?



पिछले 5 सालों से सुवेंदु अधिकारी के साथ काम कर रहे थे। पहले भारतीय वायुसेना में सेवा दे चुके थे। भाजपा संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते थे। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय का काम संभालते थे।

### पुलिस जांच में खुलासे

- वाहनों पर फर्जी नंबर प्लेट थीं।
- सीसीटीवी में चंद्रनाथ की गाड़ी घटनास्थल की ओर जाती दिखाई दे रही है।
- पुलिस ने मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ जारी है।
- हत्या में इस्तेमाल बाइक एयरपोर्ट क्षेत्र के पास कूड़े के ढेर में लावारिस हालत में मिली।
- बाइक पर नकली नंबर प्लेट लगी थी। इंजन और चेसिस नंबरों के साथ भी छेड़छाड़ की गई।

### विधानसभा भंग, शपथ ग्रहण की तैयारियां तेज, ममता से मिले अखिलेश

पश्चिम बंगाल में राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा भंग कर दी है। लोकभवन से गुरुवार शाम को इसका नोटिफिकेशन जारी हुआ। इसका मतलब है कि ममता कैबिनेट के किसी भी मंत्री के पास अब कोई पावर नहीं रहेगी। ममता ने बुधवार को कहा था कि वे सीएम पद से इस्तीफा नहीं देंगी।

इधर, पश्चिम बंगाल के कोलकाता में परेड ग्राउंड में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां चल रही हैं। 9 मई को शपथ समारोह होगा। शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी जिसमें सीएम का ऐलान हो सकता है। उप्र के पूर्व सीएम अखिलेश यादव आज ममता बनर्जी से मिलने कोलकाता में उनके आवास पर पहुंचे। टीएमसी के सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश ने कहा- दीदी आप चुनाव नहीं हारी हैं, आपको हराया गया है। देश में इलेक्शन कमीशन मर चुका है। वहीं भाजपा नेता दिलीप घोष ने टीएमसी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य में ऐसा माहौल बनाया जा रहा है, ताकि राष्ट्रपति शासन लागू हो सके।

# प. बंगाल से लाकर भोपाल में खपा रहा था नकली नोट

## आरोपी एमबीबीएस डॉक्टर, पाक के कागज पर छपाई

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** पश्चिम बंगाल का एमबीबीएस डॉक्टर भोपाल में नकली नोट सप्लाई कर रहा था। यह नोट पाकिस्तानी कागज पर छपे हैं। पकड़ा न जाए इसलिए वह एप्पल के फोन में यूके का नंबर उपयोग कर कॉलिंग करता था। पुलिस ने उससे 500-500 रुपए के 280 नोट बरामद किए हैं। जो 1.40 लाख रुपए के हैं। उसने 10 दिन में 60 हजार रुपए नकली नोट खपा दिए। पुलिस ने आरोपी को 7 दिन के रिमांड पर लिया है। वह नकली नोट के इस कारोबार में 2024 से शामिल है। नकली नोट के अलावा पुलिस ने उससे आईफोन, पेन ड्राइव और विदेशी सीरीज यूके का मोबाइल नंबर जब्त किया है। आरोपी दो साल से भोपाल के पॉश कालोनी में रह रहा था। उसके पुलिस वेरीफिकेशन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

कोहेफिजा पुलिस के मुताबिक, सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। आरोपी की पहचान वीरभूम (पश्चिम बंगाल) निवासी सैफुल इस्लाम (27) के रूप में हुई। वह जून-जुलाई 2024 से गुलमोहर कॉलोनी में किराये से रह रहा है। उसने सितंबर 2024 में शादी ऐप के माध्यम के एक युवती से पहचान के बाद शादी की। युवती अशोका गार्डन 80 फीट रोड में रहती थी। वह मूलतः बिहार की है और मुस्लिम है। हालांकि पुलिस को कोई ऐसे दस्तावेज नहीं मिले हैं, जिससे उनकी शादी मानी जाए। पुलिस इसे लिव-इन मान रही है। सैफुल खर्चीली लाइफ स्टाइल के कारण वह इस गोरखधंधे में उतरा और नकली नोट खपाने लगा।



- **500-500 रुपए के 280 नोट बरामद, एप्पल के फोन में यूके का नंबर कर रहा था उपयोग**
- **10 दिन में खपाए 60 हजार के नकली नोट, 300 रु. के बदले देता था 500 का नकली नोट**

### 3 बैग में मिले 2.83 करोड़ रुपए 500 के नोट की 566 गड्डियां



**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में सांवेर-उज्जैन रोड पर गुरुवार सुबह पुलिस ने तीन संदिग्ध बैगों से करीब 500 रुपए के नोटों की 566 गड्डियां बरामद की हैं। बैगों में नोटों के बीच अलग-अलग रंगों के कागज भी रखे थे। शुरुआती जांच में नोट असली जैसे दिखाई दे रहे हैं, हालांकि पुलिस ने इन नोटों की सत्यता की पुष्टि के लिए जांच शुरू कर दी है। ग्रामीण थाना पुलिस के मुताबिक सड़क किनारे लावारिस हालत में तीन बैग पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही टीआई गिरजाशंकर महोबिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पहले से ग्रामीणों की भीड़ जमा थी।

## आईपीएल में आज

**दिल्ली बनाम कोलकाता**
समय : रात 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**परिणाम: लखनऊ ने बेंगलुरु को 09 रनों से हराया।**

### अश्लील गाने पर नोरा फतेही ने मांगी माफी



- **महिला आयोग से बोलीं- अब नहीं करूंगी ऐसे आइटम सॉन्ग**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** फिल्म 'केडी: द डेविल' के गाने 'सरके चुनर' को लेकर विवादों में घिरी बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही गुरुवार को राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश हुईं। गाने में अश्लीलता फैलाने और महिलाओं की छवि को गलत तरीके से पेश करने के आरोपों के बीच नोरा ने आयोग को लिखित माफीनामा सौंपा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना या समाज में गलत संदेश देना नहीं था। नोरा ने महिला आयोग को भरोसा दिलाया कि भविष्य में वे ऐसे आइटम सॉन्ग नहीं करेंगी, जिनसे महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचे या महिलाओं को लेकर गलत संदेश जाए। माफी मांगने के साथ ही नोरा फतेही ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की घोषणा भी की।

## तमिलनाडु में सरकार गठन पर सस्पेंस बरकरार

# गवर्नर फिर बोले- 118 एमएलए का समर्थन दिखाइए, तभी शपथ

**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली तमिलगा वेट्टी कझगम (टीवीके) के लिए सत्ता तक पहुंचना फिलहाल आसान नहीं दिख रहा। पार्टी प्रमुख और अभिनेता विजय गुरुवार को लगातार दूसरे दिन राज्यपाल आरएन रवि से मिलने चेन्नई स्थित लोकभवन पहुंचे। करीब एक घंटे चली बैठक के बाद वे वहां से रवाना हो गए। सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल ने साफ कर दिया है कि सरकार बनाने का दावा पेश करने से पहले टीवीके को 118 विधायकों का समर्थन दिखाना होगा। यानी विजय तभी मुख्यमंत्री पद की शपथ ले पाएंगे, जब वे बहुमत साबित करने लायक संख्या जुटा लें।

**टीवीके को 6 विधायकों की दरकार:** विधानसभा में कुल 234 सीटें हैं। टीवीके ने 108 सीटें जीती हैं। विजय खुद दो सीटों से चुनाव जीते हैं और उन्हें एक सीट छोड़नी होगी। तब भी बहुमत का आंकड़ा 118 ही रहेगा। टीवीके को सरकार बनाने के लिए 11 और विधायकों के समर्थन की जरूरत है। फिलहाल कांग्रेस के 5 विधायक विजय को समर्थन देने का संकेत दे चुके हैं।



### अन्नाद्रमुक ने अपने 28 विधायक पुडुचेरी भेजे

इस बीच अन्नाद्रमुक ने अपने 28 विधायकों को पुडुचेरी के एक निजी रिसॉर्ट में भेज दिया है। सभी विधायक पूरनकुप्पम इलाके के रिसॉर्ट में ठहराए गए हैं।

**पार्टियों की बैठकें तेज:** चेन्नई में राजनीतिक बैठकों का दौर जारी है। वीसीके के राज्य सचिव वीरापांडियन ने बताया कि विजय ने उनकी पार्टी को पत्र लिखकर समर्थन मांगा है। इस मुद्दे पर पार्टी की आपात बैठक बुलाई गई है, जिसमें अंतिम फैसला लिया जाएगा। वहीं सीपीएम नेता पी. शन्मुगम ने कहा कि उनकी पार्टी भी शुक्रवार को बैठक कर टीवीके को समर्थन देने पर फैसला करेगी।

### बिना बहुमत के येदियुरप्पा ने ली थी शपथ

2018 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। 224 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, लेकिन बहुमत से दूर थी। दूसरी तरफ कांग्रेस और जनता दल (सेक्युलर) ने चुनाव के तुरंत बाद गठबंधन कर बहुमत का दावा पेश कर दिया था। इसके बावजूद तत्कालीन राज्यपाल वजुभाई वाला ने भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा को सरकार बनाने का न्योता दिया। येदियुरप्पा को सदन में बहुमत साबित करने के लिए समय दिया गया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद फ्लोर टेस्ट हुआ और बहुमत साबित न कर पाने पर उन्हें तीन दिन में इस्तीफा देना पड़ा।

## सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

### हर धार्मिक प्रथा को चुनौती देना सही नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सबरीमाला मामले की सुनवाई के दौरान धार्मिक प्रथाओं और परंपराओं को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि हर धार्मिक रिवाज को अदालत में चुनौती देना उचित नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि अगर ऐसा होने लगा तो इससे धर्म और समाज दोनों पर असर पड़ेगा और अदालतों में सैकड़ों याचिकाएं आने लगेंगी। यह टिप्पणी नौ जजों की संविधान पीठ ने की, जो धार्मिक स्वतंत्रता, महिलाओं के साथ भेदभाव और विभिन्न समुदायों की धार्मिक परंपराओं से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही है। इनमें सबरीमाला मंदिर से जुड़ा मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय का विवाद भी शामिल है।

## भोपाल नगर निगम के मुख्यालय 'अटल भवन' का लोकार्पण

# मेट्रोपॉलिटिन सिटी के रूप में विकसित हो रहा भोपाल, सुशासन का प्रतीक बनेगा भवन: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को भोपाल नगर निगम के नए मुख्यालय अटल भवन का लोकार्पण किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि भोपाल का विकास मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में हो रहा है। देश की क्लीन और ग्रीन कैपिटल, झीलों की नगरी भोपाल के नगर निगम का यह भवन सुशासन का प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भवन ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर आधारित है। यह भवन नागरिकों को सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए किया गया है।



सीएम ने नगर निगम भोपाल द्वारा नीमच के ग्राम देवरी में स्थापित 10.5 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना का लोकार्पण भी किया। इस भवन की बिजली आपूर्ति ओपन एक्सेस से नीमच के संयंत्र से की जाएगी। परिसर की पार्किंग में भी सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। यह भवन ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास और जनकल्याणकारी गतिविधियों से प्रदेशवासियों की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सफाई मित्रों को पीपीई किट प्रदान किए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लक्ष्मी बाई एवं काजल सटोरिया को आवंटन आदेश पत्र और मकान की चाबी प्रदान की।

# रिपोर्ट: सऊदी अरब के एयरस्पेस देने से इंकार के बाद रोका गया प्रोजेक्ट फ्रीडम

**तेहरान, वॉशिंगटन, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अब अमेरिका और सऊदी अरब के रिश्तों को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सऊदी अरब ने होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिकी सैन्य मिशन के लिए अपने एयरस्पेस और एयरबेस के इस्तेमाल की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' ऑपरेशन रोकना पड़ा।

रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका ने 4 मई को होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के लिए यह मिशन शुरू किया लेकिन केवल एक दिन बाद ही ट्रंप ने इसे रोकने का आदेश दे दिया। उस समय उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सलाह पर ऑपरेशन रोका गया लेकिन अब दावा किया जा रहा है कि असली वजह सऊदी अरब की नाराजगी थी। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को यह पसंद नहीं आया कि अमेरिका ने भरोसे में लिए बिना सैन्य अभियान की घोषणा कर दी। ट्रंप ने खुद सलमान से बातचीत की, लेकिन सहमति नहीं बन सकी।

इसी बीच अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की खबरें भी सामने आई हैं। दोनों के बीच 14 बिंदुओं वाला एक प्रारंभिक समझौता तैयार किया गया है।

### क्या है 'प्रोजेक्ट फ्रीडम'

होर्मुज स्ट्रेट में ईरान ने अमेरिकी और इजराइली हमलों के जवाब में जहाजों की आवाजाही पर दबाव बढ़ा दिया था। इसके बाद अमेरिका ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू किया, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय कार्गो और तेल जहाजों को सुरक्षित तरीके से होर्मुज पार कराना था। अमेरिकी प्रशासन ने इस मिशन का ऐलान खाड़ी देशों से पूरी सहमति लिए बिना कर दिया।

### राजस्थान में पूर्व मंत्री महेश जोशी गिरफ्तार



**जयपुर, जेएनएन।** राजस्थान में जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले की जांच के बीच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व मंत्री महेश जोशी को जयपुर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। करीब 900 करोड़ रुपए के कथित घोटाले की जांच कर रही एसीबी की एसआईटी ने यह कार्रवाई की। खास बात यह रही कि जिस दिन गिरफ्तारी हुई, उसी दिन महेश जोशी की शादी की सालगिरह भी थी। एसआईटी गुरुवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सैन कॉलोनी में महेश जोशी के घर पहुंची।

## नई स्टडी

### वैज्ञानिकों का दावा- मौत से पहले के पलों को समझने में मिल सकती है मदद

# बेहोशी में भी भाषा समझता रहता है इंसानी दिमाग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मौत से ठीक पहले इंसान के दिमाग में क्या होता है? यह सवाल सदियों से वैज्ञानिकों और आम लोगों को परेशान करता रहा है। अब अमेरिका के वैज्ञानिकों की एक नई रिसर्च ने इस रहस्य को समझने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है। अमेरिका के बेलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन के वैज्ञानिकों ने अपनी नई स्टडी में पाया है कि इंसान का दिमाग पूरी तरह बेहोशी की हालत में भी भाषा को समझने और प्रोसेस करने की क्षमता रखता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह खोज इस बात को समझने में मदद कर सकती है कि मौत से पहले के कुछ सेकंड में इंसानी दिमाग कैसे काम करता है। यह रिसर्च वैज्ञानिक जर्नल नेचर में प्रकाशित हुई है। स्टडी के मुताबिक, जब मरीज ऑपरेशन के दौरान जनरल एनेस्थीसिया यानी पूरी बेहोशी में थे, तब भी उनका दिमाग आसपास की आवाजों और भाषा को प्रोसेस कर रहा था। रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिक डॉ समीर सेठ ने कहा कि बेहोशी के दौरान भी दिमाग पहले की तुलना में कहीं ज्यादा सक्रिय रहता है। उन्होंने कहा, 'जब मरीज पूरी तरह बेहोश होते हैं, तब भी उनका दिमाग आसपास की दुनिया का विश्लेषण करता रहता है।'

### इस तरह किया गया प्रयोग

रिसर्च के लिए वैज्ञानिकों ने मिर्गी के ऑपरेशन से गुजर रहे मरीजों के दिमाग की गतिविधियों को रिकॉर्ड किया। ऑपरेशन के दौरान मरीज जनरल एनेस्थीसिया के असर में थे। यानी वे पूरी तरह बेहोश थे और उन्हें आसपास की कोई जानकारी नहीं थी। वैज्ञानिकों ने खासतौर पर दिमाग के हिप्पोकैम्पस हिस्से पर ध्यान दिया। यह हिस्सा याददाश्त और सीखने की प्रक्रिया से जुड़ा होता है। पहले मरीजों को लगातार एक जैसी आवाजें सुनाई गईं। बीच-बीच में अलग तरह की आवाज भी चलाई गई। वैज्ञानिकों ने पाया कि बेहोश दिमाग इन अलग आवाजों को पहचान पा रहा था।



### दिमाग ने कहानी के शब्द भी पहचाने

इसके बाद वैज्ञानिकों ने मरीजों को छोटी-छोटी कहानियां सुनाईं। हैरानी की बात यह रही कि बेहोशी की हालत में भी दिमाग शब्दों को पहचान रहा था। रिसर्च में पाया गया कि दिमाग संज्ञा, क्रिया और विशेषण जैसे अलग-अलग शब्दों में फर्क कर पा रहा था। इतना ही नहीं, दिमाग अगले आने वाले शब्द का अनुमान भी लगाने की कोशिश कर रहा था। रिसर्च से जुड़े डॉ बेंजामिन हेडन ने कहा कि आमतौर पर ऐसी क्षमता जागे हुए और सतर्क इंसान में देखी जाती है, लेकिन यहां यह बेहोशी की हालत में भी हो रहा था।

### चेतना को लेकर बदल सकती है सोच

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह रिसर्च इंसानी चेतना को लेकर हमारी मौजूदा समझ को चुनौती देती है। अब तक माना जाता था कि जटिल भाषा को समझने और अर्थ निकालने के लिए इंसान का पूरी तरह जागरूक होना जरूरी है। लेकिन इस स्टडी से पता चलता है कि दिमाग बिना चेतना के भी कई जटिल काम कर सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह रिसर्च भविष्य में बेहोशी, कोमा, चेतना और मौत से जुड़े मेडिकल विज्ञान को नई दिशा दे सकती है। इससे डॉक्टरों को यह समझने में मदद मिल सकती है कि बेहोश मरीज वास्तव में कितना महसूस या समझ रहे होते हैं।

# 9वीं मंजिल से फेंके कैश से भरे तीन बैग, हवा में उड़े नोट

## मोहाली: ईडी जांच में आया मंत्री अमन अरोरा का नाम



**चंडीगढ़, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को पंजाब के दो बड़े रियल एस्टेट समूहों के ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई फर्जी तरीके से चेंज ऑफ लैंड यूज हासिल करने और जमीन मालिकों व ग्राहकों के साथ करोड़ों रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले में की गई।

रेड के दौरान मोहाली में एक हाईराइज सोसाइटी से फिल्मी अंदाज में कैश से भरे बैग नीचे फेंके गए। इनमें से एक बैग फट गया और 500-500 रुपए के नोट हवा में उड़ते हुए सड़क पर बिखर गए। ईडी की जांच में आप नेता और पंजाब सरकार के मंत्री अमन अरोरा का नाम भी सामने आने के बाद पंजाब की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

### करीब 1 करोड़ रुपए जब्त

ईडी के मुताबिक अलग-अलग ठिकानों पर की गई तलाशी में अब तक करीब 1 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए हैं। जांच एजेंसी का कहना है कि यह पूरा मामला फर्जी सीएलयू, जाली दस्तावेज और रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में कथित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा हुआ है।

हालांकि अरोरा ने आरोपों से इनकार किया है। सुबह करीब 7 बजे ईडी की टीम मोहाली के खरड़ इलाके स्थित वेस्टर्न टावर्स सोसाइटी पहुंची। यहां एक कारोबारी के घर तलाशी ली जा रही थी। जांच एजेंसी के मुताबिक टीम को देखते ही पकड़े जाने के डर से नौवीं मंजिल से नकदी से भरे दो बैग नीचे फेंक दिए गए। नीचे पहले से एक ड्राइवर मौजूद था।



# कर्मफल दाता शनिदेव की जयंती 16 को, शनिश्चरी अमावस्या का दुर्लभ संयोग

### शनि मंदिरों में किया जाएगा तेल से अभिषेक, होंगे अनुष्ठान

**जागरण,रीवा।** इस बार ज्येष्ठ मास की अमावस्या बेहद खास है क्योंकि 16 मई को शनि जन्मोत्सव का दुर्लभ संयोग भी इस दिन बन रहा है। ज्योतिष की भाषा में इसे शनिश्चरी अमावस्या कहते हैं, जो दशकों में कभी-कभी ही इस दिन आती है। ज्योतिषाचार्यों की मानें तो शनि ग्रह की चाल सबसे धीमी है और यह एक राशि में ढाई साल तक टिकते हैं। यही वजह है कि इनका असर गहरा और लंबे समय तक रहता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को सूर्यपुत्र शनिदेव का जन्म हुआ था, इसलिए इस तिथि को शनि जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। शनि जन्मोत्सव के मौके पर शहर में शनि मंदिरों कोठी कम्पांउंड रीवा, चिरहुला परिसर, समान तिराहा मंदिर सहित अन्य में न्याय के देवता के दर्शन करने सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। सभी मंदिरों में तैयारियां जारी हैं।

### शनि की दशा चल रही है तो ये करें उपाय

अगर शनि की दशा आपको परेशान कर रही है, तो शनि जन्मोत्सव पर ये सरल उपाय आपको राहत दे सकते हैं, सरसों का तेल, काला कपड़ा, उड़द की दाल, काले तिल और लोहे की वस्तुएं जरूरतमंदों को दान करें। शनिदेव पर सरसों का तेल चढ़ाना, साढ़ेसाती और ढैया के कष्टों को कम करने का सबसे प्रभावी तरीका माना जाता है। इसके साथ ही ऊं शं शनैश्चराय नमः मंत्र का जाप करें और शनि चालीसा का पाठ करें।

### अमावस्या का समस्या

शनिदेव की आराधना के लिए यह समय सबसे सटीक है, जिसमें अमावस्या तिथि शुरू 16 मई को सुबह 5:11 बजे से व 17 मई को रात 01:30 बजे तक यह समाप्त होगी।

### आपकी राशि पर असर

वर्ष 2026 में शनिदेव मीन राशि में विराजमान रहेंगे। यह पर्व विशेष रूप से सिंह, धनु, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए अत्यंत शुभ रहने वाला है। इन राशियों के जातकों को कॅरियर में उन्नति और धन लाभ के योग बनेंगे। कुंभ, मीन और मेष राशि वालों को शनिदेव का पूजन करना चाहिए। धनु-सिंह पर मिलजुला प्रभाव रहेगा। शनि व्यक्ति के कर्म फल का हिसाब साफ करते हैं।



# ग्रहों के सेनापति मंगल 11 को जाएंगे मेष में

### थमेंगी आपदाएं, जीवन में आएगा बदलाव

जागरण,रीवा। ग्रह गोचर बदलने वाले हैं। ग्रहों के सेनापति मंगल अगले सप्ताह अपनी चाल बदलकर स्वराशि मेष में कदम रखने जा रहे हैं। ज्योतिषियों की मानें तो मंगल का यह कदम न केवल कुदरत के कहर को शांत करेगा, बल्कि कई राशियों की किस्मत का ताला भी खोल देगा। जायदाद के कारोबार में नई जान फूंकेगा। प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त में तेजी आएगी, हालांकि शेयर बाजार में स्थिरता बनी रहने की उम्मीद है। वहीं, 14 मई को शुक्र का मिथुन राशि में जाना सोने पर सुहागा जैसा होगा, जिससे विलासिता बढ़ेगी और रिश्तों में मिठास आएगी। 11 मई की दोपहर 12.40 बजे मंगल मीन राशि को विदा कह अपनी प्रिय राशि मेष में प्रवेश करेंगे। इस गोचर से रूचक राजयोग का निर्माण होगा। यह 44 दिनों का कालखंड लोगों में ऊर्जा, साहस और महत्वाकांक्षा का संचार करेगा। सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि मंगल और शनि की अशुभ युति समाप्त होने से प्राकृतिक आपदाओं के आने का खतरा काफी कम हो जाएगा। मंगल का यह पराक्रम मेष, मिथुन, वृश्चिक, सिंह और कुंभ राशि के लिए वरदान साबित हो सकता है। सेनापति का स्वभाव उग्र है, इसलिए जोश में होश न खोएं। जल्दबाजी में लिए गए फैसले भारी पड़ सकते हैं। ग्रहों की यह सर्जिकल स्ट्राइक बाजार और मौसम में बड़े बदलाव के संकेत दे रही है।

## थोड़ा सुधार हुआ लेकिन अब भी लिंगानुपात में कमी

# जेंडर रेशियो: रीवा-मऊगंज में 1 हजार बालकों के बीच जन्मीं 954 बालिकाएं

### शासन-प्रशासन के प्रयासों के बाद भी कम अनुपात, शहरी में ज्यादा जागरुकता



जागरण,रीवा

बेटा और बेटी के बीच भेदभाव समाप्त करने के लिए स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग भले ही तमाम जागरूकता अभियान चलाकर भेदभाव खत्म करने के प्रयास कर रहे हैं, बावजूद इसके लोग बेटा और बेटी में भेदभाव कर रहे हैं। यह बातें हम नहीं खुद स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट बता रही है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच रीवा-मऊगंज जिले का जेंडर रेशियो (लिंगानुपात) 954 रहा। यानी 1000 बालकों के बीच 954 बालिकाएं जन्मीं। चालू वर्ष के बीते 10 माह में 22193 बालक और 21179 बालिकाएं पैदा हुई हैं।

### 1014 फीमेल चाइल्ड कम पैदा हुई

आंकड़े बताते हैं कि इस वर्ष अप्रैल से जनवरी के बीच मेल चाइल्ड के मुकाबले 1014 फीमेल चाइल्ड का कम जन्म हुआ। वर्ष 2025-26 में भी रीवा जिले का जेंडर रेशियो एक हजार बालकों के बीच 1014 बालिकाओं का था। चालू वर्ष के आंकड़े बताते हैं जेंडर रेशियो में कुछ सुधार हुआ है।

### पुत्री मोह में ग्रामीण आगे

पुत्रीमोह की बात करें तो शहरी के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र के लोग आगे हैं। चिंता की बात यह है कि रीवा व मऊगंज के कई रीवा शहरी क्षेत्र सहित कुछ ब्लॉकों में भी स्थिति खराब है। जवा क्षेत्र का लिंगानुपात 997 है। 1000 बालकों के बीच 997 बालिकाओं ने जन्म लिया। आम तौर पर ऐसी धारणा रहती है कि ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहरी लोग अधिक जागरूक माने जाते हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े इसके विपरीत हैं।

### नए जिले मऊगंज में 981 लिंगानुपात

बता दें कि रीवा से अलग होकर बने नए जिले मऊगंज में बीते 12 माह के आंकड़े रीवा जिले से ठीक हैं। यहां लिंगानुपात रीवा से ज्यादा है। यहां 1000 बालकों के बीच में मात्र 981 बेटियां भी जन्म ली हैं। यहां लोगो में जागरुकता देखी जा रही है।

**संस्थावार मेल-फीमेल प्रसव...**

| संस्था | बालक | बालिका |
|---|---|---|
| रीवा शहरी | 9635 | 9267 |
| गंगेव | 1288 | 1155 |
| हनुमना | 1995 | 1809 |
| जवा | 1657 | 1652 |
| मऊगंज | 1976 | 1939 |
| नईगढ़ी | 1303 | 1294 |
| रायपुर कर्चु. | 1084 | 1046 |
| सिरमौर | 1757 | 1685 |
| त्योंथर | 1498 | 1359 |

> बेटा-बेटी में फर्क न समझने लोगों को जागरूक किया जा रहा है, पहले से लिंगानुपात में काफी सुधार हुआ है। लोग जागरूक भी हुए हैं।
> **डॉ.यत्नेश त्रिपाठी, सीएमएचओ रीवा।**

# भठे नाले-नालियों का पानी पंप लगाकर निकालना पड़ रहा

### महीनों से नहीं हुई सफाई



**जागरण, रीवा।** शहर के नगरिया क्षेत्र से रानी तालाब की ओर जाने वाले मार्ग के किनारे स्थित नाले-नालियों की लंबे समय से सफाई नहीं हुई, जिससे नाले-नालियां गंदगी से ऊपर तक भटे पड़े हैं, पानी निकलने के लिए जगह नहीं मिल रही, जिससे क्षेत्र के लोगों के घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी में भी परेशानी हो रही है। लंबे समय से साफ नहीं हुए नाले-नालियों में ऊपर तक भरा पानी पंप लगाकर नाली से बाहर निकालना पड़ रहा है। इस क्षेत्र के लोगों से पूछा गया कि नाले-नालियां कब साफ हुए थे, तो उन्होंने बताया कि उन्हें स्वयं ही नहीं पता कि कब इनकी सफाई की गई थी। नाले-नालियां हैं तो काफी गहरी, किन्तु ऊपर तक गंदगी भरी होने से इनकी गहराई का अनुमान ही नहीं लग पाता। कई बार शिकायत कर चुके, हमारे क्षेत्र के नाले-नालियों की दुर्दशा समाचार-पत्र के माध्यम से प्रकाशित हुई, शायद जिम्मेदारों को इस बारे में पता नहीं चल पाया। लोग भरी नालियों से परेशान हो रहे हैं, जगह-जगह खुली पड़ी गंदगी से परिपूर्ण नाले-नालियों से यहां के रहवासियों को खतरा भी बना रहता है, खासकर बच्चों को लोग बाहर नहीं निकलने देते, कई बार इन खुले नालों में मवेशी भी गिर जाते हैं, जिन्हें निगम के कर्मचारी ही आकर निकालते हैं, इसके बाद भी न तो समय-समय पर इन नालियों की सफाई की जाती है न ही इन्हें ढंका जा रहा है। गंदगी भरी नालियां मच्छर पनपने में सहायक रही हैं।

# नगर निगम में नेशनल लोक अदालत 9 मई को

### 2025-26 तक के बकाया करों पर 25 से 100 प्रतिशत तक छूट का सुनहरा अवसर

**जागरण, रीवा।** नगर निगम द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन 09 मई शनिवार को किया जा रहा है, जिसमें वर्ष 2025-26 तक के संपत्तिकर और जलकर बकाया भुगतान के अधिभार में 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक विशेष छूट प्रदान की जाएगी। इस संबंध में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। लोक अदालत नगर निगम कार्यालय टाउन हॉल सहित सभी चारों जोन कार्यालयों में सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित होगा। बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी बड़े बकायादारों को नोटिस का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा घर-घर संपर्क अभियान चलाकर करदाताओं को लोक अदालत में उपस्थित होकर बकाया जमा करने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही, निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप संपत्तिकर एवं जलकर की वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जो करदाता लोक अदालत के माध्यम से भुगतान नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध तालाबंदी एवं कुर्की की प्रारंभ की जाएगी। उपायुक्त द्विवेदी ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने बकाया करों का निपटान करें और अधिभार के साथ वैधानिक कार्रवाई से बचें। बैठक में उपायुक्त एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी, जलकर प्रभारी अभिमन्यू सिंह, राजस्व निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक राजस्व टीम के साथ मौजूद रहे।

# बाउण्ड्री के अंदर लगा दिया ट्रांसफार्मर, दो दिन पूर्व लग चुकी है आग

### गेट बंद होता तो हो सकता था बड़ा हादसा



**जागरण, रीवा।** फोर्ट रोड में मंगलवार को जिस ट्रांसफार्मर में आग लगी वह किसी की नीजि मकान में बाउण्ड्री के अंदर लगा हुआ है और ट्रांसफार्मर तक पहुंचने के लिए उस मकान के गेट से अंदर जाना पड़ता है, मंगलवार को जब टांसफार्मर में आग लगी उस समय इस मकान में रहने वाले लोग वहीं थे जिन्होंने तत्काल इसकी सूचना बिजली वितरण कंपनी को देकर बिजली बंद करवा दी। यदि इस मकान में लोगों की अनुपस्थिति के दौरान यह हादसा होता और गेट में ताला लगा होता तो इस स्थिति में क्या होता? न तो गेट खुल पाता न ही बिजली वितरण कंपनी के कर्मचारी अंदर जा पाते। फोर्ट रोड पहले से ही काफी संकरा है और आसपास मकानों के साथ ही दुकानें भी हैं, जिन्हें आग की चपेट में आने में अधिक समय नहीं लगता।

मकान की बाउंड्री के अंदर लगा ये एकमात्र ट्रांसफार्मर ही खतरनाक नहीं बल्कि अन्य स्थानों पर भी लगे ट्रांसफार्मर खतरनाक साबित हो सकते हैं, कहीं विद्यालय के गेट में तो कहीं बीच चौराहे पर ट्रांसफार्मर लगे हैं, जिनमें से कई के कटआउट बॉक्स के ढक्कन नदारद हैं जो खासकर बरसात के दौरान जानलेवा साबित हो सकते हैं।

# नालियों के ऊपर किए गए अवैध निर्माण को हटा पाने में निगम नाकाम

### हर साल बारिश में भर जाता है पानी, अधिक बारिश होने पर डूब जाते हैं मकान



**जागरण, रीवा।** शहर के रानी तालाब क्षेत्र में कई लोगों ने नाली के ऊपर अवैध निर्माण कर लिया है। किसी ने दीवार बनाकर नाली को अपनी जद में ले लिया है तो किसी ने चढ़ाव बना लिया है, जिससे नाली की सफाई करने में सफाई कामगारों को परेशानी होती है। नालियों के ऊपर किए गए अवैध स्थाई कब्जों के कारण प्रति वर्ष बरसात के दौरान रानी तालाब क्षेत्र में जल जमाव होता है, अधिक बारिश होने पर तो क्षेत्र के निचले घरों में पानी भर जाता है। हर बार बरसात के दौरान नगर निगम सहित बचाव अमला यहां पहुंचता है, किन्तु इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा।

रानी तालाब सहित आसपास के क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि जब भी यहां बरसात में हालात बेकाबू होते हैं, यहां के रहवासी नालियों के ऊपर किए गए अवैध निर्माण, नालों की सफाई का तकादा करते हैं, किन्तु जिम्मेदारों द्वारा उनकी बात को तवज्जो नहीं दी जाती। जब तक नालियों के ऊपर किया गया अवैध कब्जा नहीं हटता और नालियों की व्यवस्थित सफाई नहीं होती तब तक क्षेत्र के रहवासी इस समस्या से उबर नहीं पाएंगे। लोगों का कहना है कि पूर्व निगम आयुक्त को भी शिविर के दौरान इस समस्या से अवगत कराया गया था, जनसुनवाई में भी कुछ लोगों ने आवेदन दिए थे, किन्तु कब्जे नहीं हटे, वर्तमान में जिलाधीश और निगम आयुक्त दोनों नए आए हैं, जिनसे रानी तालाब क्षेत्र के लोगों को यहां की व्यवस्था सुधरने की उम्मीद है।

## सड़क पर तंबू गाड़कर हो रहे आयोजन, आवागमन में बाधा



**जागरणण, रीवा।** शादी-ब्याह के आयोजनों के चलते कुछ लोगों द्वारा सड़कों पर ही तम्बू गाड़कर सड़क बाधित कर आयोजन किए जा रहे हैं, जिससे वाहन चालकों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोग शादी समारोह के चलते घरों के सामने आधी से अधिक सड़क घेर लेते हैं, गुरुवार को मैदानी की ओर से दुआरी जाने वाली सड़क पर कोई आयोजन के चलते तम्बू लगा दिया गया, जिससे वाहन चालकों को यहां से निकलने में परेशान होना पड़ा, जबकि इस प्रकार के आयोजन करने व तम्बू लगाने के पूर्व शहर में नगर निगम से तो ग्राम पंचायत में पंचायत से अनुमति लेना अनिवार्य है, किन्तु लोग अनुमति लिए बिना ही सड़क घेर लेते हैं।

# पोड़ीधाम में स्वर्ण जयंती महामहोत्सव आज से प्रारंभ

**जागरण, रीवा।** स्वामी रामहर्षणदेवाचार्य महाराज द्वारा स्थापित श्री आचार्यपीठ पोड़ीधाम में स्वर्ण जयंती महामहोत्सव के तहत अनेक धार्मिक आयोजन धूमधाम से संपन्न होंगे। इस अवसर पर जगदगुरू रामानन्दाचार्य वल्लभाचार्य महाराज का 50 वां जन्मोत्सव स्वर्ण जयंती के रूप में मनाया जायेगा। संपूर्ण कार्यक्रम अखिल भारतीय रामहर्षण मण्डल के पदाधिकारियों एवं महंत रसिकेश्वरदास महाराज के सानिध्य में सम्पन्न होंगे। तैयारी बैठक में मण्डल के अध्यक्ष डॉ. अभिलाष त्रिपाठी, कार्यकारी अध्यक्ष विजय मिश्रा, सचिव बृजेन्द्र तिवारी, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी, अरविंद मिश्रा, रामहित द्विवेदी, आर.एस. उपाध्याय सतना, राजेश द्विवेदी सतना, अजय त्रिवेदी सतना राधेश्याम द्विवेदी सहित अनेक गुरुभाई शामिल रहे। इस अवसर पर विभिन्न तीर्थस्थलों सें पधारे दिव्य संतों द्वारा संत सम्मेलन में प्रवचन आदि जैसे विशाल आयोजन होंगे। स्वर्ण जयंती महामहोत्सव की शुरुआत आकर्षक विशाल कलशयात्रा से होगी। 09 मई से आचार्य महायज्ञ, रामार्चा महायज्ञ, गुरू अर्चा, श्रीमद्भागवत तथा रात्रि में वृंदावन की प्रसिद्ध मण्डली द्वारा रासलीला की जाएगी। यह महोत्सव अंतराष्ट्रीय ओजस्वी वक्ता वैष्णव संप्रदाय के जगदगुरु रामानन्दाचार्य वल्लभाचार्य महाराज रामहर्षण मैथिल संख्य पीठाधीश्वर के आशीर्वाद में संपन्न होगा। कार्यक्रम की जानकारी आश्रम के महंत रसिकेश्वरदास महाराज एवं अखिल भारतीय रामहर्षण मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा जानकारी देते हुये समस्त भक्तों से कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया गया है।

# बिजली तो नहीं मिल रही, बिल हजारों में दिए जा रहे

### मंगलवार शाम 6 बजे बंद हुई बिजली बुधवार शाम 4 बजे आई, आने के बाद दो-दो मिनट में होती रही बंद

**जागरण, रीवा।** बिजली वितरण कंपनी द्वारा शहर के बाहरी क्षेत्रों के साथ ही शहर से सटी ग्राम पंचायतों में बिजली तो नहीं दी जा रही बल्कि बिजली के बिल हजारों में दिए जा रहे हैं। दुआरी क्षेत्र की बिजली मंगलवार शाम 6 बजे से बंद हुई थी जो बुधवार शाम 4 बजे आई, बिजली आने के कुछ देर बाद फिर से बिजली बंद कर दी गई, इसके बाद बिजली की हर दो मिनट में आंख मिचौली चलती रही, बमुश्किल दो मिनट बिजली रहने के बाद फिर से बंद हो जाती, यह क्रम लगातार रात्रि एक बजे तक चलता रहा, बार-बार बिजली गुल होने से कई लोगों के घरों में लगे बल्ब खाक हो गए, किसी का टीवी बंद हो गया, किसी का मिक्सर जवाब दे गया तो किसी का कूलर बोल गया। लोगों ने बताया कि बिजली कटौती कब से कब तक होगी ये समय निर्धारित हो तो लोग इस समय के अनुसार अपने बिजली संबंधित कार्य कर लें, किन्तु बिजली कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं। बार-बार बिजली गुल होने से बिजली व्यवसाय से जुड़े व्यापारी आटा चक्की, कम्प्यूटर सेंटर, बिजली उपकरण सुधारने वाले, फोटो कॉपी, फोटो स्टुडियो संचालक हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं। ये स्थिति सिर्फ दुआरी ही नहीं बल्कि शहर के समीपस्थ लगभग अंचलों में देखने को मिल सकती है।

यहां के रहवासियों ने बताया कि कुछ समय पूर्व यहां पर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं, लोगों को बिजली तो नहीं मिल रही, किन्तु लोगों को बिल यथावत मिल रहे हैं। इस माह भी किसी को हजार रुपए का बिल मिला है तो किसी को इससे अधिक। कमर्शियल मीटरों का बिल भी 8 से 10 हजार रुपए रुपए आया है।

# नदियों के ग्रीन बेल्ट में रसूखदार कर रहे कब्जा

### मास्टर प्लान को लगा रहे पलीता, जिम्मेदार देखकर भी बने अनजान



**जागरण, रीवा।** रीवा शहर के सुव्यवस्थित विकास के लिए पहला विधिवत मास्टर प्लान 2021 में बना। मास्टर प्लान अप्रैल 2035 को 2022 में इसलिए निरस्त कर दिया गया कि इसके प्रकाशन में वैधानिक नियमों का पालन नहीं किया गया, जैसे सर्वे और योजना कार्यालय में बैठकर बनाए जाने के आरोप लगे, न कि मौके पर जाकर। ग्रीन बेल्ट में बदलाव औद्योगिक और ग्रीन बेल्ट एरिया को हटाकर आवासीय घोषित करने के प्रस्तावों पर सवाल उठे। पुरानी बस्तियों में सड़कों को चौड़ा करने के प्रस्ताव से हजारों लोगों के प्रभावित होने की आशंका थी जिसका तीव्र विरोध हुआ। जिसके चलते मास्टर प्लान को निरस्त करना पड़ा।

नए मास्टर प्लान में नदियों और तालाबों के किनारे ग्रीन बेल्ट (हरित क्षेत्र) को सुरक्षित रखने पर जोर दिया गया है। जिस पर पूर्व में अवैध निर्माण के कारण आपत्तियां उठी थी। लेकिन ग्रीन बेल्ट में अभी भी अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। जिसका उदाहरण देखा जा सकता है लाडली लक्ष्मी पथ पर। यहां एक मैरिज गार्डन के संचालक द्वारा बीहर नदी के ग्रीन बेल्ट को शादियों सहित अन्य आयोजन के लिए भोजनशाला बना दिया है जहां स्थाई रूप से बफर सिस्टम के लिए टेबलें आदि जमा कर रखी गई हैं। बताते हैं जिस अवैध कब्जे का जिन लोगों का दायित्व है वे ही यहां ग्रीन बेल्ट में बने रिशेप्सन में भोजन का स्वाािद चखकर जा चुके हैं। इसी मार्ग पर बने एक अन्य मैरिज गार्डन के संचालक ने शासकीय सड़क किनारे लगे पैवर्स बिना अनुमति लिए उखड़कर वहां सड़क बनवा दी, इतना ही नहीं, सड़क किनारे पौधे लगाने के लिए अपने हिसाब से जगह भी छोड़ी है, सड़क का निर्माण सिर्फ मैरिज गार्डन के सामने किया गया जिससे साबित होता है कि यह कार्य न तो निगम ने करवाया है न ही अन्य विभाग ने। बताने वाले तो यहां तक बताते हैं कि दोनों गार्डन रसूखदारों के हैं, जिन पर कार्यवाही नहीं की जा रही।

### अवैध कब्जे रोके जाएं तभी संभवू होगा मास्टर प्लान का क्रियान्वयन

नवीन मास्टर प्लान 2047 की दिशा में तैयार किया जा रहा है। जिसमें शहर की सीमा का विस्तार किया जा रहा है, आसपास के 88 गांव और दो तहसीलें रायपुर कर्चुलियान से मनगवां तक शामिल की जा रही हैं। लैंड यूज (भूमि उपयोग) के सही निर्धारण के लिए सेटेलाइट मैपिंग का उपयोग किया जा रहा है। नए प्लान में नदियों और तालाबों के किनारे ग्रीन बेल्ट (हरित क्षेत्र) को सुरक्षित रखने पर जोर दिया गया है। जिस पर पूर्व में अवैध निर्माण के कारण आपत्तियां उठी थी। इसके अलावा महानगर की तर्ज पर विकास, व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्र इंफ्रास्ट्रक्चर का भी ध्यान रखा गया है। परन्तु मास्टर प्लान का क्रियान्वयन तभी संभव हो पाएगा जब रसूखदारों द्वारा नदी, तालाब के ग्रीन बेल्ट में किए जा रहे अवैध कब्जों को रोका जाए।



## विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के लिये आवेदन निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये गये हैं। विदेश में उच्च शिक्षा जैसे शोध उपाधि उपरांत अध्ययन, पी.एच.डी. एवं स्नातकोत्तर करने हेतु चयनित अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है । इस योजना के तहत आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट ट्राइबल डाट एमपी डाट जीओव्ही डाट इन पर उपलब्ध है। योजना अंतर्गत अभ्यर्थियों का चयन वर्तमान प्रचलित योजना नियमों में प्रावधान अनुसार किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट ट्राइबल डाट एमपी डाट जीओव्ही डाट इन पर अथवा कार्यालय आयुक्त, जनजातीय कार्य, 59, आदि भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल/संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य एवं अनु. जाति विकास/सहायक आयुक्त एवं जिला संयोजक जनजातीय कार्य में उपस्थित होकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर (अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

## जिला अस्पताल को मिली बड़ी उपलब्धि

# मरीजों को सर्वाधिक निःशुल्क दवा उपलब्ध करा रहे, प्रदेश में टॉप पर



### प्रथम स्थान पर लंबे समय से बरकरार, मिल रही सुविधा

**जागरण, रीवा।** जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। यही वजह है कि अस्पताल में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। जांच सुविधाओं सहित दवाओं की सुविधा भी अस्पताल में मिलने से मरीजों को बड़ी राहत मिली है। इसी क्रम में अब जिला अस्पताल में दवाओं की संख्या और बढ़ गई है। यहां अब 442 तरह की जगह 456 तरह की दवाएं मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन दवाओं के बढ़ने के बाद जिला अस्पताल की रैंक प्रदेश भर में प्रथम स्थान पर आ गई है। इस मामले में रीवा जिला अस्पताल ने राजधानी के जिला अस्पताल को पीछे छोड़ दिया है। यानी कि रीवा का जिला अस्पताल प्रदेश का अब पहला ऐसा अस्पताल है जो यहां आने वाले मरीजों को सर्वाधिक प्रकार की दवाएं उपलब्ध करा रहा है।

**38 दवाओं के आर्डर किए :** बता दें कि इस उपलब्धि के साथ ही जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा आगामी मौसम को देखते हुए करीब 38 दवाओं के ऑर्डर भी करा दिए हैं, जो गर्मी व बरसात के दिनों में होने वाली बीमारियों में मरीजों को दी जाती हैं। मौसम में बदलाव के पहले ही इन दवाओं को स्टॉक कर लिया जाएगा ताकि मरीजों को दवाओं की कमी जिला अस्पताल में न पड़े।

### 530 तरह की दवाओं का है प्रावधान

प्रबंधन की मानें तो जिला अस्पताल में 530 तरह की दवाएं रखने का प्रावधान है, जिसमें 456 तरह की दवाएं वर्तमान में हैं। जिला अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि दवा स्टॉक खत्म होने से पहले ही ऑर्डर कर दी जाती हैं। कई बार ऑर्डर में देरी के कारण दवा नहीं पहुंच पाती, लेकिन मरीजों का इलाज प्रभावित नहीं होता। दवाओं के पर्याप्त स्टाफ से मरीजों को आर्थिक बोझ नहीं होता और उन्हें निःशुल्क दवाएं अस्पताल में मिल जाती है।

> जिला अस्पताल में वर्तमान में 456 तरह की दवाएं मरीजों को दी जा रही हैं। कुछ नई दवाओं का ऑर्डर किया गया है। रीवा जिला अस्पताल प्रदेश में प्रथम स्थान में हैं। आगामी मौसम को देखते हुए भी दवाएं ऑर्डर करा दी गई हैं।
> **डॉ.प्रतिभा मिश्रा, सिविल सर्जन जिला अस्पताल रीवा।**

# नवागत कलेक्टर की कार्यशैली के खिलाफ सड़क पर उतर आए कर्मचारी

### कमिश्नर से शिकायत कर दी काम बंद हड़ताल की चेतावनी, लगाए गंभीर आरोप

जागरण, रीवा

नवागत कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की कड़क कार्यशैली से परेशान होकर कर्मचारी इतना बौखला गये है कि उनके खिलाफ लामबंद होकर नारेबाजी करते हुए कमिश्नर कार्यालय का घेराव कर दिया और कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। रीवा जिले के इतिहास में नवागत कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पहले कलेक्टर बन गए हैं, जिनके खिलाफ जिलेभर के कर्मचारी एकजुट होकर खुलेआम सड़कों पर उतर आए हैं। कर्मचारियों ने काम बंद हड़ताल की चेतावनी दे दी है। कर्मचारियों ने कलेक्टर पर अनावश्यक दबाव और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। कर्मचारियों द्वारा कमिश्नर कार्यालय को घेराव किया गया और कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।



उल्लेखनीय है कि बुधवार को कलेक्टर की बैठक के दौरान एक महिला कर्मचारी के बेहोश हो जाने की घटना हो गई थी जिस पर आरोप लगाया गया कि महिला कर्मचारी काम के दबाव के कारण बेहोश हुई थी। उक्त महिला कर्मचारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के बाद ही महिला की हालत ठीक हुई थी। इस घटना के बाद गुरुवार को कर्मचारियों ने कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जिलेभर के कर्मचारी सड़क पर उतर आए। उन्होंने कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पर अनावश्यक दबाव बनाने के साथ ही दुर्व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया है। नाराज कर्मचारियों द्वारा कमिश्नर कार्यालय का घेराव किया गया। कमिश्नर को ज्ञापन सौंप कर कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ की शिकायत की गई। कर्मचारियों द्वारा यह भी कहा है कि यदि कलेक्टर और सीईओ का रवैया नहीं बदला तो सभी कर्मचारी कामबंद कर हड़ताल पर चले जाएंगे।

### टारगेट का दबाव, पेंडिंग प्रकरण बन गए मुसीबत

गौरतलब है कि नवागत कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के आने के बाद से कर्मचारियों पर टारगेट पूरा करने का दबाव बढ़ गया है। सालों की पेडेंसी अब कर्मचारियों के लिए सिरदर्द बन गई है। कलेक्टर का दबाव इतना बढ़ गया है कि कर्मचारियों की मानसिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। अचानक से काम पूरा करने का टारगेट मिल जाने से सालों का टारगेट कर्मचारी चंद दिनों में पूरा नहीं कर पा रहे हैं। इसके कारण ही उनकी हालत खराब हो रही है। कलेक्टर द्वारा धड़ाधड़ कार्रवाई किए जाने के कारण कर्मचारियों द्वारा उन्हें विलेन बना दिया गया है।

## उपभोक्ता को सूचित किए बिना बिजली विभाग ने बदल दिया कनेक्शन

**जागरण रीवा।** शहर में बिजली विभाग का एक ऐसा कारनामा सामने आया है जिसमें उपभोक्ता को बिना सूचना दिए उसके नाम का कनेक्शन किसी और के नाम कर दिया गया। इसका खुलासा तब हुआ जब उपभोक्ता चार दिन पहले बिजली का बिल जमा करने गया। कार्यालय से पता चला कि उनके नाम कनेक्शन ही नहीं है। यह मामला गोरहा तालाब निवासी विजय पुरवार तनय लालमन पुरवार का है। उनके द्वारा इसकी शिकायत मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन यंत्री से की गई है। उन्होंने बताया कि 10-15 साल पूर्व अपने नाम कनेक्शन लिया था और लगातार बिजली बिल का भुगतान करते आ रहे हैं लेकिन राजेश पुरवार द्वारा बगैर उन्हें सूचित किए विद्युत कनेक्शन अपने नाम कर लिया गया है। बिजली विभाग द्वारा नियम विरुद्ध इस कृत्य को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि राजेश पुरवार के नाम किया गया कनेक्शन हटाकर पूर्वज उनके नाम किया जाए। उन्होंने जानकारी दी है कि गोरहा तालाब में वे परिवार के साथ रहते हैं। सब लोग अपने अलग-अलग हिस्से रहते हैं।

# खाना कोई बना रहा, साल भर से राशि जा रही दूसरे के खाते में

**जागरण, रीवा।** ग्राम अमवा निवासी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जनसुनवाई में पहुंचकर शिकायत की है कि ग्राम की ईजीएस शाला में जो रसोइया भोजन बना रही है, पिछले एक वर्ष से उसके खाते में मानदेय जमा नहीं हुआ। जब समूह की पदाधिकारी व रसोइया ने इसकी पड़ताल की तो पता चला कि पूर्व में जो रसोइया यहां कार्य कर रही थी, राशि पिछले एक साल से उसके खाते में जा रही है, जबकि रसोइया के हटाने के बाद समूह द्वारा खाता नंबर बदलवाया गया था, किन्तु जिम्मेदार खाता नंबर न बदल पुराने खाते में राशि डाल रहे हैं। जिससे रसोइया को उसका अधिकार नहीं मिल रहा। समूह की शिवकुमारी सिंह, मीराबाई सिंह, मनागिरीया सिंह, प्रेमकली सिंह, हीराबाई, नेसनिया सिंह, रजनी सिंह, चेतना सिंह आदि ने खाता नंबर बदलकर रसोइया को राशि प्रदान करने की मांग की है।



# अजब है, मो.सलीम की पत्नी विवाहित है लेकिन समग्र में सलीम अविवाहित

### समग्र आईडी में सुधार के लिए कलेक्टर की अनुमति जरूरी, पहले नगरीय निकायों से हो जाता था आसानी से परिवर्तन

**जागरण,रीवा।** मो.सलीम की पत्नी समग्र आईडी में विवाहित है लेकिन सलीम के कॉलम में अविवाहित लिखा है। अब सलीम की वैवाहिक स्थिति को अविवाहित से विवाहित करने में समस्या आ रही है और यह सब हुआ है एक परिवर्तन के कारण। सामान्य से कार्य को कठिन बनाना तो कोई भोपाल में बैठे अधिकारियों से सीखे। जिस समग्र आईडी में सुधार के लिए नगरीय निकायों को अधिकार थे और कोई भी सुधार आसानी से हो जाता था, उसी में अब कलेक्टर के हस्ताक्षर की जरूरत पड़ने लगी है और जब तक कलेक्टर के हस्ताक्षर होते हैं तब तक कई दिन गुजर जाते हैं फिर सुधार कार्य भोपाल में होता है इसमें भी कुछ और दिन लग जाते हैं, इस बीच लोग चक्कर पे चक्कर काटते रहते हैं। ऐसा ही एक मामला और है और वह है कि मृतक का समग्र में मृत्यु का कारण प्राकृतिक हो गया था जिसके कारण अनुग्रह सहायता राशि 2 लाख दर्शित हो रही है जबकि मृतक की मृत्यु दुर्घटना में हुई थी, इसलिए उसके परिजनों को 4 लाख रुपयों की राशि का भुगतान होना है। इस मामले में भी सुधार के लिए कलेक्टर के पास प्रतिवेदन भेजा गया और जब वहाँ से आदेश हुए तब मामले में आगे की कार्रवाई शुरू हुई। मामला दरअसल यह है कि समग्र आईडी आजकल लगभग हर सरकारी कार्य में उपयोग हो रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए इसकी सबसे अधिक आवश्यकता पडती है। यहाँ तक की लाड़ली बहना योजना में भी समग्र की जरूरत पड़ी थी। समग्र में हुई किसी भी खामी को सुधारने के लिए पहले लोग नगर निगम, नगर पालिका, जनपद या ग्राम पंचायत के पास जाते थे और सुधार हो जाता था लेकिन बाद में इसके नियम में परिवर्तन कर दिया गया और अब पहले आवेदन लिए जाते हैं फिर इसका प्रतिवेदन कलेक्टर को दिया जाता है, वहाँ से अनुमति मिलने के बाद जानकारी भोपाल भेजी जाती है और फिर वहाँ से सुधार किया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में कई दिनों से लेकर कई महीने भी लग रहे हैं।

### पोर्टल में भी कई तरह की खामी

नगर निगम की तरफ से भी एक पत्र प्रबंधक एमपीएसईडीसी अरेरा हिल्स भोपाल को भेजा गया था, जिसमें उल्लेख है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल समस्त पेंशनर की प्रोफाइल अपडेशन का कार्य एसपीआर पोर्टल के माध्यम से किया जाता है। विगत कुछ माह से पेंशनर की वैवाहिक स्थिति अनायास ही समग्र पोर्टल पर अविवाहित परिवर्तित हो गई है जिससे पेंशनरों की पेंशन बंद हो जाती है।

### शादीशुदा महिलाओं को अविवाहित बता रहा पोर्टल

बताया जाता है कि एक नहीं दर्जनों महिलाएँ जो कि शादीशुदा हैं उनकी वैवाहिक स्थिति पोर्टल पर अविवाहित दिखाई जा रही है। ऐसे में महिलाओं के लिए परेशानी खड़ी हो गई है। वे किसी योजना में शामिल होने से डर रही हैं क्योंकि उन्हें समग्र के आधार पर दस्तावेज में अविवाहित लिखना होगा जो कि गलत होगा। जानकारों का कहना है कि कई मामलों में महिलाओं के पास दो तरह के दस्तावेज हो रहे हैं जिसमें एक में वे विवाहित की स्थिति में हैं वहीं दूसरे डॉक्यूमेंट उन्हें अविवाहित बता रहे हैं।

## रीवा और मऊगंज में 1.06 लाख वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान योजना के पात्र

# ईसीएचएस कार्डधारी और जिनका इंकार उनके हटाए गए नाम

### फिर से अभियान को गति देने में जुटा स्वास्थ्य विभाग

**जागरण,रीवा।** 70 से अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया बीते करीब डेढ वर्ष से चल रही है। रीवा और मऊगंज जिले में 1 लाख 44 हजार 334 वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान योजना के पात्र बताए गए थे, जिनके आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य स्वास्थ्य विभाग विभाग को दिया गया है। इस लक्ष्य में सीजीएचएस-ईसीएचएस कार्ड लाभार्थियों के नाम भी शामिल थे लेकिन कार्ड बनाने से इंकार करने वाले व कार्डधारियों के नाम काटने के बाद अब लक्ष्य 1.06 लाख बताया जा रहा है। बता दें कि आयुष्मान कार्ड 70 प्लस के आयु वर्ग के हर व्यक्ति का बनाया जाना है। जिसमें अन्य कार्ड धारी भी शामिल हैं। बीच में सीजीएचएस व ईसीएचएस कार्ड धारियों को लेकर सरकार की ओर से यह विकल्प दिया गया था कि हितग्राही दोनों में से कोई एक योजना का लाभ ले सकते हैं, लेकिन यह बात सामने आई कि सीजीएचएस-ईसीएचएस कार्ड लाभार्थी आयुष्मान कार्ड पर शिफ्ट नहीं होना चाहते। जिसकी बड़ी वजह उपचार सुविधाओं में बड़ा अंतर होना है। जिसके बाद कई हजारों की संख्या में नाम काट दिए गए।

### जिनका इंकार उनका नाम काटा जाए

ऐसे लोगों के लिए शासन ने ही आदेश जारी किए हैं कि उनका सर्वे कर उनकी सूची शासन स्तर पर उपलब्ध कराई गई ताकि उनके नाम लक्ष्य से हटाए जा सकें, जो इस योजना का लाभ नहीं लेना चाहते हैं व अन्य कार्ड से ही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेना चाहते हैं। सूत्रों की माने तो बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने जब मैदानी अमला घर-घर पहुंचा तो ऐसे कार्ड धारी बुजुर्गों ने कार्ड नहीं बनवाए। किसी बुजुर्ग ने आयुष्मान कार्ड बनवा लिया तो उनका दूसरा कार्ड डिएक्टिवेट हो गया, क्योंकि दोनों में किसी एक योजना की पात्रता ही मिल सकती है। अधिकारियों का कहना है कि यदि कोई अपनी इच्छा से सीजीएचएस छोड़कर आयुष्मान बनवाना चाहता है तो बनवा सकता है।




### अब तक बने करीब 40 हजार कार्ड

जानकारी के अनुसार रीवा और मऊगंज जिले में 28 अक्टूबर 2024 से बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने की शुरुआत हुई थी। तब से लेकर अब तक करीब 45 हजार आयुष्मान कार्ड ही बने हैं, जबकि समग्र डेटा बेस के अनुसार जिले में 1 लाख 44 हजार 334 वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य मिशन योजना के पात्र हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने और जल्द से जल्द बुजुर्गों तक आयुष्मान योजना का लाभ पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अलग-अलग संसाधनों का प्रयोग किया है, हालांकि फिर भी लक्ष्य अभी दूर है। बता दें कि नाम हटाए जाने के बाद करीब 1.06 लाख कार्ड बनाए जाने हैं।

# कलेक्टर ने करहिया मंडी गेहूं खरीदी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

### उपार्जित गेहूं की बोरी का तौल करा देखी गुणवत्ता

**रीवा।** लेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने करहिया मंडी गेहूं उपार्जन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपार्जित किये जा रहे गेहूं की बोरी का अपने सामने तौल कराया और गेहूं की गुणवत्ता को देखा। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि उपार्जित गेहूं का तेजी से परिवहन करायें। उन्होंने कहा कि अब बड़े किसानों का गेहूं आ रहा है जिससे आवक ज्यादा हो रही है। अतः परिवहन को और तेजी से करायें। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए खरीदी केन्द्र में की गई व्यवस्थाओं और सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। किसानों ने कलेक्टर को बताया कि खरीदी केन्द्र में सभी सुविधाएं की गई हैं। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिये कि मंडी में कैन्टीन का टेण्डर कराकर उसका संचालन सुनिश्चित करायें। उन्होंने मंडी परिसर में गंदगी पाये जाने पर संबंधित सफाई एजेंसी पर पांच हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश ताण्डेकर, महाप्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय सहित उपार्जन से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# दस हजार से एक लाख तक का मिलेगा ऋण

### अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों से आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 में डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अन्तर्गत जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों से आवदेन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदक की उम्र 18 से 55 वर्ष के बीच हो, आवेदक आयकर दाता न हो, जिले का निवासी हो एवं जाति तथा निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिये। आवेदक स्वरोजगार परियोजनाएँ हेतु दस हजार से एक लाख तक का ऋण हेतु आवेदन कर सकते है। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास एन.पी. पाठक ने बताया कि इस ऋण पर शासन द्वारा ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित/शेष ऋण पर 7 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दिया जायेगा एवं म.प्र. शासन द्वारा गारंटी फीस देय होगी। इच्छुक आवेदक एसएएमएसटी डाट एमपीआनलाइन डाट जीओव्ही डाट इन पोर्टल से आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये जिला अंत्यावसायी कार्यालय कमरा नंम्बर 3 प्रथम तल कलेक्ट्रेट रीवा में व्यक्तिगत रूप से कार्यालीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# अब 'फेंको' तकनीक से होगा मोतियाबिंद का फ्री इलाज, 35 हजार बचेंगे

### जिला अस्पताल में 20 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक फेंकोमल्सिफिकेशन मशीन इंस्टॉल की गई

**जागरण,रीवा।** जिला अस्पताल में आंखों के मरीजों के लिए राहत की खबर है। अब मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए मरीजों को निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और न ही चित्रकूट या फिर अन्य शहरों की ओर रूख करना पड़ेगी। इसके बदले भारी-भरकम फीस भी नही चुकानी होगी। अस्पताल में 20 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक फेंकोमल्सिफिकेशन मशीन इंस्टॉल हो गई है। खास बात यह है कि बाजार में जिस ऑपरेशन के 30 से 35 हजार रुपए लिए जाते हैं, वह जिला अस्पताल में पूरी तरह निःशुल्क होगा। लंबे समय से इस मशीन की मांग की जा रही थी। अब तक डॉक्टर हाथों से व पुरानी मशीन से मोतियाबिंद का ऑपरेशन करते थे। इसमें समय अधिक लगता था। संक्रमण या 1-2 प्रतिशत गड़बड़ी की आशंका बनी रहती थी। फेको मशीन आने के बाद अब ऑपरेशन पूरी तरह सटीक और सुरक्षित होंगे। नेत्र विशेषज्ञ डॉ.नेहा त्रिपाठी पहले ही इस मशीन का प्रशिक्षण ले चुकी हैं। इससे अब मरीजों को अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

### सालाना 1000 के पार होगा आंकड़ा

जिला अस्पताल में कुल 5 सैकड़ा से अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन हुए थे। स्वास्थ्य विभाग का अनुमान है कि नई मशीन आने के बाद यह संख्या दोगुनी हो जाएगी। अब लक्ष्य 1000 से अधिक ऑपरेशनों का रखा जाएगा। डॉ.नेहा त्रिपाठी के अनुसार ओपीडी में रोजाना करीब 50 मरीज आते हैं। इनमें से हर दस में से तीन मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत होती है। अब इन मरीजों को बेहतर और साइड इफेक्ट रहित इलाज मिल सकेगा।



### फेंको तकनीक के तीन बड़े फायदे

- मैन्युअल ऑपरेशन की तुलना में मशीन से किया गया ऑपरेशन अधिक सटीक होता है। इसमें 'ह्यूमन एरर' की गुंजाइश न के बराबर होती है।
- इसमें चीरा बहुत छोटा होता है। इससे घाव जल्दी भरता है। मरीज को अस्पताल में ज्यादा रुकना नहीं पड़ता।
- हाथ के स्पर्श के बिना मशीन से प्रक्रिया होने के का खतरा कारण इंफेक्शन कार खत्म म हो हो जाता है।

### मरीजों को मिलेगा लाभ

बता दें कि इसके पहले एक मशीन थी लेकिन पुरानी होने के कारण नई मशीन की अवश्यकता थी, गुरुवार को मशीन को स्टॉल भी कर दिया गया। अब मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। इसके साथ ही 5-5 लाख रुपए की दो ऑटो रेफ्क्ट्रोमीटर मशीन भी आई हैं। कुल मिलाकर जिला अस्पताल में नेत्र रोगियों को अब आधुनिक सुविधाओं के साथ उपचार मिलेगा। बता दें कि यहां पदस्थ विशेषज्ञ डॉ.नेहा तिवारी द्वारा सर्वाधिक मोतियाबिंद के आपरेशन किए जाते हैं, जिसकी प्रशंसा प्रदेश स्तर पर भी हो चुकी है।

> फेंको मशीन आंखों के मरीजों के लिए वरदान साबित होगी। यह पूरी तरह सुरक्षित है। इसके कोई साइड इफेक्ट नहीं हैं। मरीजों को नि:शुल्क इलाज मिलेगा।
> **डॉ.प्रतिभा मिश्रा, सिविल सर्जन जिला अस्पताल**

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# बदलाव के बाद अब वादे निभाने की बारी

असम और केंद्र शासित प्रदेश पुदुच्चेरी को छोड़ दिया जाए तो ताजा विधान सभा चुनाव परिणामों का प्रमुख संदेश यही है कि मतदाता बदलाव चाहते हैं। दो साल पहले अभिनेता से राजनेता बने जोसेफ विजय चंद्रशेखर (लोकप्रिय नाम विजय) द्वारा करीब दो साल पहले बनाई गई पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) की कामयाबी इसका बेहतरीन उदाहरण है। टीवीके ने तमिलनाडु के दो पुराने राजनीतिक दलों सत्ताधारी द्रमुक और अन्नाद्रमुक को न केवल चुनौती दी बल्कि सबसे बड़ा दल बनकर भी उभरी।

विजय ने अपनी विराट सितारा छवि और शक्ति का उपयोग एक 'परिवर्तनकारी' विकल्प के रूप में किया जिसमें नकद और सोने जैसी भारी मुफ्त सुविधाओं के ऐलान के साथ-साथ महिलाओं और युवा मतदाताओं को लक्षित करने वाली छात्रवृत्तियों के वादेभी शामिल थे। ये सभी बड़ी संख्या में मतदान करने आए।

केरलम में मतदाताओं ने अपनी पारंपरिक प्रवृत्ति की ओर लौटते हुए दो स्थापित राजनीतिक गठबंधनों की अदला-बदली जारी रखी है। कांग्रेस-नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने पिनाराई विजयन के लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट की ऐतिहासिक दो कार्यकालों की जीत को बड़े अंतर से पलट दिया।

सत्ताविरोधी भावना का सबसे स्पष्ट सबक पश्चिम बंगाल से निकला जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आखिरकार ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस को 15 साल के बाद सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने की अपनी हसरत पूरी कर ली। प्रदेश में दोनों चरणों में रिकॉर्ड मतदान हुआ था। तृणमूल कांग्रेस ने एसआईआर को चुनाव अभियान के केंद्र में रखकर गलत आकलन किया। परंतु इससे ममता बनर्जी के शासन की अस्थिर होती प्रकृति को कम करके दिखाने में कोई मदद नहीं मिली। निवेश में ठहराव, पार्टी में बढ़ता भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा को लेकर सहानुभूति का न होना और बढ़ती राजनीतिक हिंसा। इन सभी ने युवा मतदाताओं और महिलाओं को पार्टी से विमुख करने में अहम भूमिका निभाई।

तृणमूल कांग्रेस की सरकार का आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं का विरोध करना भी इसमें अहम हो सकता है। ममता बनर्जी की अल्पसंख्यकों को 'सुरक्षित' वोट बैंक के रूप में तुष्ट करने की नीति भी उनके खिलाफ गई। और इन सबके अलावा भाजपा एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में लोगों के सामने आई।

एक बार अंतिम परिणाम आने के बाद, शासन का वास्तविक कामकाज ही आने वाली सरकारों की क्षमता की परीक्षा लेगा। तमिलनाडु में, जहां टीवीके को सरकार बनाने के लिए संभवतः सहयोगियों की आवश्यकता होगी वहां विजय को यह आभास हो सकता है कि उच्च ऋण और राजकोषीय दबाव उनकी कल्याणकारी योजनाओं की उदारता को कम कर सकते हैं। उनके वादों में महिलाओं के लिए 2,500 रुपये मासिक भत्ता, गरीब महिलाओं के लिए विवाह सहायता (सोना और रेशमी साड़ी), मुफ्त रसोई गैस, परिवहन और स्वच्छता उत्पाद, छात्रवृत्तियां, प्रारंभिक ऋण और बहुत कुछ शामिल थे।

केरल में मुख्य चुनौती खाड़ी देशों में नौकरियों और वहां से धन प्रेषण में कमी के कारण उत्पन्न तात्कालिक संकट को संभालने की है जिसने लंबे समय से राज्य में आर्थिक वृद्धि और नौकरियों की कमी को छिपा रखा था। बहुलतावादी संस्कृति वाले पश्चिम बंगाल में, भाजपा के 'विकास' एजेंडे की परख अब बंगाली समाज के खुले सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के मुकाबले होगी। इन प्रतिस्पर्धी ताकतों को संतुलित करने के लिए भूमि कानूनों को उलटना, दशकों की राजनीतिक हिंसा को थामना और कई दशकों बाद राज्य को व्यवसाय-अनुकूल बनाना आवश्यक होगा। जैसा कि राजनीतिक दलों ने अतीत में भी महसूस किया है, चुनाव जीतने और शासन चलाने के बीच की खाई को पाटना एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो सकता है।

प्रसंगवश

# छात्रों की आत्महत्या के लिए संपूर्ण समाज दोषी

विगत दो महीने में चार विद्यार्थियों की आत्महत्या के बाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र को अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया गया है। आईआईटी, खड़गपुर में भी गत एक महीने में दो छात्रों और पिछले डेढ़ वर्ष में नौ छात्रों द्वारा की गई आत्महत्या मंथन करने को विवश करती है कि आखिर ऐसा हो क्यों रहा है? राष्ट्र की कुल जनसंख्या के लगभग 10.6 प्रतिशत लोग मानसिक समस्याओं से पीड़ित हैं। इनमें भी 18 से 29 वर्ष की आयु के आठ प्रतिशत युवा गंभीर मानसिक रोगों से घिरे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, यानी एनसीआरबी की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में घटित खुदकुशी की कुल घटनाओं में लगभग 7.6 प्रतिशत मामले छात्रों के होते हैं। आत्महत्या के लिए कहीं-न-कहीं पूरा समाज दोषी है। कभी दादा-दादी, नाना-नानी बच्चों को संवेदनात्मक खुराक उपलब्ध कराते थे। वहीं इंटरनेट के इस दौर में व्यक्ति सामाजिकता से दूर, भीड़ में अकेला है। बढ़ती मोबाइल संस्कृति, माता-पिता की अपने बच्चों में अपनी अतृप्त आकांक्षाओं को पूर्ण होते देखने की उत्कट अभिलाषा, व्यस्त और एकाकी जीवन में बच्चों के लिए घटता गुणवत्तापूर्ण समय, बढ़ते एकल परिवार, कमजोर पड़ता सामाजिक दायरा, पारिवारिक तनाव, गंभीर रोग, असफल प्रेम-प्रसंग, नशे का सेवन, मानसिक रोग व बेकाबू महत्वाकांक्षाएं, बेरोजगारी आदि ही आत्महत्या के हेतु हैं।

आज के अभिभावक जहां अपनी संतान की अच्छी परवरिश में विफल हैं, वहीं नई तकनीक ने आभासी मित्रों और आभासी संबंधों को गढ़कर 'ह्यूमन कनेक्शन' को बुरी तरह प्रभावित किया है। हमें यह समझना ही होगा कि किसी आईआईटी छात्र का आत्महत्या करना वस्तुतः सिर्फ उस परिवार, संस्था या देश का नुकसान नहीं है, अपितु इस पृथ्वी पर मानवता की अपूरणीय क्षति है। छात्रों के लिए परीक्षा में असफलता, नए माहौल में व्यवस्थित न हो पाना, हीन भावना और आपसी सद्भाव की कमी भी आत्महत्या के कारक हैं।




कोई प्रतिभा ऐसे ही नहीं निखरती, कोई सितारा ऐसे ही नहीं बनता, बल्कि उसमें पर्दे के पीछे कई लोगों का योगदान होता है, उनमें निरंतर बूढ़े होते माता-पिता, उनकी नींद, चैन और इच्छाओं का बलिदान निहित होता है। किशोर वय और युवावस्था में रात-दिन जाग-जागकर पढ़ाई करने से मुश्किल काम कोई नहीं। इसलिए यहां किसी शायर के शब्द प्रासंगिक जान पड़ रहे हैं- दिखाई नहीं देता, पर शामिल जरूर होता है/ हर खुदकुशी का कोई कातिल जरूर होता है। कुछ लोग जिंदगी की परेशानियो से बहुत जल्दी हार मान लेते हैं। थोड़ी भी मुश्किलें आईं कि वे मैदान छोड़ देते हैं। जो लोग आत्महत्या करते हैं, असल में दोष उनकी परवरिश में होता है। उनको बचपन में नहीं सिखाया गया होता कि कैसे मुश्किलों से लड़ना चाहिए। आखिर किसके जीवन में कठिनाइयां नहीं आतीं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि उसका समाधान निकालने के बजाय आत्महत्या कर ली जाए? यह गलत सोच है और अपने बच्चों को हमें इसके खिलाफ तैयार करना ही होगा।

जिंदगी हारने के लिए नहीं, लड़ने के लिए मिली है, इसलिए परेशान होकर अपनी जान लेने का कदम नहीं उठाना चाहिए। कुछ पल की कमजोरी, कुछ लोगों की गलत सोच और समाज का दबाव... और एक जिंदगी खत्म। अपने बच्चों को समझाएं कि समस्या कितनी भी बड़ी हो, उसका हल आत्महत्या नहीं। जो लोग आपको तोड़ते हैं, वही आपके हारने का कारण नहीं बनने चाहिए। मां-बाप और परिवार का सहारा बनो, उनका सहारा मत छीनो। जिंदगी में परेशानी है, तो लड़ो, बात करो, किसी की मदद लो, लेकिन इस तरह का गलत कदम मत उठाओ। यह फैसला सिर्फ आपको नहीं, आपके पूरे परिवार को तबाह कर देता है। हार मानकर हथियार डाल देना आसान है, पर लड़कर जीतना ही असली बहादुरी है। अगर आप या आपका कोई दोस्त परेशान है, तो उससे बात करें। उसे अकेला न छोड़ें। मदद लेना कमजोरी नहीं, समझदारी है। आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है। मुश्किल वक्त में टूटना नहीं, संभलना सीखें, परिवार और अपनों से बात करें, अकेले न रहें।

# मातृ देवो भव-पितृ देवो भव...






भारत राष्ट्र में हिन्दू धर्म को मानने वाले करोड़ों लोग... अपने-अपने पितरों का श्राद्ध पर्व मनाते हैं... पितरों का तर्पण...ब्राह्मणों का भोजन... घर के आसपास उड़ते हुए काग को रोटी का टुकड़ा देना... हमारी रीति-रिवाजों के सदियों पुराने अभिन्न अंग हैं... यह मान्यता है कि जो संतानें अपने पितरों का अर्पण-तर्पण नहीं करतीं... उनसे उनके स्वर्गवासी माता-पिता... दादा-दादी... नाना-नानी या दूसरे निकट के संबंधियों कि आत्माएँ अतृप्त हो जाती हैं... उनसे रुष्ट हो जाती हैं... उनसे नाराज हो जाती हैं... और... फिर हम जिनकी संतानें हैं... उनकी आत्माएँ हमसे नाराज होकर हमारी सुख-शांति तथा भौतिक समृद्धि हमसे छीन लेती हैं...

शायद पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा की अपेक्षा पितरों का श्राद्ध करने के पीछे यह डर हम हिन्दुओं के मन में ज्यादा गहरा बैठा हुआ है...वरना भला कौन-सा कारण हो सकता है कि हम यह मान बैठें कि पूरे साल गुलछर्रे उड़ाएं बीवी-बच्चों के साथ... या फिर अपने काम-धंधों में रोज की दुनियाँदारी में... इतने अधिक मशगूल हो जाएँ कि हमें अपने स्वर्गवासी पितर तो दूर की बात... हाड़-माँस के जीते-जागते अपने वृद्ध माता-पिता या पितामह की चिन्ता न रह जाए... जो कि घर में उपेक्षा का शिकार होते हैं... ग्लानि और अपमान की घुटन में सांस लेते हमारे जीवित पितृ पुरुष... हमें जन्म देने वाले... हमें हमारी पंचतत्व की यह काया देने वाले...हमारे जन्मदाता बुजुर्ग... घर में रहते हुए भी... अलगाव की जिन्दगी जीने पर मजबूर होते रहते हैं परन्तु फिर भी उनकी अपनी तमाम मजबूरी और लाचारी के बाद भी... उनके हृदयों से हमारे लिए नेकी बरसती रहती है... रहमत बरसती रहती है... और... उनके होठों से अपनी संतानों के लिए हमेशा दुआ निकलती रहती है...

कितना खुदगर्ज हो गया है आज का इंसान... लालच सिर्फ लालच भरा है उसके मन में... उसके दिमाग में... जवानी में वासना की लालच ... ताकत का लालच... प्रौढ़ावस्था में धन का लालच... बच्चों की लालच... कई बार मैं सोचता हूँ कि... इन तमाम लालचों के बीच में... माता-पिता की सेवा करने की लालच... आज के इस कलयुग में उनकी संतानों के मन में क्यों नहीं आती?

कभी द्रवित होकर पीड़ा के ऐसे ही क्षणों में मेरी कलम लिख बैठी थी-

**लालच की बयार**
**उड़ा ले गई रिश्तों का प्यार**
**सोंधे अल्हड़ रिश्तों की सुगंध**
**चुरा ले गया स्वार्थ...**
**अब हैं सड़ाँध मारते रिश्ते**
**दम तोड़ती 'कुल' परम्पराएं**
**आँखों में उतरती बेशर्मी**
**घर-घर की हैं चर्चाएँ...**
**माँ के आँचल का नीर**
**पिता की आशीष भरी झिड़कियाँ**
**भाइयों के बचपन की किलकारियाँ**
**बहना की राखी का दुलार**
**भूल गया सब क्यों आज का इंसान...**
**पैसा बस पैसा सिर्फ पैसा**
**पैसा जो न खुदा है**
**न है भगवान**
**फिर आज की मंजिल पैसा क्यों ...**
**जिसका न कोई धर्म न ईमान**
**हर रास्ते का एक ही अंत**
**हर किसी की एक मंजिल**
**उसे काशी कहो या कहो काबा**
**मरने के बाद**
**सबका एक ही रास्ता**
**रब से वास्ता... रब से वास्ता...**

आइए हम सब अपने-अपने हृदयों पर हाथ रखकर... एकांत कमरे में रोशनी मँद कर... सच्चे दिल से यह सोचें कि... हममें से कितनों ने अपनी उस माँ की सच्ची सेवा की है... जिसने हमें नौ महीने अपनी कोख रखा...अपने स्तन का अमृत जैसा दूध जिसने हमें पिलाया... हम जब-जब बीमार हुए तो उसने बिना सोए... बिना थके कई-कई रात... कई-कई दिन हमारी सेवा की... हमें..अंगुली थामकर चलना सिखाया... लोरियाँ गा-गाकर जिसने हमें सुलाया... जब-जब काँटा हमें चुभा...दर्द हमारी मां को हुआ...

माँ का हृदय तो गुलाब की पँखुड़ियों से भी ज्यादा कोमल होता है... माँ का हृदय... माँ का प्रेम... माँ की करुणा... माँ की ममता ऐसी होती है...कहा जाता है कि दुनिया में सब कुछ नकली हो सकता है... लेकिन माँ नकली नहीं हो सकती... माँ की ममता... माँ का प्यार... माँ का दुलार कभी नकली नहीं हो सकता...माँ यह शब्द हमारे जीवन की धड़कनों में रच-बस गया है... इस शब्द नें हमें कई महत्वपूर्ण शब्दों से जोड़ा है... माँ... महात्मा में भी 'मा' है...आत्मा में भी 'मा' है... परमात्मा में 'मा' है... धर्मात्मा मे भी 'मा' है... इस शब्द से हमे जीवन के अर्थ मिलते हैं...

**माँ**
**पहले आँसू आते थे**
**और तू याद आती थी तू**
**आज तू याद आती है**
**और आँसू आते हैं...**

सोचें और गंभीरता से सोचें कि... कितनी सेवा की हमने अपनी माँ की ? अपने पिता की?... जो माता-पिता हमारा ब्याह कराकर बड़े चाव से घर पुत्रवधू लेकर आए... वही माता-पिता जैसे-जैसे बूढ़े होते गए... वैसे-वैसे कभी हमारी... तो कभी हमारी पत्नी की... तो कभी हमारे बच्चों की... उपेक्षा का... अवमानना का... प्रताड़ना का... शिकार होते चले गए...

समय बीतने के साथ-साथ माता-पिता शायद हमारे ही अपने घरों में बुड्ढा-बुढ़िया बनकर दम तोड़ते चले गए... और हम साल में सिर्फ एक बार तीन अंजुली जल और दो ग्रास रोटी के देकर उनका श्राद्ध कर दें तो क्या... उससे उनकी आत्माएँ तृप्त हो जाएँगी... ? क्यों हम भूलते हैं कि जैसी फसल हम बोते हैं वैसी ही काटते भी तो हैं... यदि हम अपने माता-पिता की उपेक्षा करते हैं...तो स्वयं अपने बूढ़े होने पर उससे भी बुरी... उससे भी ज्यादा अपनी उपेक्षा अपनी संतानों के द्वारा किए जाने के लिए हमें तैयार रहना चाहिए...

कोई शबेबारात मनाता है... तो कोई श्राद्ध करता है... कोई मुसलमान कब्र पर चिराग जलाता है... तो कोई हिन्दू आत्माओं का तर्पण करता है... लेकिन कितने हैं जो मरने के बाद नित्य प्रति श्रद्धा से याद करते हैं अपने माता-पिता को... हम में से कितने हैं जो उन्हें नित्य प्रति तीन आचमनी जल चढ़ाते हैं... ? भला कितने लोग हैं जो रोज-ब-रोज जब खुदा को सजदा करते हैं... तब अपने वालिदों की याद में भी सजदा करते हैं ?

क्या बेहतर नहीं होगा कि रोज की इस भागमभाग और पैसे के पागलपन से भरी हुई इस जिन्दगी में जो अभागे लोग माँ-बाप... दादा-दादी को खो चुके हैं... वह कम से कम इस बात का चिन्तन करें... मनन करें... और फिर संकल्प करें कि... सिर्फ श्राद्ध में नहीं बल्कि रोज पूरे वर्ष... पूरी उम्र ... नित्य प्रति स्नान करने के बाद जब वो भगवान के चित्र के सामने अगरबत्ती जलाते हैं... तब वह रोज दूसरी अगरबत्ती अपने स्वर्गीय माता-पिता के चित्र के आगे भी जरूर जलाएँगे... जो लोग भगवान की पूजा करते हैं उन्हें यह तय करना चाहिए कि... वह रोज जब तक उनके माँ-बाप जिन्दा हैं तब तक... भगवान की पूजा के बाद माँ-बाप की पूजा भी जरूर करेंगे... अर्थात उन्हें प्रणाम कर... उनका आर्शीवाद रोज़ प्राप्त करेंगे...

भारतीय संस्कारों पर आज पश्चिम का प्रभुत्व छाता जा रहा है... पश्चिम की विषाक्त सभ्यता में अब माता-पिता का कोई स्थान और सम्मान ही कहाँ है...? लेकिन हम पूरबवासियों के संस्कार तो माता-पिता को भगवान से भी पहले पूजने के हैं... हमें हमारे इन्हीं संस्कारों ने तो विश्व गुरु बनाया है...

**बच्चे भी कब हैं जकते,**
**नहीं पराया मुँह तकते।**
**बाप जमाकर जाते हैं,**
**तब आप कमाकर खाते हैं ।।**
**वे अविचल उद्योगी हैं,**
**तब भव-वैभव भोगी हैं।**
**सम्मुख हैं दृष्टांत खड़े,**
**फिर भी तुम किस लिए पढ़े ।।**
**आप आत्म-उद्धरण करो कुछ न बने,**
**अनुकरण करो।**
**पुरुषोत्म के तुम अंशज हो,**
**उन ऋषियों के वंशज हो ।।**
**प्रकट हुई जिनके द्वारा,**
**विश्व धर्म की ध्रुव-धारा ।**
**यहीं तुम्हारी व्याप्ति नहीं,**
**तनु के साथ समाप्ति नहीं ।।**
**तुम्हें वहाँ भी है जाना,**
**हुआ जहाँ से है आना।**
**उनको इसका ध्यान नहीं,**
**जो कुछ है विज्ञान यहीं ।।**
**यही जगत उनका घर है,**
**किंतु तुम्हारा पथ भर है।**
**रम्य रहे इसकी रचना,**
**पर विलासिता से बचना ।।**
**ईष्ट हमें है वह जीना,**
**मरने से जो न जाए छीना ।**
**तुम आप न यहाँ आए हो,**
**कुछ संदेशा लाए हो ।।**
**तुमको उसे सुनाना है,**
**सबको यह बतलाना है।**
**हुए नहीं तुम मरने को,**
**आए हो कुछ करने को।**
**पश्चिम पथ में भूला है,**
**मिथ्या मद में फूला है ।**
**'मैं' के साथ वहाँ 'तू' है,**
**'मैं' में भरी यहाँ 'भू' है।**
**नेपौलियन वहाँ होते,**
**तुममें बुद्ध-बौद्ध बोते ।।**
**अधिकृत करके हृदयासन,**
**तुमने किया लोक शासन ।**
**लिए कमंडलु हि कर में,**
**पूजित हुए विश्वभर में ।।**
**तुम कितने बड़भागी थे,**
**नृप होकर भी त्यागी थे।**
**फिर आत्मा परीक्षा दो,**
**नृप बनकर गुरुदीक्षा दो ।।**
**(मैथिलीशरण गुप्त)**

माँ-बाप की पूजा है... उनकी नेकियों... उनकी रहमतों... और उनके सद्कर्मों को... याद करते हुए उनके श्री चरणों में श्रद्धा से सिर झुका देना... याद रखिए... माता-पिता जीते-जागते लक्ष्मीनारायण का रूप हैं... उनके एक आशीर्वाद से आपको दुनिया की सारी सुख-सम्पदा मिल सकती है... माता-पिता... पितृ-पितर कभी भी अपनी संतानों से नाराज या रुष्ट नहीं होते... वह तो हमेशा अपनी संतानों को सुख... समृद्धि... का आशीष देते हैं... जीवन भर वह अपनी औलादों को पालते-पोसते हैं और मृत्यु के बाद भी वह संस्कार बन संतानों को शुभ पथ का प्रदर्शन करते हैं... आवश्यकता है बस उनके आगे श्रद्धा से... प्रेम से... वात्सल्य पूर्ण ढंग से शीश नवाने की...

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

समाज और संस्कृति

अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता

# हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है सोमनाथ



नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

जय सोमनाथ! वर्ष 2026 की शुरुआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं,हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है।

हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा हैः प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है! जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा। यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। ।ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा। बड़ौदा के गायकवाड़ों ने तीर्थयात्रियों के अधिकारों की रक्षा की।

1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में एक बात जो उन्हें बहुत व्यथित करती थी, वह थी- सोमनाथ की दुर्दशा। 13 नवंबर 1947 को, दिवाली के समय, उन्होंने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया, ' 'इस (गुजराती) नववर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। ।'' उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नए उत्साह से भर दिया।

दुर्भाग्यवश, सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होते नहीं देख सके, जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। इससे पहले कि जीर्णोद्धार के बाद सोमनाथ मंदिर भक्तों के लिए खुलता, उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। इसके बावजूद, प्रभास पाटन की पावन धरती पर उनका प्रभाव निरंतर महसूस किया जाता रहा है। उनके विजन को के.एम. मुंशी ने आगे बढ़ाया, जिन्हें नवानगर के जामसाहेब का समर्थन मिला। 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा होने पर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। 11 मई 1951 को अपने भाषण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यह मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण से सरदार पटेल का सपना साकार हुआ है। पिछले एक दशक से हम इसी मार्ग पर चल रहे हैं।




'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र से प्रेरित होकर सोमनाथ से काशी, कामाख्या से केदारनाथ, अयोध्या से उज्जैन और त्रयंबकेश्वर से श्रीशैलम तक, हमने अपने आध्यात्मिक केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया है। इसके साथ ही उनकी पारंपरिक पहचान को भी बनाए रखा है।

आज बेहतर कनेक्टिविटी के चलते पहले की तुलना में ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आ पा रहे हैं। सोमनाथ की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। सोमनाथ अपनी गौरवशाली परंपरा के साथ हमेशा खड़ा रहेगा, क्योंकि यह हमारी साझा सभ्यता का प्रतीक है। इसी गौरव को नमन करते हुए अगले एक हजार दिनों तक यहां विशेष पूजा आयोजित की जाएगी। सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि जब कोई समाज अपनी आस्था, अपनी संस्कृति और अपनी एकता से जुड़ा रहता है, तब उसे लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि इस पावन अवसर पर पवित्र सोमनाथ धाम की यात्रा करें और इसकी भव्यता के साक्षात दर्शन करें। वहां आप भारत की उस अपराजित आत्मा का अनुभव करेंगे, जिसने हर आघात के बावजूद अपनी पहचान और अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखा। आप समझ पाएंगे कि इतने प्रयासों के बाद भी क्यों हमारी सभ्यता मिट नहीं सकी। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

खुला मंच

# ईमानदारी और बाहरी खाना खाने का चस्का

राकेश सोहम

लो जी! अब कमर्शियल सिलेंडरों के दाम ताबड़तोड़ बढ़ गए। सो होटलों का खाना महंगा होने की खबर है। होटलों में खाने के शौकीन और ऑनलाइन बुलाकर खाने वाले लोग दुखी हैं। बुद्धि खाने पर जा अटकी है। खाने के बहाने नाना प्रकार के खाने के विचार खाए जा रहे हैं। 'खाने-पीने' वाले लोगों के अनुसार, जागरूकता के कुछ कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य 'खाना' रोक देने से होता है? इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों पर न खाने के लिए फालतू का दबाव बनाया जाता है। वहीं ईमानदारी की बीमारी से पीड़ित व्यक्ति दाल-खाना, भात-खाना, रोटी-खाना के जुगाड़ से ऊपर नहीं उठ पाता। वह 'खाना' को मात्र एक क्रिया मानता है। जिसमें ईश्वर प्रदत्त मुख से अन्न को उदरस्थ किया जाता है ताकि मानव काया सक्रिय और परोपकार के काम में लग सके। इसके इतर 'खाने' के बारे में सोचना भी वह पाप समझता है।

विडंबना यह है कि ईमानदारी की बीमारी से पीड़ित व्यक्ति जहां-जहां भी जाता है, तथाकथित 'खाना' पीछा नहीं छोड़ता। इस घोर कलियुग में वह बेजान-सा ईमानदारी-का-पुतला साबित होता है। अस्पतालों के बाहर बड़े-बड़े अक्षरों में 'खैराती-दवाखाना' लिखा होता है। वहां पर डॉक्टर अक्सर नदारद रहते हैं। लाचार मरीज 'सब्र-खाता' हुआ बैठा रहता है। यहां के दवा-वितरण-केंद्र 'दवाखाना' के नाम को चरितार्थ करते हुए दवाएं खा जाते हैं। मरीज सुबह की ताजी 'हवा-खाना' जैसे प्राकृतिक इलाज के भरोसे भटकते हैं।

किसी निर्दयी व्यक्ति ने हमारे ईमानदारी के पुतले को ताना कसा, 'साहब! आप वह खाइएगा जिसे लोग खुलेआम नहीं खाते, बल्कि चुपके-चुपके खाते हैं, जैसे घूस-खाना या रिश्वत-खाना। आजकल इस खाने की होड़-सी लगी हुई है।' ईमानदार क्रोधित हो उठा और बोला, 'नीति शिक्षा कहती है, डांट-खाना, हाथ-खाना, लात कभी भी मत खाना समझे। ये निम्नस्तरीय खाना हैं। रिश्वतखोरों और बेईमानों का बुरा हश्र होता है। चोर-उचक्कों को चप्पल और जूते भी खाना पड़ते हैं।' 'नेताओं द्वारा 'वोट-खाकर', ऐश से 'नोट-खाने' की पुरानी परम्परा है। इसलिए श्रीमान! ईमानदारी को रोज-रोज ओढ़ने और बिछाने के चक्कर में खाने के लाले पड़ सकते हैं।' निर्दयी व्यक्ति ने चंपत होने के पूर्व ताना कसा। ईमानदार ताने को आत्मसात? करके सोचने लगा, 'हे भगवान! लोग भेजा-खाना या दिमाग-खाना कब छोड़ेंगे?' फिर गंतव्य की ओर बढ़ते हुए उसके क़दमों में एक भरोसा बलवती हो रहा था कि भ्रष्टाचार के सामने वह मात नहीं खाएगा।

# एमपी बोर्ड की द्वितीय परीक्षा का हुआ आगाज

## पहले दिन हिंदी में 75 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

### रीवा-मऊगंज के 22 केंद्रों में आयोजित की जा रही है परीक्षा

जागरण, रीवा

माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। 7 मई से हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल बोर्ड परीक्षा शुरू हो चुकी है। गुरुवार को हिंदी की परीक्षा का आयोजन किया गया। हाई स्कूल हिंदी की परीक्षा में दर्ज 1146 परीक्षार्थियों में से 1071 छात्र अनुपस्थित रहे। ज्ञात हो कि द्वितीय परीक्षा में 10वीं व 12वीं के कुल 15517 छात्र परीक्षा दे रहे हैं। इन छात्रों के हिसाब से ही परीक्षा के इंतजाम किए गए हैं। बताया गया कि परीक्षा के लिए रीवा और मऊगंज मिलाकर कुल 22 केन्द्र बनाए गए हैं, इन केन्द्रों से संबंधित थानों में परीक्षा कॉपी और पेपर पहुंचा दिए गए है। बताया गया कि रीवा में 17 केन्द्र और मऊगंज में 5 केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। बताया गया कि 26 मई तक परीक्षा चलेगी। छात्र केवल उन्हीं विषयों की परीक्षा दे रहे हैं जिनमें वह कम अंक लाए थे।



**शहरी क्षेत्र के ज्यादा छात्र अनुपस्थित**

द्वितीय बोर्ड परीक्षा के पहले दिन ज्यादातर शहर क्षेत्र के छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहे। शहरी क्षेत्र में कुल 30 छात्र अनुपस्थित रहे, यहां 427 छात्रों को शामिल होना था लेकिन 397 छात्र ही शामिल हो सके। रायपुर में अनुपस्थित छात्रों की संख्या शून्य रही व त्योंथर में मात्र 1 छात्र अनुपस्थित रहा।

**12वीं की परीक्षा आज से**

बता दें कि हायर सेकेंडरी की द्वितीय परीक्षा भी गुरुवार से शुरू हो गई लेकिन पहले दिन बायोटेक्नालॉजी, गायन वादन व तबला पखावज विषय की परीक्षा थी लेकिन इस विषय के छात्र न होने की वजह से परीक्षा का आयोजन नहीं हुआ। आज 12वीं में हिंदी विषय की परीक्षा से आगाज होगा। 10वी में चित्रकला, गायन वादन, तबला पखावज व कंम्प्यूटर की परीक्षा आज होगी।

### दल ने किया निरीक्षण

डीईओ के दल ने कई स्कूलों में परीक्षाओं का निरीक्षण किया गया। मॉडल स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय रीवा, मार्तंड क्रमांक 2 स्कूल, व मार्तंड क्रमांक 3 का निरीक्षण दल द्वारा किया गया। इस दौरान सहायक संचालक राजेश मिश्रा ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिसमें कोई भी नकल प्रकरण नहीं बना है।

# आप सबका आशिर्वाद लेने वृद्धाश्रम आता रहूंगा



**रीवा।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मैं आप सबका आशिर्वाद लेने आया हूं। वृद्धाश्रम की माताओं ने कलेक्टर को स्नेहिल भाव से आशीष दिया। इस अवसर पर कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में निवासरत माताओं व वृद्धजनों से संवाद करते हुए वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी ली। वृद्धाश्रम की माताओं ने आत्मीय भाव से कलेक्टर से अपने नाती-पोतों के लिये कहीं भी नौकरी या व्यवसाय की व्यवस्था कराने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि आप वृद्धाश्रम में रहकर भी अपने परिजनों के हित की ही बात सोच रही हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि पीएम स्वनिधि या अन्य किसी योजना से आर्थिक मदद के तौर पर ऋण उपलब्ध कराया जायेगा ताकि वह अपने पैरों पर खड़े हो सकें। वृद्धाश्रम की माता श्रीमती शैल ने बताया कि वह यहां रहकर सिलाई का प्रशिक्षण देती हैं। कलेक्टर ने लाइब्रोरी और फीजिओ सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मैं आप सबका आशिर्वाद लेने वृद्धाश्रम आता रहूंगा। इस अवसर पर चेयरमैन रेडक्रॉस सोसायटी डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी और कलेक्टर को वृद्धाश्रम का भ्रमण कराया।

# योजना शुरू होने के 20 साल बाद भी 30 प्रतिशत स्कूलों में बाउंड्रीवॉल ही नहीं

## शासकीय स्कूलों के कायाकल्प के दावे हवा-हवाई, न दीवार न सफाई, अव्यवस्थाओं के बीच कराई जा रही पढ़ाई

**जागरण, रीवा।** सरकारी स्कूलों में बाउंड्री निर्माण करने की योजना पर 2006-07 में कार्य शुरू किया गया था। करीब 20 साल बाद भी जिले की करीब 30 प्रतिशत स्कूल बाउंड्रीवाल विहीन हैं। शिक्षा के जिम्मेदारों को यह कार्य काफी पहले कर देना चाहिए था लेकिन इनकी लापरवाही के चलते आज तक नहीं हुआ। हजारों मासूम बच्चे बाउंड्रीवॉल विहीन स्कूलों में पढ़ाई करने मजबूर हैं। इनकी चिंता न जनप्रतिनिधियों को है, न ही अफसरों को क्योंकि इनके बच्चे तो सुरक्षित स्कूलों में पढ़ाई करते हैं। जिले में प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी तक के करीब 30 प्रतिशत में बाउंड्रीवॉल नहीं है। बाउंड्री न होने से स्कूल के शिक्षक सबसे अधिक चिंतित रहते हैं। बाउंड्रीवॉल न होने से विद्यार्थियों को होने वाले खतरे की जानकारी शिक्षा विभाग के अफसरों को है लेकिन वे इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। शिक्षक बताते हैं कि अधिकारी और नेता चाह लें, तो एक भी स्कूल बाउंड्री विहीन न हो।

**बाउंड्री विहीन स्कूलों में हैं ये खतरे :** सड़क किनारे की स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को हादसे का खतरा। स्कूलों में पशुओं का डेरा, बच्चों को पहुंचा सकते नुकसान। बाउंड्री न होने से स्कूल परिसर में कचरा-कूड़ा फेंक दिया जाता है। शोर-शराबे से बच्चों की पढ़ाई का नुकसान होता है। खुले स्कूल परिसर में गंदगी से बच्चों के स्वास्थ्य को खतरा। स्कूल असुरक्षित होने से बच्चों की संख्या घटना।

**स्कूल प्रबंधन सिर्फ पत्र लिखने तक सीमित :** बाउंड्रीविहीन स्कूलों के शिक्षक बताते हैं कि वे कई बार पत्र लिख चुके हैं। शिक्षक बताते हैं कि यह काम शिक्षा विभाग के अधिकारियों को करना है, इसलिए उन्हें ही स्कूलों में व्याप्त कमियों की जानकारी भेजते हैं, लेकिन वहीं से कोई कार्रवाई नहीं होती है। अधिकांश स्कूलों में टॉयलेट खस्ताहाल हो चुके हैं। कई स्कूल भवन भी जर्जर हो चुके हैं। जिम्मेदार अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। टॉयलेट गंदे होने के कारण विद्यार्थियों को खुले में जाना पड़ता है। गंदे टॉयलेट के कारण सबसे ज्यादा छात्राएं परेशान होती हैं।



**नशेड़ियों का बना अड्डा**

ऐसे स्कूल नशेड़ियों का ठिकाना बन गए हैं। ज्यादातर स्कूलों में रात समय नशेड़ियों का जमघट होता है। शहर के चोपड़ा स्कूल मैदान में शाम से ही शराबखोरी होने लगती है, इस तरह से शहरी क्षेत्र में ही कई स्कूल हैं। स्कूलों में स्वच्छता की भी अनदेखी की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल पूरी तरह ग्राम पंचायतों पर निर्भर हैं।

# एनएसयूआई ने संबल योजना और छात्रवृत्ति की समस्याओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, रीवा।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य को विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के संबल कार्ड कोड जनरेट न होने तथा छात्रवृत्ति राशि नहीं मिलने की समस्या प्रमुख रूप से उठाई गई। पंकज उपाध्याय ने बताया कि संबल कार्ड का कोड जनरेट न होने के कारण विद्यार्थियों को एकमुश्त 25 हजार से अधिक की फीस जमा करनी पड़ रही है। अधिकांश छात्र मध्यमवर्गीय एवं किसान परिवार से संबंध रखते हैं, जिसके चलते उनके लिए इतनी बड़ी राशि एक साथ जमा करना मुश्किल हो रहा है। इसके साथ ही छात्रवृत्ति के नाम पर विद्यार्थियों से पूर्ण शुल्क जमा करवाया जाता है और यह आश्वासन दिया जाता है कि सत्र समाप्ति के बाद राशि छात्रवृत्ति के रूप में वापस कर दी जाएगी, लेकिन विगत कई वर्षों से विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। इससे विद्यार्थियों एवं उनके परिवारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि यदि तीन दिन के अंदर विद्यार्थियों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो एनएसयूआई छात्रहित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, रीवा विधानसभा अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी,जिला सचिव अजय सिंह, अ प्र सिं विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष विशू वर्धन सिंह, जेएनसीटी महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# सांदीपनि विद्यालयों के निर्माण कार्य जून माह तक पूरा कराएं

## कमिश्नर ने लोक निर्माण विभाग पीआईयू के कार्यों की समीक्षा की



**जागरण, रीवा।** मिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग पीआईयू द्वारा संभाग मंब कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि भवन निर्माण के सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा में पूरे कराये जाय। उन्होंने संभाग अन्तर्गत स्वीकृत 30 सांदीपनि विद्यालयों के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि कार्यों को तत्परता के साथ जून माह तक पूर्ण करा लें ताकि नवीन शिक्षण सत्र से भवन में विद्यालय संचालित होने लगे। उन्होंने कहा कि जहां भी कुछ बाधायें आ रही है उनका समन्वय बनाकर निराकरण सुनिश्चित करें। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सांदीपनि विद्यालयों में अंडरग्राउंड वाटर टैंक का निर्माण अवश्य करायें ताकि जल जीवन मिशन द्वारा कराये जा रहे कार्य से विद्यालय में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी निर्माण कार्यों का लगातार भ्रमण कर निरीक्षण करें तथा कार्यों की गुणवत्ता को देखें और समय-समय पर टेस्टिंग लैब में गुणवत्ता परीक्षण भी करायें। इस अवसर पर बताया गया कि मेडिकल कॉलेज रीवा में निर्माणाधीन पीजी छात्रावास का निर्माण कार्य जुलाई तक पूर्ण करा लिया जायेगा। इसी प्रकार पुर्नघनत्वीकरण योजना से रीवा मेडिकल कैंपस में निर्माणाधीन आवासों का भी निर्माण कार्य भी जून तक पूर्ण कर लिया जायेगा। शासकीय ई-टाइप के आवास अगस्त माह तक पूर्ण करा लिये जायेंगे। कमिश्नर ने पशु चिकित्सालय कार्यालय भवन तथा उससे लगे अन्य कार्य एवं आयुर्वेद कॉलेज में निर्माणाधीन कार्यों को त्वरित गति से कराते हुए पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर बताया गया कि संभाग में भवन निर्माण विभाग द्वारा 156 कार्य कराये जा रहे हैं। बैठक में संभागवार कार्यों की अद्यतन जानकारी संबंधित कार्यपालन यंत्री द्वारा प्रस्तुत की गयी। इस दौरान संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, मुख्य अभियंता लोक निर्माण (भवन) एस.सी. वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**मंडी कार्यों की जानकारी न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त**

कमिश्नर बीएस जामोद ने लोक निर्माण विभाग द्वारा संभाग में कराये जा रहे सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि वन भूमि के प्रकरणों में समन्वय बनाकर निराकृत कराते हुए सड़क निर्माण कार्य करायें। उन्होंने निर्माण कार्य में भू-अर्जन की कार्यवाही करते हुए धारा 11 व धारा 19 की प्रक्रिया को संपन्न कराने के निर्देश दिये। कमिश्नर ने विभाग द्वारा प्लान, मजबूतीकरण, विशेष मजबूतीकरण, सीआईआईएफ तथा नवीनीकरणमद के कार्यों की जानकारी ली। मंडी निधि से स्वीकृत कार्यों की अद्यतन जानकारी न होने पर कमिश्नर ने अप्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान मुख्य अभियंता लोक निर्माण केके लक्ष्ये सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मीडिया महाकुंभ आज से कई हस्तियां होंगी शामिल



**रीवा।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर आज शुक्रवार से आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय मीडिया महाकुंभ 'प्रणाम! उदंत मार्तण्ड' में वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार एवं चिंतक प्रो. जयराम शुक्ल की सहभागिता विंध्य क्षेत्र के लिए विशेष गौरव का विषय होगी। देशभर से चयनित शीर्षस्थ पत्रकारों, संपादकों और विचारकों के बीच प्रो. शुक्ल की उपस्थिति रीवा सहित पूरे विंध्य की बौद्धिक परंपरा एवं पत्रकारीय चेतना का प्रतिनिधित्व करेगी। उल्लेखनीय है कि प्रो. शुक्ल पूर्व में भी कोलकाता में 'उदंत मार्तण्ड एवं पंडित जुगल किशोर शुक्ल' पर केंद्रित राष्ट्रीय कार्यशालाओं का संयोजन व संचालन कर चुके हैं। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय और वीर भारत न्यास की संयुक्त पहल पर 'प्रणाम! उदंत मार्तण्ड' शीर्षक से तीन दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श 8, 9 और 10 मई को भारत भवन, भोपाल होगा। शुभारंभ 8 मई को प्रातः 10:30 मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव करेंगें। विषय प्रवर्तन वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सूचना आयुक्त उदय माहूरकर करेंगे तथा अध्यक्षता आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण (अयोध्या) करेंगे। इस मीडिया कुंभ में देश के 9 राज्यों से विभिन्न भारतीय भाषाओं के 60 से अधिक पत्रकार, संपादक, लेखक, एंकर, विचारक, शिक्षाविद् और मीडिया विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने बताया कि यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय संविमर्श हिंदी पत्रकारिता की ऐतिहासिक यात्रा को स्मरण करते हुए उसके मूल्यों, चुनौतियों और संभावनाओं पर गंभीर विमर्श का मंच प्रदान करेगा।

# नशामुक्त भारत निर्माण का लिया सामूहिक संकल्प

## विंध्य विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष ने की बीके निर्मला बहन से भेंट



**रीवा।** विंध्य विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने भोपाल जोन की डायरेक्टर राजयोगिनी बीके निर्मला बहन से आत्मीय भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। इस दौरान उन्होंने आध्यात्मिक म्यूजियम एवं चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया, जिसे उन्होंने अत्यंत अद्भुत एवं आत्मजागृति प्रदान करने वाला बताया। साथ ही विंध्य क्षेत्र की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं को दर्शाने वाली सुंदर चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से चल रही द्वादश ज्योर्तिलिंगम रथ यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि यह यात्रा प्रेम, शांति, सद्भावना और भाईचारे का अद्भुत संदेश लेकर समाज को नई दिशा दे रही है। कार्यक्रम के दौरान पंचूलाल प्रजापति का विशेष सम्मान भी किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह सम्मान उनकी निर्मलता, स्वच्छता, सादगी एवं समाजहित में किए गए श्रेष्ठ कार्यों का प्रतीक है। इस अवसर पर विशेष रूप से सब्जी मंडी के अध्यक्ष लखपति कछवाहा, अंकु तिवारी, राजनीतिक प्रभाग के जोनल कोऑर्डिनेटर बीके प्रकाश भाई, इंदिरा नगर उप सेवा केंद्र इंचार्ज बीके नम्रता दीदी, बीके उर्मिला, बीके मीनाक्षी, बीके नेहा, बीके मानसी, पूर्व बीएसएनल ऑफिसर बीके प्रमोद भाई, चन्द्रभान साहू पंचायती राज ब्यूरो चीफ, कलम परिवार के संरक्षक अवधेश श्रीवास्तव, पूर्व मध्यांचल ग्रामीण की बैंक मैनेजर बीके शिखा चिटके, दिव्य नगरी के संचालक बीके राजभान पटेल योगा टीचर बीके विजय देव, भाई-बहन एवं मातृशक्तियां उपस्थित रही।

# प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति अपनाने की आवश्यकता: प्रो.तिवारी

## शा. कॉलेज सेमरिया में आयोजित हुई व्याख्यान माला




**जागरण,रीवा।** भारतीय शिक्षण मंडल महाकौशल प्रांत जिला रीवा के 57 वाँ स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय सेमरिया में भारतीय शिक्षण मंडल के स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं गुरुकुल शिक्षा प्रणाली विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा के प्राचार्य प्रो.रवीन्द्र नाथ तिवारी ने अपने उद्बोधन में भारतीय ज्ञान प्रणाली के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से भारतीय शिक्षण मंडल की भूमिका तथा गुरुकुल शिक्षा प्रणाली की विशेषताओं को रेखांकित करते हुए बताया कि प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति में ज्ञान के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन एवं जीवन मूल्यों का समावेश होता था। उन्होंने वर्तमान शिक्षा प्रणाली में इन मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.सतीश कुमार मिश्रा प्रांत सहमंत्री भारतीय शिक्षण मंडल ने अपने वक्तव्य में भारतीय शिक्षण मंडल के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं शैक्षिक गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह संगठन भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्यरत है। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.रावेन्द्र कुमार साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का प्रभावशाली परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति जागरुकता एवं गौरव की भावना विकसित होती है। साथ ही उन्होंने अपने प्रेरणादायी विचारों के माध्यम से कार्यक्रम को नई दिशा प्रदान की। यह समूचा आयोजन उनके कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ.किरन सिंह ने किया एवं आभार प्रदर्शन महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा की नोडल अधिकारी डॉ.दामिनी गुप्ता ने किया। अन्त में डॉ.सतीश मिश्रा के कल्याण मंत्र के माध्यम से कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.जीएन सिंह जिला अध्यक्ष भारतीय शिक्षण मंडल एवं एडवोकेट अरविन्द शर्मा की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

# कई स्कूलों पर अब भी नहीं लग सका जुर्माना

## नियमों की संचालक कर रहे अनदेखी, जांच तो हुई लेकिन सब पर नहीं हुई कार्रवाई

# प्राइवेट स्कूलों में बैग पॉलिसी का नहीं हो रहा है पालन विद्यार्थियों को उठाना पड़ रहा बस्ते का अतिरिक्त बोझ

**जागरण, रीवा।** जिले में प्राइवेट स्कूल बैग पॉलिसी 2020 का पालन नहीं कर रहे हैं। स्कूल प्रबंधन एनसीईआरटी द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम को छोड़कर अन्य प्रकाशकों की मंहगी पुस्तकें चला रहे हैं। जिसके चलते बच्चों पर बस्ते और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों की जांच कराई गई है लेकिन कुछ स्कूलों को छोड़कर अन्य स्कूलों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक जिले के प्राइवेट स्कूल शासन के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। स्कूल बैग पॉलिसी 2020 के प्रावधानों के विरूद्ध पाठ्यक्रम चला रहे हैं। स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकों की जगह निजी प्रकाशकों की पुस्तकें चलाई जा रही हैं। जिससे कक्षा पहली के बच्चे को 5 से 6 किलोग्राम का वजन उठाना पड़ रहा है। बच्चे पर बस्ते का बोझ है। अभिभावकों को भी कक्षा पहली की पुस्तकें 2 हजार रुपए की पड़ रही हैं। अभिभावकों से स्कूल प्रबंधन अपना पाठ्यक्रम थमाकर पुस्तकें क्रय करा चुके हैं। कक्षा पांचवीं तक के बच्चे 10 किलोग्राम का वजन लेकर तीन तीन मंजिल स्कूल भवन में सीढ़ियां चढ़कर जा रहे हैं। जिससे बच्चों की आफत है। बस्ते के बोझ से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास रूक गया है। वहीं प्रायवेट स्कूल नए-नए प्रोजेक्ट के नाम पर अभिभावकों पर आर्थिक और बच्चों पर मानसिक दवाब डाल रहे हैं।



फाइल फोटो

**फीस में भी गफलत :** मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 के प्रावधानों के तहत प्राइवेट स्कूलों ने 10 प्रतिशत फीस बढ़ाकर अपलोड कर दी है लेकिन इसमें भी गफलत की जा रही है। हर इवेंट में स्कूल अलग से बिना रसीद के शुल्क वसूल लेते हैं। जो शासन से बताई गई फीस से अलग है। इसके अलावा 10 प्रतिशत फीस बढ़ाने के बावजूद कोई नई सुविधा नहीं दी जा रही है। जिसके आधार पर हर साल 10 प्रतिशत फीस बढ़ाई जाती है।

**जांच का अता-पता नहीं :** पिछले साल प्राइवेट स्कूलों की जांच के लिए विकासखंड स्तर पर दल गठित किए गए थे लेकिन शिक्षा विभाग के द्वारा प्राइवेट स्कूलों में पाई गई लापरवाही, बैग पॉलिसी और फीस अधिनियम के प्रावधानों में अभी कई स्कूलों पर कार्रवाई नहीं हुई है। हालांकि कुछ स्कूलों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई लेकिन इसके बाद कुछ प्रमुख स्कूल जिन्हें नोटिस के बाद ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

**एनसीईआरटी के अलावा अन्य प्रकाशन की पुस्तकें न हो बस्ते में**

बैग पॉलिसी में एनसीईआरटी के अलावा अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें बस्ते में नहीं होनी चाहिए। कक्षा 2 तक के बच्चों को गृहकार्य नहीं देना चाहिए। कक्षा 3 से 5 तक प्रति सप्ताह 2 घंटे व कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को प्रतिदिन अधिकतम एक घंटे और कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों को प्रतिदिन अधिकतम 2 घंटे का गृहकार्य दिया जाना चाहिए। स्कूल के नोटिस बोर्ड पर बस्ते का वजन प्रदर्शित होना चाहिए। शाला प्रबंधन को समय सारिणी बनाना है जिससे विद्यार्थियों को प्रतिदिन सभी पुस्तकें नहीं लाना पड़े। कक्षा 8वीं तक के बच्चों के लिए अभ्यास पुस्तिकाएं प्रतिदिन नहीं लानी पड़े, इसके लिए स्कूल में ही रखने की व्यवस्था होनी चाहिए। कम्प्यूटर, नैतिक शिक्षा, सामान्य ज्ञान की कक्षाएं बिना पुस्तक के लगाई जाना चाहिए और शिक्षक डिजिटल माध्यम से अभिभावकों से संवाद करें। बैग पॉलिसी के निर्धारित प्रावधानों को कोई भी प्राइवेट स्कूल नहीं मान रहा है। जिसके चलते बच्चे प्रतिदिन अतिरिक्त बोझ ढोने को मजबूर हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है।

**कक्षा- वजन सीमा**

पहली: 1.6-2.2 किग्रा.
दूसरी: 1.6-2.2 किग्रा.
तीसरी: 1.7-2.5 किग्रा.
चौथी: 1.7-2.5 किग्रा.
पांचवी: 1.7-2.5 किग्रा.
छठवी: 2.0-3.0 किग्रा.
सातवीं: 2.0-3.0 किग्रा.
आठवीं: 2.5-4.0 किग्रा.
नौवीं: 2.5-4.5 किग्रा.

"स्कूल की जांच के बाद जुर्माने की कार्यवाही की गई है। साथ ही सुधार के निर्देश दिये हैं। बस्ते के वजन को लेकर भी जांच की जाएगी। कुछ स्कूलों पर जुर्माने की कार्यवाही शेष है।"
**रामराज मिश्रा, डीईओ रीवा**

# मेहनत कर पढ़ाई करें और सफलता प्राप्त करते हुए आगे बढ़ें : कलेक्टर

## पोस्ट मैट्रिक पिछड़ावर्ग कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण, छात्राओं से संवाद



**जागरण, रीवा।** लेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने पोस्ट मैट्रिक पिछड़ावर्ग कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया और छात्राओं से संवाद करते हुए छात्रावास की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर को अचानक अपने बीच पाकर छात्रायें हतप्रभ रह गयीं। कलेक्टर ने उनसे कहा कि आप सबसे आपके माता-पिता की बड़ी उम्मीदें हैं। आप सब मेहनत कर पढ़ाई करें और सफलता प्राप्त करते हुए आगे बढ़े। छात्राओं ने कलेक्टर से शौचालय में सुधार कार्य कराने, पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने तथा खिड़कियों में जाली लगाने की मांग की। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारी को तत्काल व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि छात्राओं के लिए परिसर में ही बैडमिंटन कोर्ट भी बनाया जायेगा। इस अवसर पर संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे एवं डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन उपस्थित रहे।

# दूषित भोजन-पानी से डायरिया और टाइफाइड की चपेट में आ रहे बच्चे

## अस्पतालों की ओपीडी में बढ़ी मौसमी बीमारियों से पीड़ित नौनिहालों की संख्या




जागरण, रीवा

मानसूनी सीजन की दस्तक के साथ ही कई बीमारियों ने भी पैर पसार लिए हैं। स्थिति यह है कि घर-घर में सर्दी-जुकाम और बुखार से पीड़ित मरीज देखने मिल रहे हैं। विशेष तौर पर बच्चे इससे परेशान हैं। दूषित भोजन-पानी डायरिया का कारण बन रहा है। अस्पतालों की ओपीडी में पेट दर्द, टाइफाइड, डायरिया और वायरल बुखार से पीड़ित बच्चे पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल, एसजीएमएच सहित विभिन्न अस्पतालों का यही नजारा है। तापमान गिरने के बाद मच्छर जनित रोगों का खतरा भी बढ़ गया है। चिकित्सक सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। बारिश का मौसम है, ऐसे में खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए भी समुचित विकल्प अपनाने चाहिए।

### 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे ज्यादा प्रभावित

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.केके तिवारी ने बताया कि मौसम में बदलाव के चलते बच्चे कभी धूप तो कभी ठंडे मौसम का सामना करते हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे ज्यादा प्रभावित होते हैं। बिना हाथ धोए भोजन करना, बाहर का भोजन बच्चों में लूज मोशन, पेट दर्द और उल्टी का कारण बन सकता है।

### मच्छरों से बचने के उपाय

- मच्छरदानी में सोना
- घर के आसपास
- पानी न जमा होने दें
- रुके हुए पानी में दवा का छिड़काव

### पैरेंट्स इन बातों का रखें ध्यान

- दूषित खाना और दूषित पानी से बचाव
- घर पर बने भोजन को प्राथमिकता दें
- सब्जियों को बाजार से लाने के बाद अच्छे से साफ करें
- संतुलित और पौष्टिक आहार दें
- बासी भोजन न दें
- बच्चे घर से निकलें तो पानी साथ में रखें।

### स्वच्छता का रखें विशेष ध्यान

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.बीके अग्निहोत्री ने बताया कि बीते कुछ दिनों से टाइफाइड, डायरिया की समस्या बच्चों में देखने मिल रही है। बुखार और पेट दर्द के लक्षणों के साथ बच्चे आ रहे हैं। इसके प्रमुख कारण दूषित भोजन-पानी और गंदे हाथों का प्रयोग है, इसलिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

# निगम की बिना अनुमति बसाई जा रहीं अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही नहीं

## शिकायत के बाद भी अब तक अधिकारियों ने नहीं लिया संज्ञान



**रीवा।** शहर में अवैध कॉलोनियों का ग्राफ एक बार फिर बढ़ने लगा है, हैरानी इस बात की है कि लगातार शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही निगम अधिकारी नहीं कर रहे हैं। हाल ही में गई शिकायत के बाद भी अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। कहा जा रहा हैं कि नवागत आयुक्त का फिलहाल इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं हैं। बता दें कि गत दिवस शिकायत में जगदीश शर्मा पिता गुरप्रीत शर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 15 साधू श्री गार्डन के समीप गुलाब नगर ने शिकायत कर बताया है कि वार्ड क्रमांक 8 रीवा में कई अवैध कॉलोनियां बसाई जा रही हैं। वार्ड क्रमांक 8 में पटवारी हल्का बोदा में खसरा नंबर 158,147/1, 147/2, 146 व 139 के कुछ हिस्से में अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। जिसमें प्लॉट काटकर बिना निगम की अनुमति विक्रय किया जा रहा है। इसके ठीक बगल में भी पूर्व में कॉलोनी बसाई जा चुकी है, जिसमें कई कमियां बताई जा रही हैं। इसके अलावा वार्ड में ही नीम चौराहा के समीप तिवारी परिवार द्वारा अवैध रूप से बड़ी बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी अनुमति भी निगम के द्वारा नहीं है। इस मनमानी में नगर निगम के इंजीनियरों की भी साठगांठ है। इसी प्रकार से वार्ड क्रमांक 15 में साधू श्री गार्डन वाली रोड में सेंट जोसेफ स्कूल के बगल में पड़े खाली मैदान के खसरा क्रमांक 551 के विभिन्न भागों में अवैध प्लॉटिंग कच्ची सड़क डालकर की जा रही है। इस प्रकार से शहर के विभिन्न हिस्सों में अवैध प्लॉटिंग व अवैध निर्माण चल रहा है, जिस पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। हालांकि इंजीनियर इस मामले में मौन साधे बैठे हैं।

# मैनिट ग्लोबल एलुमनाई एसोसिएशन के सदस्य चुने गए सौम्य



**जागरण, रीवा।** मध्य प्रदेश के मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के ग्लोबल एलुमनाई एसोसिएशन के चुनावों में रीवा के सौम्य त्रिपाठी ने भारी मतों से जीत हासिल की है। मैनिट ग्लोबल एलुमनाई एसोसिएशन 18 सदस्यों वाली एक बेहद मजबूत और प्रभावशाली संस्था है। हाल ही में संपन्न हुए इस चुनाव में दुनिया भर के सभी महाद्वीपों में फैले सदस्यों ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के जरिए हिस्सा लिया। चुनाव परिणामों के अनुसार मनोज कुकरेजा को अध्यक्ष और पुणे के विकास सिंह को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। वहीं, कार्यकारिणी सदस्य के चुनाव में रीवा के सौम्य त्रिपाठी ने सर्वाधिक वोट प्राप्त कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

# संत रविदास योजनान्तर्गत आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** वित्तीय वर्ष 2026-27 में संत रविदास स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों से आवदेन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदक की उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच हो, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता न्युनतम 8वीं उत्तीर्ण हो आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक न हो। वह जिले का निवासी हो एवं जाति तथा निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिये। आवेदक एक लाख रुपये से 50 लाख रुपये तक की उद्योग परियोजनाएँ जैसे- एग्रो, प्रोसेसिंग, फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज एवं मिल्क प्रोसेसिंग इसी प्रकृति की अन्य परियोजनाएँ एवं सेवा इकाई एवं खुदरा व्यवसाय, जैसे ब्यूटी पार्लर, वाहन मरम्मत, फुटवेयर मरम्मत, किराना व्यवसाय, कपडा व्यवसाय हेतु परियोजना राशि एक लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक प्रावधान है। कार्यपालन अधिकारी जिला अन्त्यावसायी सहकारी विकास समिति एनपी पाठक ने बताया कि ऋण पर शासन द्वारा ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित/शेष ऋण पर 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दिया जायेगा एवं म.प्र. शासन द्वारा गारंटी फीस देय होगी। इच्छुक आवेदक एसएएमएसटी डाट एमपीआनलाइन डाट जीओव्ही डाट इन पोर्टल से आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये जिला अंत्यावसायी कार्यालय कमरा नंम्बर 3 प्रथम तल कलेक्ट्रेट रीवा में व्यक्तिगत रूप से कार्यालीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# पर्याप्त मात्रा में है खाद का भण्डारण

**रीवा।** खरीफ फसलों की बोनी की तैयारी हेतु प्रदेश में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वर्तमान स्थिति में लगभग 6.40 लाख मेट्रिक टन यूरिया, 1.57 लाख मेट्रिक टन डीएपी, 3.56 लाख मेट्रिक टन एनपीके इस प्रकार 5.13 लाख मेट्रिक टन डीएपी एनपीके तथा 3.50 लाख मेट्रिक टन एसएसपी खाद उपलब्ध है। विषम वैश्विक परिस्थितियों के उपरांत भी भारत सरकार द्वारा प्रदेश में उर्वरको की आपूर्ति निर्बाध तथा तय कार्यक्रम अनुसार निरंतर की जा रही है। प्रदेश में उक्त उपलब्ध खाद सोसायटीवार, मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रवार, निजी दुकानवार ई-विकास पोर्टल पर उपलब्ध है। उप संचालक कृषि कल्याण यू.पी. बागरी ने किसान भाइयो से अनुरोध किया है कि आवश्यकतानुसार अपनी सोसायटी/मन पसंद दुकान से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से बुकिंग कर अपने खाद को उठा सकते है।

# शादी सीजन में बड़े पैमाने पर हो रही मिलावटी खोवा, पनीर एवं दूध की खपत

**रीवा।** शादी का सीजन होने से इन दिनों खोवा, पनीर, दूध इत्यादि खाद्य पदार्थों की डिमांड बड़े पैमाने पर चल रही है। इन खाद्य पदार्थों के बिना शादी के व्यंजनों में स्वाद नजर नहीं आता है। लेकिन इनके शुद्धता को लेकर कोई गारंटी नहीं है। बाजार में मिलावटी- अशुद्ध खाद्य पदार्थों की बड़े पैमाने पर सामग्री की बिक्री होने से आम नागरिक बेहद चिंता में हैं। सूत्रों की मानें तो रीवा, चाकघाट, प्रयागराज के बीच में बड़े पैमाने पर मिलावटी खोवा, पनीर, दूध इत्यादि की खपत हो रही है। इन्हें कोल्ड स्टोरेज से लेकर खोवा, पनीर की दुकानों, होटलों के माध्यम से शुद्धता के नाम पर मिलावटी केमिकल युक्त पदार्थ का विक्रय किया जा रहा है। इसकी जांच पड़ताल खाद्य विभाग द्वारा नजर नहीं आ रहा है। शादी सीजन फायदा उठाकर खपत की आड़ पर यह धंधा तेजी से फल-फूल रहा है। मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से जहां लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। वही इस काले कारोबार में संलिप्त लोग की सेहत से खिलवाड़ कर मालामाल हो रहे हैं। शहर के एक दुकान संचालक द्वारा नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया गया कि उत्पादन से चार गुना- पांच गुना अधिक लोगों के डिमांड के अनुसार कुछ ही घंटों में खोवा, पनीर, और दूध की सप्लाई कर दी जाती है। इससे अंदेशा लगाया जा सकता है कि शादी सीजन में सप्लाई होने वाले खोवा दूध पनीर में कितनी शुद्धता मौजूद है। हालांकि इसकी पुष्टि तभी हो सकती है जब खाद्य विभाग एसी कार्यालय से बाहर निकल कर खोवा, दूध, पनीर के दुकानों एवं होटलों में निरीक्षण कर व बसों इत्यादि वाहनों के माध्यम से परिवहन हो रहे नकली खाद्य पदार्थों की जांच करे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इतने व्यापक पैमाने पर खोवा, पनीर, दूध इत्यादि खाद्य पदार्थों की आपूर्ति कहां से लाकर की जाती है। जिसको जितना चाहिए सभी को मनचाहा मिल रहा है। कोई भी दुकानदार एवं सप्लायर के यहां यह सुनने को नहीं मिलता कि अमुक व्यापारी के यहां खोवा, पनीर, दूध इत्यादि समाप्त हो गया है।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवें।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तहसील-रायपुर कर्चुलियान, जिला-रीवा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक 0006/अपील/20226-27
रायपुर, दिनांक 07.05.2026

1. ज्योति पटेल पति संतोष पटेल निवासी जयताला रोड अर्जुन गुडहे ससाणे लेआउट नागपुर जयताला महाराष्ट्र
.............अपीलार्थी

विरूद्ध

-1. श्रीराम अभिलाष पटेल पिता विद्यार्थी पटेल, 2. मनगिरिया पटेल पुत्री विद्यार्थी पटेल, 3. कमलेश पटेल पिता विद्यार्थी पटेल, 4. संगीता पुत्री विद्यार्थी पटेल, 5. अनीता पुत्री विद्यार्थी पटेल, 6. अर्चना पटेल पुत्री विद्यार्थी पटेल, 7. केतकी पटेल पिता संतोष पटेल, 8. रागिनी पिता संतोष पटेल, सभी निवासी ग्राम सोनौरा तहसील हुजूर एवं जिला रीवा (म.प्र.)
............ उत्तरवादीगण

//सार्वजनिक उद्घोषणा//

एतद् द्वारा समस्त उत्तरवादीगणों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी मऊगंज से आयुक्त महोदय रीवा के आदेशानुसार अंतरण में प्राप्त प्रकरण जो इस न्यायालय में अपील प्रकरण क्रमांक 0006/ अपील/2026-27 में पंजीबद्ध होकर विचाराधीन है। उक्त अपीलीय प्रकरण में उभयपक्षों को युक्तियुक्त सुनवाई का विधिक अवसर प्रदान करने एवं न्यायिक उद्श्यों के पूर्ति हेतु हितबद्ध व्यक्तियों की सुनवाई हेतु सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन एक स्थानीय समाचार पत्र में कराया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि प्रकरण में हित धारित करने वाले समस्त पक्षकार एवं अन्य कोई हितधारी व्यक्ति जिसका संबंध तहसील रायपुर कर्चुलियान की ग्राम कोष्टा की अपीलाधीन भूमि खसरा नंबर 62/1,120/1/1/1, 156/1 कुल किता 03 से हो इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20/05/026 को नियत सुनवाई में उपस्थित होकर पक्ष समर्थन/आपत्ति/दस्तावेज इत्यादि प्रस्तुत कर सकता है।

मोहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
तहसील रायपुर कर्चुलियान
जिला- रीवा (म.प्र.)
RN- 85058

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तहसील-रायपुर कर्चुलियान, जिला-रीवा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक /0170/अपील/2024-25
रायपुर, दिनांक 04.05.2026

1. आशा तिवारी पति स्व. हिन्छलाल तिवारी, निवासी ग्राम घुरेहटा कला वार्ड नंबर-12 तहसील एवं जिला मऊगंज (म.प्र.), हाल मुकाम आयुध नगर इटारसी जिला होशंगाबाद (म.प्र.)
........... अपीलार्थी

विरूद्ध

1. कलावती पति स्व. रामबहादुर तिवारी 2. रामयश पिता रामभुवन तिवारी 3. विष्णु प्रसाद पिता रामभुवन तिवारी 4. सुरेश प्रसाद पिता रामभुवन तिवारी 5. श्यामवती पुत्री रामभुवन तिवारी 6. सूर्यवती पुत्री रामभुवन तिवारी 7. भानुमति पुत्री रामभुवन तिवारी (मृतक) वारिसान :- 1. कामता द्विवेदी, 2. अमित द्विवेदी, संगीता 8. त्रिनेत्र पुत्र राजवती 9. नीरज पुत्र राजवती 10. अन्नपूर्णा पुत्री राजवती 11. मन्जू पुत्री राजवती 12. कंचन पुत्री राजवती 13. कलावती पत्नी स्व. रामबहादुर 14. सुशील कुमार पुत्र स्व. रामबहादुर 15. अनिल कुमार पुत्र स्व. रामबहादुर 16. पुष्पांजली पुत्री स्व. रामबहादुर
17. अमृतांजली पुत्री स्व. रामबहादुर सभी निवासी ग्राम घुरेहटा कला वार्ड नंबर 12 तहसील एवं जिला मऊगंज (म.प्र.)
............. उत्तरवादीगण

//सार्वजनिक उद्घोषणा//

एतद् द्वारा समस्त उत्तरवादीगणों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी मऊगंज से आयुक्त महोदय रीवा के आदेशानुसार अंतरण में प्राप्त प्रकरण जो इस न्यायालय में अपील प्रकरण क्रमांक 0170/अपील / 2024-25 में पंजीबद्ध होकर विचाराधीन है। उक्त अपीलीय प्रकरण में माननीय न्यायालय अपर कलेक्टर जिला रीवा के निगरानी प्रकरण क्रमांक 0184/ निगरानी / 2024-25 में पारित आदेश दिनांक 01.10.2025 में प्राप्त निर्देशो के अनुपालन में उभयपक्षों को युक्तियुक्त सुनवाई का विधिक अवसर प्रदान करने एवं न्यायिक उद्देश्यों के पूर्ति हेतु हितबद्ध व्यक्तियों की सुनवाई हेतु सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन एक स्थानीय समाचार पत्रों में कराया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि प्रकरण के हित धारित करने वाले समस्त पक्षकार एवं अन्य कोई हितधारी व्यक्ति जिसका संबंध तहसील एवं जिला मऊगंज की हल्का धुरेहटाकला की अपीलाधीन भूमि खसरा नंबर 1257, 2711, 2712/1, 1336/6, 1495/2/2, 1581/2, 2636. 2639/2,2908/1, 1272/1/2 एवं 2921/2 कुल किता 12 से हो इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05/06/26 को नियत सुनवाई में उपस्थित होकर पक्ष समर्थन / आपत्ति / दस्तावेज इत्यादि प्रस्तुत कर सकता है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
तहसील रायपुर कर्चुलियान
जिला- रीवा (म.प्र.)
RN- 85270

**कार्यालय नगर पालिक निगम, सतना (म0प्र0)**
**नेशनल लोक अदालत**
शनिवार 9 मई 2026

सम्पत्तिकर, संलग्न करों एवं जल कर के अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट
अधिभार में निम्नानुसार छूट प्रदान की जायेगी

| बकायादार की श्रेणी | छूट का प्रतिशत |
|---|---|
| 1. संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिसमें कर तथा अधिभार की राशि 50,000 रू. तक | 100 प्रतिशत |
| 2 संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिसमें कर तथा अधिभार की राशि 1,00,000 रु तक | 50 प्रतिशत |
| 3. संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिसमें कर तथा अधिभार की राशि 1,00,000 रु से अधिक तक | 25 प्रतिशत |
| 4 जल कर के ऐसे प्रकरण जिसमें कर तथा अधिभार की राशि 10,000 रु तक | 100 प्रतिशत |
| 5 जल कर के ऐसे प्रकरण जिसमें कर तथा अधिभार की राशि 50,000 रु तक | 75 प्रतिशत |
| 6 जल कर के ऐसे प्रकरण जिसमें कर तथा अधिभार की राशि 50,000 रु से अधिक | 50 प्रतिशत |

बकायादार अपने करों की जानकारी नेशनल लोक अदालत दिनांक के पूर्व अपने वार्ड से संबंधित जोन कार्यालय अथवा कार्यालय नगर पालिक निगम से प्राप्त कर सकते है।
नेशनल लोक अदालत दिवस मे निम्न स्थानों पर राशि जमा कर छूट का लाभ प्राप्त करें :-

| क्र | जोन कार्यालय का पता | सम्मिलित वार्ड |
|---|---|---|
| 1. | कलेक्टर कार्यालय के पीछे धवारी सतना | 01,02,03,04,26,27,28,29,30,31,32,33,34 |
| 2 | मेघदूत होटल के पीछे लालता चौक सतना | 25,35,36,38,39,40,41 |
| 3. | शुक्ला बरदाडीह सतना | 05,06,07,08,09,10,11 |
| 4 | पानी की टंकी के पास नई बस्ती सतना | 12,13,14,15,16,17,18,19,20,21 |
| 5 | सामुदायिक भवन टिकुरिया टोला सतना | 22,23,24,37,42,43,44,45 |
| 6 | मुख्यालय विवेकानंद भवन नगर पालिक निगम सतना | 1 से 45 तक |

आयुक्त नगर पालिक निगम सतना म..प्र.

**उत्तर मध्य रेलवे**
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य / झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-ई-2026-99
**कार्य का नामः** कंस्ट्रक्शन ऑफ़ न्यू बलास्ट साइडिंग एट इचौली।
**अनुमानित लागत रू.:** 35294687.53 | **अमानत राशिः** 705900.00
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह
**निविदा बन्द होने की तिथि : 01.06.2026 at 15:00 hrs.** ● निविदा दिनांक 01.06.2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 995/26(D)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-ई-2026-105 **दिनांकः** 06.05.2026

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिगं) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम :** बैलेंस्ड वर्क फॉर झाँसी डिवीज़नः- सिविल इंजीनियरिंग वर्क फॉर प्रोविजन ऑफ़ 04 नंबर पैसेंजर लिफ्ट् एट चित्रकूट धाम कर्वी एंड महोबा स्टेशन।
**अनुमानित लागत (रू):** ₹9855814.33 | **अमानत राशि (रू):** ₹197100.00
**निविदा बन्द होने की तिथि: 01.06.2026 at 15:00 hrs.**
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 06 माह
● निविदा **दिनांक 01.06.2026** को **15.00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 1008/26 (A)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय**
**चित्रकूट जिला.सतना (म.प्र.) 485334**
NAAC 'A++' & UGC Category-I University
**प्रवेश सूचना 2026.27**

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत म.प्र. जन अभियान परिषद के सहयोग से दूरवर्ती माध्यम से संचालित समाज कार्य में परास्नातक एवं स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन माध्यम से रू 100/- पंजीकरण शुल्क के साथ 15, मई, 2026 तक आवेदन करें।

| पाठ्यक्रम | शुल्क | न्यूनतम अर्हता |
|---|---|---|
| BSW सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत् विकास अवधि- तीन वर्ष | रू. 4500/- | किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / मंडल / परिषद या समकक्ष संस्थान से 10 + 2 (इण्टरमीडिएट) |
| MSW सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत् विकास अवधि- दो वर्ष | रू. 6500/- | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एस.डब्ल्यू. / स्नातक |

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें-
Website-www.cmcldp.mpjapmis.org
Mob-07670-265622,
कुलसचिव

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्रांकः- झाँसी / एच / जी. 66/एचवीएस / चयन दिनांकः- 02.05.2026

**विज्ञप्ति**

**विषयः- मंडल रेलवे चिकित्सालय झांसी में ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट की नियुक्ति के संबंध में आवेदन हेतु।**

**नियम व शर्ते :-** मंडल रेलवे चिकित्सालय झांसी में 02 पद ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट पर नियुक्त किया जाना हैं। जो पद निम्नवत् हैः- **1. 1.1** आर्थोपेडिक विशेषज्ञ (Orthopedic) - सप्ताह में 6 दिन के लिए एक दिन में 04 घंटे। **1.2** महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (Gyn. & Obs.) - सप्ताह में 6 दिन के लिए एक दिन में 04 घंटे। **2. अर्हता और अनुभवः-2.1.** स्पेशलिस्ट किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के बाद संबंधित स्पेशलिटी से संबंधित व्यवसायिक कार्य में कम-से-कम 03 वर्षों का अनुभव। **2.2.** यदि स्नातकोत्तर डिग्री वाले उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध न हो तो स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त के बाद संबंधित स्पेशलिटी से संबंधि व्यावसायिक कार्य में 05 वर्ष के अनुभव वाले स्नातकोत्तर डिप्लोमा धारक। **3. आयु विवरणः- 3.1.** पहली बार नियुक्ति के दौरान 30 वर्ष और 64 वर्ष के बीच की आयु वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। **3.2.** लगातार नियुक्ति की आयु सीमा 65 वर्ष हैं। **4. कार्य कालः- 4.1.** हर बार प्रस्ताव दिया जायेगा, यह प्रस्ताव केवल एक वर्ष के लिये मान्य होगा। **4.2.** एक वर्ष बीत जाने के बाद कार्यकाल वृद्धि के लिये प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। **5. विजिट / घंटों आदि की संख्याः- 5.1.** प्रतिदिन औसतन 04 घंटे / सप्ताह में 06 दिन इसके अलावा, ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट को रविवार अवकाश के दिन सहित किसी भी दिन जब कभी आपात काल में और दिन के किसी भी समय बुलाया जाने पर अस्पताल में आना होगा।
**6. भुगतान किया जाने वाला मानदेयः-**

| ड्यूटी के घंटे | स्पेशलिस्ट |
|---|---|
| सप्ताह में 06 दिनों के लिए एक दिन में 04घंटे | प्रति माह 78,000/- रुपये |

**7. निःशुल्क रेलवे पासः- 7.1.** प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में सेलेक्शन ग्रेड के अधिकारियों की पात्रता के अनुसार स्वयं के साथ पति / पत्नी और आश्रित बच्चों के लिये (रेलवे कर्मचारियों के लिये लागू नियमों के अनुसार) राजधानी एक्सप्रेस सहित एसी टू टियर और शताब्दी एक्सप्रेस के वातानुकूलित कुर्सीयान में संपूर्ण भारतीय रेलवे और कोंकण रेलवे में वैध एक सेट मानार्थ रेलवे पास उपलब्ध कराया जायेगा। **7.2.** मानार्थ पास कैलेण्डर वर्ष में नियुक्ति के 03 माह के बाद प्राप्त किया जा सकता है। **8. पारिश्रमिक में कटौती की दैनिक दरः-** ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट को प्रत्येक वर्ष 12 दिनों की छुट्टी लेने की अनुमति है। 12 दिनों के बाद किसी भी अनुपस्थिति के लिये निम्नलिखित दरों पर पारिश्रमिक कटौती की जायेगी। पैरा 06 के अनुसार आवर्द्धित मानदेय की पिछले दर पर)

| सप्ताह में प्रतिदिन घंटों की संख्या | स्पेशलिस्ट |
|---|---|
| सप्ताह में 06 दिनों के लिए एक दिन में 04घंटे | प्रतिदिन 3,250/- रुपये |

9. अनुबंध की समाप्ति किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व नोटिस देकर किसी भी समय अनुबंध समाप्त किया जा सकता है। प्रशासन के पास इस प्रकार अनुबंध समाप्त करने का कारण नहीं बताने का अधिकार सुरक्षित है। 10.जो चिकित्सक ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट पद के लिये उक्त नियम व शर्तों को पूर्ण करते है, यह आवेदन पत्र मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर मध्य रेलवे झांसी के कार्यालय में समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर जमा करें।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी
987/26 (D)
North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**
**ई-टेंडरिंग टेंडर नोटिस**

उप मुख्य इंजीनियर/गति शक्ति यूनिट उ.म.रे, ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा (टू-पैकेट सिस्टम) ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) पद्धति से आमंत्रित की जाती हैः-

**ई-टेंडर क्रमांकः** DYCEGSUGWL1026 | **अनुमानित लागतः** Rs. 79.86 Crore
**कार्य का विवरणः** "उत्तर मध्य रेलवे के बीना-झाँसी सेक्शन के समपार संख्या-328 कि.मी. 1031/3-5 और झाँसी-कानपुर रेल सेक्शन के समपार संख्या-181 पर रेलवे उपरिगामी सेतु के निर्माण के संबंध में
**निविदा बंद होने की तिथिः** 15.05.2026 | **कार्य पूरा करने की अवधिः** 18 माह
• ऑनलाइन निविदा दिनांक **15.05.2026** को **11:00 बजे** तक जमा की जा सकती है। • पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें। 1029/26 (ADM)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित**
कार्यालय संपदा एवं निर्माण संभाग क्रमांक-2, ग्वालियर
आई.आई.डी.सी. प्लाजा, 39 सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.)
दूरभाष : 0751-2439024
क्रमांक लउनि/निर्माण/सं.-ग्वा./2026/01 दिनांक : 07.05.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्यों की निविदा ई-टेण्डरिग पद्धति (Online System) से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। 1. डॉ. कल्पना चावला पॉलीटेक्निक कॉलेज, रीवा जिला रीवा में विभिन्न एलाईड सिविल, रेनोवेशन तथा फर्नीशिंग का कार्य, **अनुमानित लागत-** रु. 2,20,000,04/- 2. श्रीमंत माधवराव सिंधिया व्यापार मेला परिसर ग्वालियर जिला ग्वालियर में दुकानों का मरम्मत कार्य, **अनुमानित लागत-** रु. 38,58,435 निविदा की बिड जमा करने की **अंतिम तिथि 23.05.2026 सायं 5.30 बजे।** निविदा की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा में संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो उसकी जानकारी मात्र उपरोक्त वेबसाईट पर दी जावेगी पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/125668/2026 **महाप्रबंधक (सं./नि.)**

**उत्तर मध्य रेलवे**
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिगं) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-सी-2026-92
**कार्य का नाम :** ललितपुर : कंस्ट्रक्शन ऑफ़ 8 यूनिट्स टाइप II एंड 2 यूनिट्स टाइप III क्वार्टर ऑन रिप्लेसमेंट अकाउंट एट ललितपुर स्टेशन अंडर एडीईएन/ललितपुर जूरिडिक्शन।
**अनुमानित लागत (रू):** ₹25935429.80 | **अमानत राशि :** ₹518700.00
**निविदा बन्द होने की तिथि: 01.06.2026 at 15:00 hrs.**
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-सी-2026-96
**कार्य का नाम :** एक्सटेंशन/रेजिंग ऑफ़ प्लेटफार्म नंबर 1/2 टू हाई लेवल फॉर रेकोयूपमेंट ऑफ़ शोर्टफॉल इन एमईए एट जाखलौन अंडर वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना सेक्शन।
**अनुमानित लागत (रू):** ₹29013135.60 | **अमानत राशि :** ₹580300.00
**निविदा बन्द होने की तिथि: 01.06.2026 at 15:00 hrs.**
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-सी-2026-97
**कार्य का नाम :** एक्सटेंशन/रायसिंग ऑफ़ प्लेटफार्म न. 3/4 टू हाई लेवल फॉर रेकोयूपमेंट ऑफ़ शोर्टफॉल इन एमईए एट जाखलौन अंडर वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना सेक्शन।
**अनुमानित लागत (रू):** ₹29121455.40 | **अमानत राशि :** ₹582400.00
**निविदा बन्द होने की तिथि: 01.06.2026 at 15:00 hrs.**
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह

● निविदा **दिनांक 01.06.2026** को **15.00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 1000/26 (A)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं.- No. JHS/Catg/e-Auction/2026 दिनांक- 05.05.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)- झाँसी** द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

**श्रेणीः** खानपान | **केटलॉग संख्याः** JHS-CATG-MAY-26
**एसेट्स डिटेल्सः** जीएमयू, एसएमयू केटरिंग स्टॉल एवं एमपीएस स्टॉलों का आवंटन हेतु ई-नीलामी।

| स्टेशन | प्लेटफार्म | लोकेशन | स्टॉल सं. |
|---|---|---|---|
| (जी.एम.यू.) | | | |
| टीकमगढ़ | 01 | वीआईपी रूम के सामने तथा COP पोल संख्या 7, 8, 9 एवं 10 के बीच | 01 |
| मटौंध | 01 | पुराने एवं नए स्टेशन भवन के बीच | 01 |
| हरपालपुर | 01 | नए पैनल भवन के सामने | 01 |
| कुलपहाड़ | 01 | हैंडपंप के सामने | 03 |
| (एस.एम.यू.) | | | |
| डबरा | 01 | वीजीएलजे छोर 1182/18A से 02 मीटर दूरी पर वाटर कूलर के निकट | 03 (अल्पसंख्यक) |
| दतिया | 02 | COP कॉलम संख्या 5 एवं 7 तथा एफओबी के निकट बेंच के बीच | 09 (अनुसूचित जाति) |
| मुरैना | 01 | निर्माणाधीन एफओबी के निकट | 01 (अल्पसंख्यक महिला) |
| डिंगवाई | 01 | नए स्टेशन भवन के सामने, कि.मी.संख्या 1329/13 एवं 1329/14 के बीच | 01 (अनुसूचित जनजाति महिला) |
| बांदा | 02 | COP PF-2 एवं पे-एंड-यूज़ के बीच | 07 (ओबीसी महिला) |
| मऊरानीपुर | 01 | पोल संख्या 1191/39 एवं 1191/41 के बीच | 03 (अनसूचित जाति) |
| मुरैना | 2/3 | निर्माणाधीन एफओबी के निकट | 09 (स्वतंत्रता सेनानी/ महिला/युद्ध विधवा/विकलांग/तलाकशुदा महिला श्रेणी) |

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समयः** दिनांक **19.05.2026** को समय- **10.00** से
**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समयः** दिनांक **19.05.2026** को समय- **12.10** तक

**मल्टी परपस स्टाल**

**श्रेणीः** MPS | **केटलॉग संख्याः** JHS-MPS-MAY-26

| स्टेशन | प्लेटफार्म | लोकेशन | स्टॉल सं. |
|---|---|---|---|
| भरूआ सुमेरपुर | 01 | पुराने आईपीएस एवं बैटरी कक्ष के पास | 01 |
| मुरैना | 2/3 | प्लेटफार्म सं. 2/3 पर पोल सं.5 के पास | 03 |
| भीमसेन | 1 | ओएचई पोल सं. 1333/18 के पास | 1 |
| मोंठ | 1 | पिलर सं. 1182/30 एवं 1182/32 के मध्य | 1 |
| पुखरायाँ | 1 | ओएचई पोल सं. 1289/9 के पास | 02 |

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समयः** दिनांक **19.05.2026** को समय- **12.45** से
**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समयः** दिनांक **19.05.2026** को समय- **13.55** तक

**नोटः-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- www.ireps.gov.in के **e-auction module** के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1004/26 FA
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# किसानों के हक में कांग्रेस ने किया जंगी प्रदर्शन एनएच-3 पर 747 किमी तक आवागमन बाधित

## पांच घंटे तक रही अफरा-तफरी, खाने-पीने को तरसे लोग, बस-एंबुलेंस भी फंसी, पुलिस से कई जगह झड़प व धक्कामुक्की

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को आगरा-बॉम्बे राष्ट्रीय राजमार्ग पर 7 जगह प्रदर्शन कर 747 किमी में महाजाम लगा दिया। इंदौर से लेकर मुरैना तक प्रदेश के सबसे लंबे व व्यस्ततम राजमार्ग पर घंटों अफरातफरी मची रही। दो दर्जन जिलों के कांग्रेस विधायक, नेता और कार्यकर्ता कई घंटों सड़क पर डटे रहे। इससे राजमार्ग पर दोनों तरफ कई किमी हजारों गाड़ियां फंसी रहीं। यात्री बसों और मरीज भी कई घंटे तक कांग्रेसियों का जाम खुलने का इंतजार करते रहे। कई जगहों पर खाने-पीने की व्यवस्था न होने से लोग परेशान हुए तो जाम खुलवाने में जुटी पुलिस और कांग्रेसजनों के बीच झड़प हुई। तीखी बहस, धक्कामुक्की के बीच कई जिलों में पुलिस ने गिरफ्तार कर कांग्रेस नेताओं को अस्थायी जेल में भेज दिया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने किसानों की मांगों का जल्द निराकरण न होने पर पंचायत स्तर तक प्रदर्शन का ऐलान किया है। प्रदेशाध्यक्ष पटवारी इंदौर और शाजापुर के धरने में शामिल हुए। शाजापुर में रोजवास टोल प्लाजा, ग्वालियर के निरावली तिराहे, इंदौर बायपास, महू और मुरैना, खलघाट टोल नाका शिवपुरी जिले के पड़ौरा चौराहा सहित सातों जगह पर सुबह से ही कांग्रेसजन जुटने लगे थे। जैसे ही जाम की शुरूआत हुई पुलिस सक्रिय हो गई। बावजूद इसके कई जगहों पर 3 से 5 घंटे तक कांग्रेस का प्रदर्शन चलता रहा। कुछ जिलों में जाम के दौरान विवाद की स्थिति बन गई। पुलिस को बल प्रयोग करते हुए कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार करना पड़ा। प्रर्दशनकारी साथ गेहं, ज्वार सहित कई अनाज, फसल लेकर आए थे। कई जगह धूप को दरकिनार कर कांग्रेसजन सड़क पर ही लेट गए।



### तो सीएम हाउस में करेंगे तालाबंदी: पटवारी

शाजापुर और महू में धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने कहा कि आज के महा जाम के बाद भी सरकार किसानों की मांगें नहीं मानती है तो कांग्रेस पंचायत स्तर तक आंदोलन करेगी। कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है। सरकार इसके बाद भी नहीं मानती है तो हम मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर तालाबंदी कर देंगे। उन्होंने कहाकि सरकार की वादाखिलाफी ने किसानों को कर्जदार बना दिया है। किसान बाजारों में अपनी फसल बेचने मजबूर हैं। कांग्रेस ने तीन वर्षों तक सरकार को वादे पूरे करने का समय दिया, लेकिन किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। अब कांग्रेस शांत नहीं बैठेगी। किसानों की आवाज उठाने पर हमारे खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जाते हैं, तो कांग्रेस कार्यकर्ता जेल जाने के लिए भी तैयार हैं। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता के मद में चूर होकर किसानों की आवाज को कुचलना चाहती है, लेकिन अब प्रदेश का किसान जाग चुका है और अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए सड़क पर उतर आया है। उन्होंने कहा कि अब न तो सरकार किसानों को दबा सकती है और न ही सरकारी तंत्र किसानों की आवाज को रोक सकता है।

### कांग्रेस पूरी तरह से मुद्दाविहीन, किसानों को कर रही गुमराह : सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा बचा नहीं है, ऐसे में वह किसानों को गुमराह करने के लिए चक्काजाम जैसा कदम उठा रहे है,जो पूरी तरह से राजनीतिक स्टंट है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन की वजह से परीक्षा देने वाले बच्चे और आमजन परेशान हुए हैं। कांग्रेस के नेशनल हाईवे पर सत्याग्रह कर चकाजाम करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार किसान हितैषी है और गेहूं की खरीदी सुचारु रूप से चल रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि किसानों को कोई कठिनाई न हो। सरकार पूरी तरह से किसानों के साथ खड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इस चकाजाम से बोर्ड परीक्षा देने वाले बच्चे,मरीज व आम यात्री घंटो परेशान हुए है। इसका कांग्रेस को पाप लगेगा। कांग्रेस जनता से जुड़े मुद्दों पर नहीं,बल्कि झूठ फैलाकर प्रदेश का माहौल खराब करना चाहती है। कांग्रेस को अपने इस व्यवहार के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए।

### दो मिनट का समय देकर पुलिस ने खदेड़ा

मुरैना में कांग्रेस के जाम के कारण एक घंटे में ही अफरातफरी मच गई। कांग्रेस 5 घंटे तक प्रदर्शन करना चाहती थी। कई बार समझाने के बाद पुलिस अधिकारियों ने दो मिनट में हाईवे छोड़ने की चेतावनी दी। इसके बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए सबको खींचकर उठाना शुरू कर दिया। बलपूर्वक कार्रवाई कर नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर थाने भेज दिया। भिंड में बुजुर्ग की गाड़ी निकलवाने को लेकर कांग्रेस नेताओं और पुलिस आरक्षक के बीच जमकर झड़प हो गई। ग्वालियर, मुरैना सहित कई जगह रूट डायवर्ट भी किया गया, लेकिन फिर भी हाई वे वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

**शिवपुरी:** पर गुरुवार को कांग्रेस ने किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर चक्काजाम किया। यह प्रदर्शन करीब ढाई घंटे तक चला। इस दौरान आगरा-मुंबई हाईवे की दोनों लेन पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शन में विधायक फूल सिंह बरैया, पूर्व मंत्री लाखन सिंह बघेल, विधायक बाबू जंडेल, विधायक कैलाश कुशवाह, जिला प्रभारी देवेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक प्रागीलाल जाटव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित अग्रवाल सहित शिवपुरी और श्योपुर जिले के सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### जयवर्धन का ट्रैक्टर, नेपाल का मरीज, दुल्हन भी फंसी

पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में नेशनल हाईवे-46 पर प्रदर्शन में ट्रैक्टर-ट्राली लेकर पहुंचे। उनकी सक्रियता ने कांग्रेसजनों में उत्साह भर दिया। जयवर्धन ने धरने के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया पर तंज कसते हुए कहाकि उन्हें किसानों की बहुत चिंता है, इसलिए उन्होंने किसानों के लिए प्याज की माला भिजवा दी है। कांग्रेस के इस प्रदर्शन के कारण नेपाल से पुणे जा रही फंसने के कारण करीब दो घंटे तक यात्री परेशान होते रहे। बस से अपनी मां को इलाज के लिए नेपाल से इंदौर जा रहा एक परिवार इस जाम से परेशान हो गया। वहीं कई यात्री जाम के दौरान खाने-पीने को लेकर परेशान होते रहे। वहीं एक अन्य बस में सवार दुल्हन और उसका परिवार जाम से उलझन में आ गया। मेंहदी-हल्दी लगाए शिवपुरी की इस लड़की की शादी रुठियाई के लड़के से हो रही है। जाम के कारण गुरुवार के सारे कार्यक्रमों पर पानी फिर गया। दुल्हन और मरीज का परिवार प्रदर्शनकारियों से उनकी बस निकलवाने की गुहार लगाते रहे, लेकिन रास्ता नहीं निकल सका।

### ये हैं किसानों से जुड़ी खास मांगें

- किसानों को खाद, पानी, बिजली, किसान निधि समय पर नहीं मिल रहे।
- फसल खरीदी और भुगतान व्यवस्था बिगड़ी है, मगर कहीं सुनवाई नहीं हो रही।
- ई-उपार्जन प्रक्रिया को सरल बनाया जाए
- ऑफलाइन विकल्प शुरू किया जाए
- गेहूं खरीदी का भुगतान 7 दिन में सुनिश्चित करने
- केसीसी ऋण की अवधि बढ़ाई जाए।

### महा जाम के प्रमुख स्थान

- **मुरैना :** मुरैना, भिंड
- **ग्वालियर :** ग्वालियर, दतिया
- शिवपुरी: शिवपुरी, श्योपुर
- **गुना :** गुना, अशोकनगर
- **शाजापुर:** शाजापुर, देवास, राजगढ़, आगर मालवा, उज्जैन, सीहोर, विदिशा, रायसेन, भोपाल
- **इंदौर :** इंदौर
- **खलघाट:** खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ धार, खरगोन।

### किसान फसल फेंक रहा है और सरकार खा रही झालमुड़ी: सिंघार

खलघाट टोल नाके पर धरने के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश का किसान अपनी फसल सड़क पर फेंकने को मजबूर है, लेकिन सरकार को सिर्फ बंगाल की राजनीति करनी है। उन्होंने कहाकि मुख्यमंत्री वहीं चले जाएं। किसान सब देख रहा है और अगर सरकार किसानों को रुलाएगी तो किसान भी सरकार को रुलाने का काम करेंगे। सरकार को किसानों का गेहूं और सोयाबीन दिखाई नहीं दे रहा। किसानों की परेशानी नहीं दिख रही।

### कांग्रेस का चक्काजाम फ्लॉप रहा, बड़े नेताओं ने बनाई दूरी: भाजपा

प्रदेश भाजपा ने कहा कि कांग्रेस का चकाजाम पूरी तरह से बेअसर और फ्लॉप साबित हुए है। किसान और कार्यकर्ता तो इस आंदोलन से दूर रहे ही,कांग्रेस अपने वरिष्ठ नेताओं को भी इस मुद्दे पर एक जुट नहीं कर सकी। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने इस संबंध में सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, अरुण यादव और अजय सिंह जैसे वरिष्ठ नेताओं की दूरी ने साफ कर दिया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस के भीतर नेतृत्व को लेकर गहरा मतभेद और अविश्वास है। चका जाम से आम जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ा,जबकि इसका जनसमर्थन कहीं दिखाई नहीं दिया। यह मात्र एक राजनीतिक अस्तित्व बचाने का असफल प्रयास अधिक नजर आया। उन्होंने आगे लिखा कि जब किसी दल के वरिष्ठ नेता ही पार्टी के आह्वान से दूरी बना लें,तो समझ लेना चाहिए कि न नेतृत्व में दम बचा है और न ही नीतियों में जनविश्वास। इधर, पार्टी दफ्तर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा किसान मोर्चे के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अपनी राजनीतिक छवि बनाने के लिए किसानों और आम जनता को परेशान कर रहे हैं। कांग्रेस को पहले अपने शासनकाल की जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए,जब किसानों पर गोलियां चलाई गई और उनसे 18 प्रतिशत ब्याज वसूला गया। सरकार किसानों के पसीने की कीमत समझती है। प्रदेश में लगातार सिंचाई क्षेत्र बढ़ने से इस वर्ष बंपर उत्पादन हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीनियर सिटीजन पंचायत में सुलझे बुजुर्गों के 131 मामले

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** विदिशा पुलिस ने बुजुर्गों की परेशानी दूर करने के लिए सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत शुरू की है। इसमें वरिष्ठ नागरिकों के पारिवारिक और संपत्ति विवादों को पुलिस की मदद से सुलझाया जा रहा है। पिछले साल 23 जनवरी से शुरू हुई इस पहल के तहत अब तक 54 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। इनमें कुल 187 प्रकरण सामने आए थे, जिनमें से 131 मामलों का निराकरण कर दिया गया है। इसके अलावा बुजुर्गों की शिकायतों पर उनके परिजनों को बुलाकर उन्हें समझाइश भी दी जा रही है। इस पंचायत के जरिए शमशाबाद में एक बेटे द्वारा पिता के पीएम आवास की राशि खर्च करने और जमीन कब्जाने के मामले में बेटे ने 15 दिन में राशि लौटा दी। इसी तरह एक बुजुर्ग विधवा महिला को धमकाने और वाहन में आग लगाने वाले बेटे के खिलाफ पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए आपराधिक केस दर्ज करने के निर्देश दिए।

### 9 लाख से अधिक किसानों से खरीदा 53 लाख टन गेहूं

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में गुरुवार तक 9 लाख 9 हजार किसानों से 53 लाख 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों की बढ़ती संख्या और सुविधा को देखते हुए सरकार ने गेहूं उपार्जन की अंतिम तिथि को 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दिया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि उपार्जन केंद्रों पर तौल पर्ची बनाने का समय अब रात 10 बजे तक और देयक (बिल) जारी करने का समय रात 12 बजे तक कर दिया गया है। केंद्रों पर भीड़ कम करने और तौल प्रक्रिया तेज करने के लिए प्रत्येक सेंटर पर तौल-कांटों की संख्या भी 4 से बढ़ाकर 6 कर दी गई है। इसके साथ ही एनआईसी सर्वर की क्षमता भी बढ़ाई गई है ताकि ऑनलाइन प्रक्रिया में कोई तकनीकी दिक्कत न आए। अब तक प्रदेश के 14 लाख 81 हजार किसान गेहूं बेचने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक कर चुके हैं। सरकार ने किसानों को अब तक 9525.70 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है। गौरतलब है कि प्रदेश में गेहूं की खरीदी 2425 रुपये समर्थन मूल्य और राच्य सरकार द्वारा घोषित 160 रुपये प्रति क्विंटल बोनस को मिलाकर कुल 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। गेहूं का उपार्जन सप्ताह में 6 दिन सोमवार से शनिवार तक किया जा रहा है।

## 44 डिग्री तापमान में 101 धूनी के बीच महंत का हठयोग देखने उमड़ रहे श्रद्धालु

**जागरण, ब्यावरा।** प्रदेश के ब्यावरा में भीषण गर्मी के बीच नाथ संप्रदाय के महंत हरिनाथ का अनोखा हठयोग लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। करीब 44.8 डिग्री तापमान में महंत हरिनाथ रोज दोपहर 12 बजे से तीन घंटे तक 101 जलती धूनी के बीच तपस्या कर रहे हैं। यह अनुष्ठान 19 अप्रैल से शुरू हुआ था, जिसका समापन 9 मई को होगा। करीब एक एकड़ खेत में 101 धूने सजाए गए हैं। धूनी में आग की तेज लपटें उठने के बाद महंत हरिनाथ वहां पहुंचते हैं और धुएं और अग्नि के बीच बैठकर हठयोग करते हैं। श्रद्धालु जयकारों के साथ उनका स्वागत करते हैं। धुएं की वजह से कुछ ही देर में महंत दिखाई देना बंद हो जाते हैं। व्यवस्था संभाल रहे जितेंद्र सौंधिया के अनुसार, धूनी के बीच तापमान सामान्य से कई डिग्री अधिक होता है, लेकिन वहां पहुंचने पर गर्मी का अहसास कम होता है। आयोजन में आसपास के करीब 50 गांवों से लोग पहुंच रहे हैं। 21 दिन के इस हठयोग में लगभग 84 हजार कंडों का उपयोग हो रहा है। श्रद्धालु गांवों से बैलगाड़ियों और ट्रॉलियों में कंडे लेकर पहुंच रहे हैं। समापन पर भंडारे और धार्मिक कार्यक्रम भी होंगे।



## महाकाल दर्शन करने आए परिवार को दुकानदारों ने पीटा, बच्चे का हाथ टूटा

**जागरण, उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में एक बार फिर श्रद्धालुओं के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। गाजियाबाद से दर्शन करने आए श्रद्धालु विश्वबंधु मेहरा और उनके परिवार के साथ स्थानीय दुकानदारों ने कथित रूप से गाली-गलौज और मारपीट की। घटना में मासूम बच्चे का हाथ टूटने और परिवार के अन्य सदस्यों के घायल होने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार उप्र के गाजियाबाद के रहने वाले विश्वबंधु अपनी पत्नी और बच्चे के साथ 6 मई को उज्जैन पहुंचे थे।

**बरगी क्रूज हादसा:** मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा

## दो याचिकाएं दायर, संज्ञान मामले में पुलिस ने कार्रवाई के लिए लिया समय

**जागरण, जबलपुर।** बरगी क्रूज हादसे में लापरवाही के दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने तथा निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए हाईकोर्ट में दो याचिकाएं दायर की गयी हैं। इसके अलावा तीन अन्य याचिका शीघ्र दायर किये जाने वाली हैं। वहीं जिला अदालत द्वारा संज्ञान लिये गये मामले में पुलिस प्रशासन द्वारा क्रूज चालक तथा क्रू सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने देने का आग्रह जिला न्यायालय में किया गया है। विगत 30 अप्रैल की शाम बरगी बांध में पर्यटन विकास निगम का क्रूज पलट गया था। हादसे में आठ महिला, चार बच्चों सहित 13 व्यक्तियों की मौत हो गयी थी। 28 व्यक्तियों को बचा लिया गया था। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान क्रूज को बाहर निकाल लिया गया था। उक्त क्रूज हादसे को संज्ञान में लेते हुए जिला न्यायालय ने गत मंगलवार को चालक सहित अन्य सदस्यों के खिलाफ बरगी थाना प्रभारी को दो दिनों में एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किये थे। जेएमएफसी डीपी सूत्रकार ने बरगी हादसे के संबंध में समाचार पत्र तथा सोशल मीडिया में प्रकाशित खबरों को संज्ञान में लेते हुए अपने आदेश में कहा था कि प्रकाशित खबरों के अनुसार चालक द्वारा क्रूज अपेक्षा पूर्वक चलाया गया। जिसके कारण क्रूज डूबने से कई व्यक्तियों की मौत हो गयी। चालक स्वयं क्रूज की गतिविधियों से परिचित होने पर भी उसके सवार यात्रियों को डूबता छोड़कर सकुशल बच निकला। उसके द्वारा उन्हें बचाने के कोई प्रयास न किया जाना धारा 106 भारतीय न्याय संहिता 2023 और धारा 110 अपराधिक मानव वध करने के प्रयत्न को दर्शाता है। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच नहीं हुई तो भविष्य में क्रूज संचालन या नाव संचालित करने वाला कोई भी व्यक्ति अनहोनी होने पर लोगों को डूबता हुआ छोड़ेगा और इस कार्य की पुनरावृत्ति होगी।

## आईएएस फार्म हाउस जुआ कांड टीआई का सस्पेंशन ऑर्डर खारिज

### हाईकोर्ट ने अपने आदेश में की टिप्पणी- आदेश पूरी तरह से मनमाना, दिखावटी और प्रतिशोधात्मक

**जागरण, इंदौर।** मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने करीब दो माह पहले इंदौर में एक आईएएस के फार्म हॉउस के जुआ कांड में सस्पेंड मानपुर टीआई लोकेंद्र सिंह हिहोरे का सस्पेंशन ऑर्डर खारिज कर दिया है। गुरुवार को मामले में हाई कोर्ट ने इस लेकर आदेश जारी किया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में लिखा कि यह आदेश पूरी तरह से मनमाना, दिखावटी और प्रतिशोधात्मक है। याचिकाकर्ता द्वारा साफ लिखा है कि आईएएस का घटनास्थल बदलने के लिए दबाव आया, जब इसका पालन नहीं किया और सत्यनिष्ठा के साथ एफआईआर में सही लिखा तो सस्पेंड कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि इन आरोपों का प्रतिवादियों द्वारा ना खंडन किया गया, ना ही समर्थन, पूरे मामले में चुप्पी साधी रखी गई। लेकिन घटना का पूरा क्रम बताता है कि यह आदेश प्रतिशोधात्मक था और उच्च स्तर के आदेश का पालन नहीं करने के कारण किया। पुलिस द्वारा की गई जांच में भी कोई स्वतंत्र गवाह नहीं है और पुराने केस गिनाए गए हैं। गौरतलब है कि 10-11 मार्च की रात आईएएस के फार्महाउस पर जुआ खेलते लोगों को पकड़ा था। इसके बाद मानपुर टीआई लोकेंद्र सिंह हिहोरे, एसआई मिथुन ओसारी और एएसआई रेशम गिरवाल को सस्पेंड कर दिया गया। कुछ दिन बाद एसआई और एएसआई बहाल हो गए, लेकिन टीआई पर कार्रवाई जारी रही और उन्हें बुरहानपुर अटैच कर दिया था।



### राहुल गांधी मामले में हाईकोर्ट में अंतिम सुनवाई 12 को

**जबलपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भोपाल की विशेष अदालत में लंबित मानहानि प्रकरण के खिलाफ दायर याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस पीके अग्रवाल की एकलपीठ ने दलीलें सुनने के बाद मामले को अंतिम सुनवाई के लिए 12 मई को नियत किया है। दरअसल, भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह के परिवाद पर एमपी-एमएलए कोर्ट भोपाल के विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा राहुल गांधी को समन जारी किया गया था। समन व परिवाद को निरस्त कराने हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है।

## इंजीनियर से 7 लाख की ठगी, 3 माह में हुआ केस

**जागरण, ग्वालियर।** शहर के मुरार इलाके में रहने वाले एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को साइबर ठगों ने अपनी मीठी बातों में फंसाकर सात लाख रुपए से अधिक की चपत लगा दी। ठगों ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर पहले विश्वास जीता और फिर अनचाहे लोन को बंद कराने के नाम पर किस्तों में मोटी रकम वसूल ली। घटना 3 सितंबर 2025 से 3 फरवरी 2026 के बीच त्यागी नगर मुरार की है। हैरान करने वाली बात यह है कि पीड़ित को पुलिस में मामला दर्ज कराने के लिए ही तीन महीने तक चक्कर काटने पड़े। इसके बाद मुरार थाना पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज किया है। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है कि किन-किन अकाउंट में रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक त्यागी नगर के रहने वाले विपिन कुमार सिंह बेंगलुरु की एक प्रतिष्ठित कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उन्होंने एचडीएफसी बैंक में लोन के लिए आवेदन किया था। आवेदन के कुछ समय बाद ही उनके पास अज्ञात नंबरों से लोन दिलाने के कॉल आने शुरू हो गए।

## सिंहस्थ से पहले भोपाल रेलवे स्टेशन पर बनेगा तीसरा फुट ओवर ब्रिज

▸▸ 20 करोड़ रुपए आएगी लागत ▸▸ प्लेटफार्म 1 से लेकर 6 तक होगी पहुंच

**नगर संवाददाता, भोपाल।** उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ मेला 2028 को लेकर रेलवे ने अभी से तैयारियां तेज कर दी हैं। करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने भोपाल जंक्शन पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने की योजना तैयार की है। इसी के तहत भोपाल रेलवे स्टेशन पर तीसरा फुटओवर ब्रिज बनाया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह ब्रिज बीना छोर की ओर तैयार होगा, जिसकी लंबाई करीब 156 मीटर और चौड़ाई 6 मीटर होगी। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग 20 करोड़ रुपए तय की गई है। फिलहाल यह योजना प्रक्रिया में है और सिंहस्थ शुरू होने से पहले इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। रेलवे द्वारा बनाए जाने वाले इस नए फुटओवर ब्रिज को इस तरह डिजाइन किया जा रहा है ताकि यात्रियों की आवाजाही पहले से ज्यादा आसान और सुरक्षित हो सके। यह ब्रिज प्लेटफार्म नंबर-एक को स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया से जोड़ेगा, वहीं प्लेटफार्म नंबर-छह से होल्डिंग एरिया तक सीधा कनेक्शन भी दिया जाएगा। इसके दोनों ओर बड़े वेटिंग और होल्डिंग एरिया तैयार किए जाएंगे, जहां भारी भीड़ के दौरान यात्रियों को सुरक्षित तरीके से रोका और व्यवस्थित किया जा सकेगा। रेलवे का मानना है कि सिंहस्थ के दौरान स्टेशन पर अचानक बढ़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने में यह ब्रिज काफी मददगार साबित होगा। साथ ही सामान्य दिनों में भी रोजाना करीब 15 हजार यात्रियों को इसका सीधा फायदा मिलेगा।

### भीड़ प्रबंधन पर फोकस सुरक्षा पर भी नजर

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए सिर्फ फुटओवर ब्रिज ही नहीं, बल्कि स्टेशन की पूरी व्यवस्था को बेहतर बनाने पर काम किया जा रहा है। प्लेटफार्म विस्तार, अतिरिक्त प्रतीक्षालय, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री मार्गदर्शन और भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष योजना बनाई जा रही है। स्टेशन परिसर में ऐसे होल्डिंग एरिया विकसित किए जाएंगे, जहां जरूरत पड़ने पर यात्रियों को सुरक्षित तरीके से रोका जा सके। इसके अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए बेहतर बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई और सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती भी की जाएगी।

**सौरभ शर्मा मामला** लोकायुक्त पुलिस निर्धारित 90 दिन की समय सीमा में चार्जशीट पेश करने में नाकाम रही

# ईडी ने लोकायुक्त की कार्रवाई को कटघरे में किया खड़ा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में जेल में बंद सौरभ शर्मा और उसके दो साथियों, चेतन सिंह गौर एवं शरद जायसवाल के मामले में ईडी ने लोकायुक्त की कार्रवाई को ही कठघरे में खड़ा कर दिया है। ईडी द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, इस मामले में सौरभ शर्मा और उसके साथियों को लोकायुक्त की सुस्ती से जमानत मिल गई, लेकिन ईडी के केस में वे अब तक जेल में बंद हैं। ईडी ने अपने बुलेटिन में दावा किया है कि रिटायर्ड आरटीओ आरक्षक सौरभ शर्मा के खिलाफ पहला छापा लोकायुक्त ने ही मारा था और उसके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था। हालांकि, लोकायुक्त पुलिस निर्धारित 90 दिन की समय सीमा के भीतर चार्जशीट पेश करने में नाकाम रही, जिसका फायदा उठाते हुए सौरभ शर्मा को भोपाल की स्पेशल कोर्ट से 1 अप्रैल 2025 को डिफॉल्ट बेल मिल गई। ईडी के बुलेटिन में दावा किया गया है कि लोकायुक्त की इस विफलता और सुस्ती के बाद प्रवर्तन निदेशालय की भोपाल यूनिट ने सख्ती से कार्रवाई की, जिससे सौरभ, चेतन और शरद अब तक जेल की सलाखों के पीछे हैं। लोकायुक्त के बाद इस केस में ईडी ने सौरभ के ठिकानों पर रेड की थी। ईडी ने भोपाल जोन में दर्ज ईसीआईआर के तहत सौरभ शर्मा को घेरा। ईडी की जांच में सामने आया कि सौरभ ने शेल कंपनियों, लोन और जटिल ट्रांजेक्शन के जरिए करीब 108 करोड़ रुपये की अवैध काली कमाई को सफेद करने का जाल बुना था।



### काले धन को ठिकाने लगाने के ईडी को पुख्ता सबूत मिले

ईडी ने अदालत में तर्क रखे कि आरोपी ने अपने सहयोगियों की मदद से फर्जी कंपनियों और परिजनों के खातों का इस्तेमाल कर पैसों की लेयरिंग की और वही इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड था। हाल ही में जबलपुर हाईकोर्ट ने सौरभ शर्मा की नियमित जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए उसे खारिज कर दिया। अदालत ने साफ किया कि मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की धारा 45 के तहत तय की गई दोहरी शर्तें इस मामले में पूरी नहीं होती हैं। अदालत ने ईडी द्वारा पेश दस्तावेजों और सह-आरोपियों के बयानों को गंभीर मानते हुए स्वीकार किया कि सौरभ शर्मा और उसके साथियों द्वारा काले धन को ठिकाने लगाने के पुख्ता सबूत मिले हैं। कोर्ट के इस आदेश के बाद यह साफ हो गया है कि भले ही लोकायुक्त की ढिलाई से आरोपी सौरभ और उसके दोनों साथियों को राहत मिल गई हो, लेकिन ईडी के कारण फिलहाल तीनों को जेल में ही रहना होगा।

### आय से अधिक संपत्ति के मामलों को कोर्ट में साबित करना कठिन चुनौती

इस मामले में ईडी द्वारा बुलेटिन जारी किए जाने के बाद अब लोकायुक्त के अफसरों ने फिलहाल चुप्पी साध ली है। नाम न छापने की शर्त पर लोकायुक्त के एक अधिकारी ने दावा किया कि आय से अधिक संपत्ति के मामलों को कोर्ट में साबित करना एक कठिन चुनौती होती है, इसलिए लोकायुक्त पुलिस को जांच पूरी करने में लंबा समय लग रहा है। इस मामले में अब तक लोकायुक्त पुलिस की जांच जारी है और बैंक स्टेटमेंट व प्रॉपर्टी के दस्तावेजों के जरिए यह साबित करने के प्रयास हो रहे हैं कि करोड़ों की अवैध संपत्ति का असली मालिक सौरभ ही था, जो उसने बेनामी और रिश्तेदारों के नाम से बनाई है। इस मामले में आयकर विभाग भी 52 किलो गोल्ड और 11 करोड़ कैश के साथ लगभग 96 करोड़ की संपत्ति को राजसात करने की तैयारी कर रहा है। इनकम टैक्स और पुलिस की संयुक्त टीम ने मेंडोरी इलाके में 2024 में एक सफेद रंग की इनोवा कार से यह भारी-भरकम रकम और गोल्ड बरामद किया था। आयकर अफसरों ने जेल में जाकर जब सौरभ और उसके साथियों से पूछताछ की, तो तीनों ने इस गोल्ड और कैश को अपना मानने से साफ इनकार कर दिया था।

## शान-ए-भोपाल में बढ़ेगा थर्ड ऐसी का कोच

**भोपाल।** यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या और ट्रेनों में लंबी वेटिंग को देखते हुए रेलवे ने भोपाल एक्सप्रेस में स्थायी रूप से एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। इस एक कोच के जुड़ने से ट्रेन में करीब 72 अतिरिक्त यात्री सफर कर सकेंगे। इससे रोजाना बड़ी संख्या में यात्रियों को कन्फर्म सीट मिलने की संभावना बढ़ जाएगी। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 12155 रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन भोपाल एक्सप्रेस में यह अतिरिक्त थर्ड एसी कोच 24 जून से जोड़ा जाएगा। वहीं वापसी दिशा में गाड़ी संख्या 12156 हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति भोपाल एक्सप्रेस में यह सुविधा 27 जून से लागू होगी। अधिकारियों का कहना है कि भोपाल एक्सप्रेस में लंबे समय से यात्रियों का दबाव बढ़ रहा था। खासकर त्योहारों, छुट्टियों और सप्ताहांत में ट्रेन में सीट मिलना मुश्किल हो जाता था। कई यात्रियों को लंबी वेटिंग के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब अतिरिक्त थर्ड एसी कोच लगने से यात्रियों को अधिक आरक्षित सीटें मिलेंगी और वेटिंग लिस्ट कम करने में मदद मिलेगी। भोपाल एक्सप्रेस राजधानी दिल्ली और भोपाल के बीच चलने वाली प्रमुख ट्रेनों में से एक है।

## बिहारः सम्राट सरकार में 32 मंत्रियों ने ली शपथ

# नीतीश के बेटे निशांत को बनाया गया स्वास्थ्य मंत्री

**पटना, जेएनएन।** सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के 22 दिन बाद गुरुवार को बिहार मंत्रिमंडल का बड़ा विस्तार किया गया। पटना में आयोजित मेगा शपथ ग्रहण समारोह में कुल 32 मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। इनमें सबसे ज्यादा चर्चा निशांत कुमार की रही, जिन्हें पहली बार मंत्री बनाया गया है। उन्हें स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। करीब 25 मिनट के समारोह में मंत्रियों ने पांच-पांच के समूह में शपथ ली। पहले चरण में निशांत कुमार, विजय कुमार सिन्हा, श्रवण कुमार, लेसी सिंह और दिलीप जायसवाल ने शपथ ग्रहण किया।

लंबे समय से राजनीति से दूरी बनाए रखने वाले निशांत अब सक्रिय भूमिका में आ गए हैं। उन्हें सीधे स्वास्थ्य मंत्रालय जैसा अहम विभाग सौंपा गया है। विजय कुमार सिन्हा को कृषि मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अन्य मंत्रियों के विभागों का बंटवारा भी धीरे-धीरे जारी किया जा रहा है। इस विस्तार के बाद सम्राट सरकार में कुल मंत्रियों की संख्या 34 हो गई है। मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री पहले ही शपथ ले चुके थे।



### पीएम मोदी भी रहे मौजूद

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद उन्होंने नीतीश कुमार को मंच पर अपने पास बुलाया और हाथ मिलाया। इस दौरान नीतीश कुमार ने पीएम मोदी का कंधा पकड़कर हिलाया।

### बिहार कैबिनेट में दलगत स्थिति

- भारतीय जनता पार्टी के 15 मंत्री
- जनता दल यूनाइटेड को 13 सीट
- लोक जन शक्ति (रामविलास) से 2
- हम और आरएलएम से एक-एक मंत्री




वियतनामः सापा की पहाड़ियों में रेड दाओ समुदाय के किसान चावल के सीजन की तैयारी कर रहे हैं। वियतनाम के इन खूबसूरत खेतों तक भी अब ईरान युद्ध की तपिश पहुंच चुकी है, जहाँ ईंधन और ऊंची खाद की कीमतों ने रोपाई के सीजन को और अधिक खर्चीला बना दिया है, जिससे स्थानीय किसान परेशान हैं। यहां पारंपरिक ढ़ंग से ही धान रोपा जाता है। आने वाले समय में यदि युद्ध जारी रहता है तो यहां संकट और गहराएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नासिक टीसीएस कांड की आरोपी निदा खान गिरफ्तार

**नासिक/छत्रपति संभाजी नगर, जेएनएन।** नासिक टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) कांड में फरार आरोपी निदा खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। निदा खान पर न सिर्फ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है, बल्कि उस पर मुख्य आरोपियों की मदद करने और यौन शोषण जैसे गंभीर मामलों में शामिल होने का भी आरोप है। दरअसल, नासिक पुलिस की स्पेशल टीम पिछले 25 दिनों से निदा खान की तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए निदा खान ने अग्रिम जमानत लेने की भी कोशिश की थी।



### जाति तब खत्म होगी जब समाज बदलेगाः भागवत

**मैसूरु (कर्नाटक), जेएनएन।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण नीति और यूसीसी जैसे कानून लोगों के सहयोग के बिना सफल नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि जाति आधारित राजनीति तभी खत्म होगी, जब समाज जाति के आधार पर सोचना बंद करेगा। भागवत गुरुवार को कर्नाटक के मैसूरु में जेएसएस महाविद्यापीठ में 'सोशल हार्मनी ऐज ए कैटलिस्ट फॉर नेशनल डेवलपमेंट' विषय पर इंटरेक्टिव सेशन में लोगों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने समानता को नारों से नहीं, बल्कि व्यवहार में अपनाने की अपील की।



### कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है अल्बर्टा

**ओटावा, जेएनएन।** कनाडा के पश्चिमी प्रांत अल्बर्टा को अलग देश बनने की मांग और ज्यादा तेज हो गई है। अलगाववादियों ने बुधवार को दावा किया है कि उन्होंने इतना समर्थन जुटा लिया है कि अब स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह कराया जा सकता है। अलगाववादी नेताओं के मुताबिक, उन्होंने करीब 3 लाख हस्ताक्षर चुनाव अधिकारियों को सौंपे हैं, जबकि इसके लिए 1.78 लाख दस्तखत की जरूरत थी। चुनाव आयोग को पहले इन हस्ताक्षरों की जांच करनी होगी। अगर वोटिंग अल्बर्टा के पक्ष में गई तो यह प्रांत कनाडा से अलग देश बन सकता है।




# सीमा पार से आए हथियारबंद उग्रवादियों ने मणिपुर के कई गांवों में लगाई आग

## जान बचाने कई लोग जंगल भागे, विधायक बोलेः कुकी नेशनल आर्मी और पीडीएफ ने किया हमला

**इंफाल, जेएनएन।** मणिपुर के कमजोंग जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास गुरुवार सुबह हथियारबंद उग्रवादियों ने कई गांवों पर हमला किया। कई घरों में आग लगा दी गई। लोग जान बचाकर जंगलों में भाग गए। पुलिस के मुताबिक, हमला सुबह करीब चार बजे हुआ। उग्रवादियों ने कसोम खुल्लेन थाना क्षेत्र के तांगखुल नागा गांव नामली, वांगली और चोरो को निशाना बनाया। ये गांव अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर से कम दूरी पर हैं। हमले के दौरान भागने की कोशिश में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई।



गांव वालों के मुताबिक, नामली में दो, वांगली में तीन से चार और चोरो में कई घर जलकर राख हो गए। चोरो में एक चर्च को छोड़कर कई घरों को नुकसान पहुंचा। बाद में असम राइफल्स समेत सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। फुंगयार से विधायक एल केइशिंग ने आरोप लगाया कि हमला म्यांमार की ओर से आए उग्रवादी संगठनों कुकी नेशनल आर्मी (बर्मा) और पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) ने किया। उन्होंने कहा कि अब तक राज्य में अंदरूनी संघर्ष हो रहे थे, लेकिन अब बाहरी हमला हुआ है।

एल केइशिंग ने कहा कि करीब साढ़े तीन बजे चार से पांच सीमा गांवों पर हमला किया गया। उन्होंने बताया कि कई घर जल गए हैं, हालांकि किसी की मौत नहीं हुई है। दो लोग, जिनमें एक महिला शामिल है, अब भी लापता हैं। हमले के चश्मदीद के मुताबिक, उन्हें हथियारबंद उग्रवादी अपने साथ ले गए। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार से इस मामले में एक्शन लेने की अपील की। आरोप लगाया कि इलाके में मणिपुर पुलिस की मौजूदगी नहीं है।

### विदेश मंत्रालय का सख्त रुख

## बांग्लादेशी घुसपैठियों को हर हाल में भेजा जाएगा वापस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर अब सख्त तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। विदेश मंत्रालय ने साफ शब्दों में कहा है कि भारत में गैरकानूनी तरीके से रह रहे विदेशी नागरिकों को हर हाल में वापस भेजा जाएगा, लेकिन इस प्रक्रिया में बांग्लादेश की सुस्ती सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। नई दिल्ली ने ढाका से लंबित नागरिकता सत्यापन मामलों को तुरंत निपटाने की मांग करते हुए संकेत दिया है कि अब इस मुद्दे पर और इंतजार नहीं किया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान यह बात कही। रणधीर जायसवाल ने कहा कि फिलहाल 2862 मामलों में नागरिकता सत्यापन लंबित है कई मामले तो 5 वर्षों से भी ज्यादा समय से रुके हुए हैं। भारत लगातार स्थापित द्विपक्षीय व्यवस्थाओं के तहत अवैध विदेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजने की नीति पर काम कर रहा है।



## 65 प्रतिशत महिलाएं 30 की उम्र से पहले ले रही हैं पहला लोन

**एमपॉकेट के हालिया सर्वे के मुताबिक, देश की लगभग दो-तिहाई भारतीय महिलाएं 30 वर्ष की आयु से पहले ही औपचारिक ऋण प्रणाली (फॉर्मल क्रेडिट सिस्टम) में प्रवेश कर जाती हैं।**



| | |
|---|---|
| 10,000 | महिलाओं पर किया गया यह सर्वे |
| 48.6% | वेतनभोगी हैं लोन लेने वाली महिलाएं |
| 40% | ने खुद को स्व-नियोजित, उद्यमी या स्वतंत्र कार्यकर्ता के रूप में पहचाना |
| 41.6% | महिलाएं आपात स्थिति और 15.7 प्रतिशत शिक्षा के लिए ले रही हैं ऋण |
| 79% | महिलाओं का मानना है कि वे पिछली पीढ़ी की तुलना में अधिक आर्थिक रूप से स्वतंत्र |
| 65% | से अधिक उत्तरदाताओं ने बताया कि 30 साल की उम्र से पहले लिया था अपना पहला लोन |
| 75.8% | महिलाओं ने अपना पहला ऋण लेते समय आत्मविश्वास महसूस किया |
| 41.6% | ने आपात स्थिति के लिए लिया लोन |
| 20.8% | ने पारिवारिक जरूरतों के लिए |
| 15.7% | ने शिक्षा या कौशल विकास के लिए ऋण लिया। |




# बेटे की कब्र पर बिलखकर रोई एक्ट्रेस सेलिना जेटली

## मारपीट झेली, अब बच्चों के लिए तरसी, तलाक ने किया सब तबाह

**हाल** ही में सेलिना ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में दिख रहा है कि कैसे वो अपने बेटे की कब्र पर गईं और वहां जाकर वो काफी इमोशनल हो गईं। सेलिना की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि कैसे बेटे शमशेर की कब्र पर जाकर वो उसे साफ कर रही हैं और इस दौरान उनके आंसू नहीं रुक रहे हैं। अभिनेत्री सेलिना जेटली पिछले काफी दिनों से सुर्खियों में हैं। दरअसल सेलिना जेटली अपने एक्स पति से अलग हो गई हैं। इसके बाद से उन्हें काफी कुछ सहना पड़ रहा है। पति पीटर हाग के साथ उनका तलाक का मामला चल रहा है। इस डिवोर्स ने उनसे सबकुछ छीन लिया है।

सेलिना ने वीडियो शेयर करते हुए एक लंबा चौड़ा पोस्ट शेयर किया और इसमें लिखा है कि, एक मां के रूप में अपने सदमे को दुनिया को दिखाने के लिए मेरे पास इस वीडियो को शेयर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। पिछले कुछ हफ्ते मेरे जीवन के सबसे कठिन रहे हैं। मैं अपने तलाक की सुनवाई के लिए ऑस्ट्रिया में थी... ऑस्ट्रियाई जज के सामने एक अंडरटेकिंग (वचन) देने के बावजूद, मेरे बच्चों को किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया गया था, उन्हें घर नहीं लाया गया। मैं जिस एकमात्र बच्चे से मिल सकी, वह मेरा बेटा शमशेर था, जिसका कुछ समय पहले निधन हो गया। यह एक ऐसी मां की दिल दहला देने वाली कहानी है जिसने अपने बच्चों के जन्म के दिन से ही उनके लिए सब कुछ किया है। मैंने अपना देश, अपने माता-पिता, अपना काम छोड़ दिया और भारत से दुबई, सिंगापुर, ऑस्ट्रिया और फिर वापस दुबई और ऑस्ट्रिया चली गई, यह सब सिर्फ अपने पति के करियर को सहारा देने के लिए किया।



## सेना बोली- ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा पाकिस्तानी जवान मारे गए

**जयपुर, जेएनएन।** ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने कहा कि कि पाकिस्तान में कोई भी आतंकवादी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। जयपुर में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना ने बताया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 100 से ज्यादा जवानों और टेररिस्ट कैंप में 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई है।




### पीएम मोदी ने सोशल मीडिया में डीपी बदली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी डिस्प्ले पिक्चर बदलकर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो लगाया है। पीएम मोदी ने संस्कृत श्लोक के लिए जरिए सेनाओं के पराक्रम को सलाम किया है। उन्होंने लिखा- उदीर्णमनसो योधा वाहनानि च भारत। यस्यां भवन्ति सेनायां ध्रुवं तस्यां जयं वदेत्ज। यानी हे भारत, जिस सेना के योद्धा ऊंचे उत्साह और मजबूत मनोबल वाले हों, और जिसके पास अच्छे वाहन/साधन हों, उस सेना की विजय निश्चित मानी जाती है। एक और पोस्ट में पीएम लिखते हैंज एक साल पहले, हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बेजोड़ साहस, सटीकता और संकल्प का प्रदर्शन किया था।

# संजय कपूर की प्रॉपर्टी लड़ाई सुलझाएंगे पूर्व सीजेआई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की मां 80 वर्षीय रानी कपूर और उनकी तीसरी पत्नी प्रिया सचदेव कपूर के बीच 30,000 करोड़ रुपये के संपत्ति विवाद को मध्यस्थता के लिए भेज दिया है। कोर्ट ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ को मध्यस्थ नियुक्त किया है। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने सभी पक्षकारों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे इस मामले में सार्वजनिक रूप से कोई बयान न दें और न ही सोशल मीडिया पर कोई टिप्पणी करें। मध्यस्थता केवल पारिवारिक सदस्यों तक सीमित रहेगी। कोर्ट ने कहा, 'हम स्पष्ट करते हैं कि यह मध्यस्थता केवल पारिवारिक सदस्यों तक ही सीमित रहेगी। हम सभी पक्षों से अनुरोध करते हैं कि वे सार्वजनिक रूप से कोई बयान न दें और सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे पर चर्चा न करें।' कोर्ट ने आगे कहा कि चूंकि यह एक पारिवारिक विवाद है, इसलिए इसे सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाने का प्रयास होना चाहिए। रानी कपूर की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए 27 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने रानी कपूर की याचिका पर प्रिया सचदेव कपूर समेत 22 अन्य लोगों को नोटिस जारी किया था। उस समय कोर्ट ने संकेत दिया था कि ऐसे पारिवारिक विवादों में मध्यस्थता बेहतर विकल्प हो सकता है। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि 80 वर्षीय व्यक्ति के लिए लंबा मुकदमा लड़ना उचित नहीं है। कोर्ट का सख्त संदेश देते हुए पीठ ने कहा, 'आप सब क्यों लड़ रहे हैं? आपकी उम्र 80 साल है। यह आपके मुवक्किल की लड़ने की उम्र नहीं है। एक बार में शुरू से अंत तक मध्यस्थता के लिए जाएं। अन्यथा यह सब व्यर्थ है।' कोर्ट ने जोर देकर कहा कि सभी पक्षों के हित में यही बेहतर है कि वे मध्यस्थता के जरिए विवाद को शांतिपूर्ण और न्यायसंगत तरीके से सुलझाएं।



**एआई अध्यात्म** दक्षिण कोरिया में ह्यूमनॉइड रोबोट ने मंदिर में ली दीक्षा

# 'गाबी' रोबोट बना बौद्ध संन्यासी

**नई दिल्ली, सियोल, जेएनएन।** क्या कोई रोबोट आध्यात्म का रास्ता चुन सकता है? क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और धर्म एक साथ चल सकते हैं? दक्षिण कोरिया में हुई एक अनोखी घटना ने इन सवालों को हकीकत में बदल दिया है। दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल स्थित जोग्येसा मंदिर में एक ह्यूमनॉइड रोबोट ने बौद्ध धर्म के प्रति समर्पण की शपथ लेकर आधिकारिक तौर पर 'मोंक' यानी संन्यासी के रूप में अपनी शुरुआत की। 130 सेंटीमीटर लंबे इस रोबोट का नाम 'गाबी' रखा गया है। यह रोबोट पारंपरिक भूरे और स्लेटी रंग के बौद्ध वस्त्र पहनकर मंदिर में आयोजित दीक्षा समारोह में शामिल हुआ। समारोह के दौरान वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं ने रोबोट से धार्मिक सवाल पूछे। जब एक भिक्षु ने पूछा कि क्या वह खुद को बुद्ध और बौद्ध धर्म के प्रति समर्पित करेगा, तो रोबोट ने साफ आवाज में जवाब दिया- 'हां, मैं खुद को समर्पित करूंगा।' वहां मौजूद लोगों के लिए इसे बेहद अनोखा और भावुक दृश्य करार दिया। गाबी ने भिक्षुओं और भिक्षुणियों का झुककर सम्मान प्रकट किया।



**108** एक भिक्षु ने गाबी के गले में 108 मोतियों की पारंपरिक बौद्ध माला पहनाई। उसकी बांह पर एक विशेष स्टिकर लगाया। यह प्रक्रिया पारंपरिक 'येओनबी' प्रथा का आधुनिक रूप मानी जा रही है। पहले भिक्षुओं की त्वचा पर अगरबत्ती से छोटे-छोटे निशान बनाए जाते थे।

### चीनी कंपनी ने बनाया है

'गाबी' को यूनिट्री रोबोटिक्स नाम की चीनी कंपनी ने विकसित किया है। यह रोबोट इंसानों की तरह चलने, बोलने और प्रतिक्रिया देने में सक्षम है। हालांकि तकनीकी रूप से यह एक एआई-संचालित मशीन है, लेकिन दक्षिण कोरिया के बौद्ध समुदाय ने इसे धर्म और आधुनिक तकनीक के बीच संवाद का प्रतीक बताया है। यह दीक्षा समारोह बुद्ध पूर्णिमा से पहले आयोजित किया गया।

**गाबी यानी करुणा और दयाः** जोग्ये संप्रदाय के सांस्कृतिक मामलों के प्रमुख सीयोंग वॉन ने बताया कि 'गाबी' नाम दया और करुणा से जुड़े कोरियाई शब्दों से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि ऐसा नाम चुना गया जो सरल हो और दुनिया भर में बुद्ध की करुणा और शांति का संदेश पहुंचा सके।

### रोबोट के यह प्रमुख नियम

- जीवन का सम्मान करना। किसी भी जीवित प्राणी को नुकसान नहीं पहुंचाना।
- दूसरे रोबोट या वस्तुओं को नुकसान न पहुंचाना। तकनीकी और सामाजिक संतुलन बनाए रखना।
- इंसानों की आज्ञा मानना। और विवाद से बचना।
- अशोभनीय संवाद और आचरण से बचना।

# खुले में पेशाब रोकने के लिए वायरल हुआ मैसूर का 'शीशा वाली दीवार' का प्रयोग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कर्नाटक के मैसूरु शहर में खुले में पेशाब की समस्या रोकने के लिए नगर निगम ने एक अनोखा तरीका सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मैसूरु सिटी कॉर्पोरेशन ने एक व्यस्त सार्वजनिक इलाके की दीवार पर बड़ा चमकदार शीशा लगवा दिया, ताकि वहां पेशाब करने आने वाले लोग खुद को देखकर असहज महसूस करें।

यह दीवार उपनगरीय बस स्टैंड के पास स्थित है और लंबे समय से लोग यहां खुले में पेशाब करते थे। निगम ने केवल जुर्माना या चेतावनी बोर्ड लगाने के बजाय लोगों के व्यवहार में बदलाव लाने के लिए यह नया प्रयोग किया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिखाया गया कि पूरी दीवार को स्टील मिरर से कवर किया गया है। वीडियो बनाने वाले व्यक्ति ने बताया कि अगर लोग खुद को सार्वजनिक जगह पर ऐसा करते हुए देखेंगे तो वे शर्म महसूस करेंगे और ऐसा करने से बचेंगे।

**चेतावनी बोर्ड से ज्यादा असरदार तरीकाः** वीडियो में व्यक्ति ने कहा कि अगर यहां सिर्फ यह लिख दिया जाता कि 'यहां पेशाब करना दंडनीय अपराध है', तो शायद लोग इसे गंभीरता से नहीं लेते। लेकिन आईना लगाने से लोग खुद ही रुकने लगे हैं। नगर निगम का यह कदम स्वच्छ भारत अभियान जैसी सफाई मुहिम का हिस्सा माना जा रहा है। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस तरह के रचनात्मक उपाय लोगों में बेहतर नागरिक व्यवहार विकसित करेंगे और सख्त कार्रवाई की जरूरत भी कम पड़ेगी। सोशल मीडिया पर इस पहल को लेकर लोगों की प्रतिक्रिया काफी सकारात्मक रही। कई यूजर्स ने इसे शानदार और व्यावहारिक आइडिया बताया और कहा कि दूसरे शहरों में भी इसे अपनाया जाना चाहिए।

**लोगों ने की तारीफः** कई लोगों ने कहा कि यह तरीका मनोवैज्ञानिक रूप से असरदार है, क्योंकि सार्वजनिक जगह पर खुद को ऐसी स्थिति में देखना किसी को भी असहज कर सकता है। वहीं कुछ लोगों ने मजाकिया अंदाज में कहा कि शायद ही कोई व्यक्ति खुद को आईने में ऐसी हालत में देखना चाहेगा। हालांकि कुछ लोगों ने यह चिंता भी जताई कि इन शीशों की देखभाल कैसे होगी और कहीं उन्हें नुकसान या चोरी का खतरा तो नहीं रहेगा।



मैसूर सिटी कॉर्पोरेशन ने दीवारों पर लगे स्टील मिरर, लोग बोले- शानदार आइडिया!

## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** चूनाभट्टी इलाके में एक युवक ने पत्नी से विवाद के बाद फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक ने सुसाइड नोट छोड़ा है जिसमें पत्नी और ससुराल वालों से परेशान करने की बात कही है। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। हैंडराइटिंग मिलान के लिए सुसाइड नोट को क्यूडी शाखा भेजा जाएगा। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक, 46 वर्षीय मनीष व्यास पिता मनोहर लाल शाहपुरा में रहता था और निजी काम करता था। बुधवार सुबह मनीष ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने उसे फांसी के फंदे से लटका देखा। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवाया। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें पत्नी और ससुराल वालों से परेशान होकर यह कदम उठाने का जिक्र किया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि रात में पति-पत्नी के बीच घरेलू कलह को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद सुबह वह फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### स्नैपचैट पर दोस्ती के बाद सीए छात्रा से दुष्कर्म

**जागरण, भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र में सीए की छात्रा के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। स्नैपचैट के जरिए आरोपी की दोस्ती पीड़िता से हुई थी, जहां मिलने के बहाने उसने डरा-धमकाकर रेप किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 22 वर्षीय युवती गोविंदपुरा में रहती है। वह सीए की पढ़ाई कर रही है। 7 अप्रैल को स्नैपचैट के जरिए उसकी पहचान रायसेन निवासी अनुज पसथारिया से हुई। वह एमसीए फाइनल ईयर का छात्र है और इंद्रपुरी में किराए के मकान में रहता है। दोनों के बीच हुई बातचीत जल्द ही प्रेम-प्रसंग में बदल गई। बीते कई दिनों से वह उसे मिलने के लिए दबाव बना रहा था। लेकिन युवती मना कर रही थी। 16 अप्रैल को आरोपी ने सीए की किताब देने का बहाना बनाकर युवती को अपने रूम पर बुलाया। जहां पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर उसने युवती को दे दिया, जिससे वह बेहोश गई थी। इस दौरान उसने छात्रा से जबरन दुष्कर्म किया। बाद में फोन करने पर युवक ने युवती का नंबर ब्लॉक कर दिया। इससे परेशान होकर उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### जच्चा व बच्चा के लिए बने इंदिरा गांधी गैस राहत अस्पताल के बुरे हाल, विभाग नहीं ले रहा सुध

# तीन लिफ्ट, 7 दिन से तीनों बंद, चौथी मंजिल तक सीढ़ियां चढ़ने को मजबूर बीमार व गर्भवती, मेंटेनेंस का टेंडर खत्म

**नगर संवाददाता, भोपाल।** इंदिरा गांधी शिशु एवं महिला अस्पताल में बीते शुक्रवार से लिफ्ट सेवा बंद है। अस्पताल में तीन लिफ्ट लगी हुई हैं, लेकिन हैरत की बात है कि तीनों लिफ्ट तकनीकी खराबी के कारण बंद हैं। यहां आने वाले मरीजों का इलाज कराने में दम फूल रहा है। क्योंकि उन्हें किसी भी मंजिल पर जाने के लिए सीढ़ियों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। इस अस्पताल में गर्भवती महिलाएं बड़ी संख्या में आती हैं, इसके अलावा जीरो से 14 वर्ष तक के बच्चों का इलाज भी यहां होता है। उन्हें लेकर आने वाले अभिभावक भी परेशान हो रहे हैं। लिफ्ट कब चालू होगी, इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

#### 150 बेड, 450 ओपीडी

इंदिरा गांधी बाल एवं महिला अस्पताल का संचालन गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग द्वारा किया जाता है। इस अस्पताल में कुल 150 बिस्तर हैं। इसमें 50 बेड बच्चों के लिए रिजर्व हैं, जबकि 100 बेड महिलाओं के लिए हैं। अस्पताल की ओपीडी में हर दिन 400 से 500 मरीज आते हैं। इनमें ज्यादातर गर्भवती महिलाएं होती हैं। क्योंकि इन्हें नियमित चैकअप के लिए अस्पताल आना होता है।





#### राजधानी परियोजना की लापरवाही

गैस राहत विभाग के सभी छह अस्पतालों में लिफ्ट से लेकर इलेक्ट्रीकल से संबंधित कार्यों की देखरेख राजधानी परियोजना यानि सीपीए के पास है। गैस राहत विभाग सीपीए को सारे काम सौंप देता है। सीपीए फिर काम के अनुसार टेंडर करता है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2023 से गैस राहत विभाग द्वारा सीपीए को किसी भी प्रकार का बजट उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके अभाव में सीपीए ने गैस राहत अस्पतालों में काम करने वाली ठेका फर्मों का भुगतान रोक रखा है। यह राशि करीब छह करोड़ रुपए से ज्यादा की बताई जा रही है।

#### किस फ्लोर पर क्या

- ग्राउंड फ्लोर- ओपीडी रजिस्ट्रेशन और चिकित्सक कक्ष
- फर्स्ट फ्लोर- दो आपरेशन थियेटर, इसमें से एक ओटी में हमेशा ताला डला रहता है।
- सेकंड फ्लोर- लेबर रूम, महिला वार्ड
- थर्ड फ्लोर - महिला वार्ड
- चौथा फ्लोर- बच्चा वार्ड
- पांचवा फ्लोर- खाली लेकिन कई साल से बंद

#### तीन महीने पहले टेंडर खत्म

इंदिरा गांधी अस्पताल में लिफ्ट मेंटेनेंस और संचालन का ठेका एक निजी फर्म के पास है। इस फर्म को ठेका फरवरी 2025 में मिला, जो कि 2 फरवरी 2026 को पूरा हो गया। इसके बाद भी 30 अप्रैल तक फर्म ने लिफ्ट का संचालन किया, लेकिन विभाग ने न तो नया टेंडर जारी किया और न पुरानी फर्म को ही काम सौंपा।

#### भुगतान के अभाव में लिफ्ट बंद

लिफ्ट बंद होने का असली कारण ठेका फर्म को भुगतना न करना है। कंपनी द्वारा 7 आपरेटर नियुक्त किए गए हैं। इन्हें हर महीने वेतन कंपनी ने अपने पास से दिया है, लेकिन कंपनी को भुगतान एक बार भी नहीं हुआ। कंपनी के अधिक अधिकारी ने बताया कि हमारा 50 से 55 लाख रुपए का बिल अटका हुआ है। हमने कई बार विभाग से मांग की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

"तीनों लिफ्ट में कोई तकनीकी खराबी है, हमने टेक्नीशियन को बुलाया था। सीएमओ कार्यालय से कोई आया भी था। हमें उम्मीद है, एक-दो दिन में लिफ्ट फिर से चालू हो जाएंगी।
■ **डॉ. सुनीता भार्गव,** अस्पताल अधीक्षक

# यूके से महंगे गिफ्ट भेजने का झांसा देकर महिला से 1.47 लाख की ठगी

### दोस्ती के जाल में फंसाकर की वारदात, कस्टम ड्यूटी, जीएसटी के नाम पर ऐंठी रकम

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** अशोका गार्डन में रहने वाली महिला से यूके से महंगे गिफ्ट भेजने का झांसा देकर 1.47 लाख की ठगी सामने आई है। ठग से सोशल मीडिया और चैटिंग के माध्यम से महिला से दोस्ती की। इसके बाद महंगे गिफ्ट, गोल्ड, डायमंड रिंग और डॉलर भेजने का लालच देकर पैसे ऐंठे। जब महिला ने और रकम देने से इनकार किया तो उसे क्राइम ब्रांच पुलिस और अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, अशोक विहार अशोका गार्डन निवासी भारती यादव प्राइवेट काम करती हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 4 अप्रैल को उसे एक विदेशी नंबर से हाय-हेलो का मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले व्यक्ति ने अपना नाम विपिन गुप्ता बताया। लगातार दो-तीन दिन तक बातचीत कर उसका विश्वास जीता। इसके बाद आरोपी ने कहा कि वह यूके से उसके लिए महंगे गिफ्ट भेज रहा है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक सामान, गोल्ड, डायमंड रिंग और डॉलर शामिल हैं।



#### वाट्सएप पर भेजी कथित बिल्टी और मांगे पैसे

10 अप्रैल को महिला को वाट्सएप पर एक कथित बिल्टी भेजी गई, जिसमें बताया गया कि पार्सल भारत पहुंच चुका है। अगले ही दिन दूसरे नंबर से कॉल आया और कॉलर ने बोला कि पार्सल में कीमती सामान होने के कारण जीएसटी और कस्टम ड्यूटी जमा करनी होगी। महिला से पहले 20 हजार रुपए मांगे गए। इसके बाद लगातार अलग-अलग चार्जेस के नाम पर उससे रकम ट्रांसफर कराई जाती रही। आरोपियों ने धीरे-धीरे महिला से 1.47 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए।

#### पैसे देने से मना किया तो आरोपी ने धमकाया

इसके बाद जब महिला ने पैसे देने से मना किया तो आरोपी ने धमकाना शुरू कर दिया। उसे कहा गया कि यदि रकम नहीं दी गई तो उसके घर क्राइम ब्रांच पुलिस भेजी जाएगी। परिवार को उठाकर ले जाएगी। इतना ही नहीं, आरोपी ने महिला को अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी। डर और मानसिक तनाव में महिला लगातार पैसे भेजती रही।

#### सोशल मीडिया और मैसेसिंग ऐप से शिकार

महिला ने बैंक आफ बड़ौदा और एक्सिस बैंक के खातों से कई बार आनलाइन ट्रांजेक्शन किए। पुलिस अब उन मोबाइल नंबरों और बैंक खातों की जानकारी जुटाने में लगी है। आशंका जताई जा रही है कि यह अंतरराज्यीय या विदेशी साइबर ठगी गिरोह हो सकता है, जो सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप के जरिए लोगों को निशाना बना रहा है।

# जिला बदर ने बाइक चोरी कर सूने घर में लगाई सेंध, 4 आरोपियों से 5 लाख का माल बरामद

### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए थे आरोपी, पहचान के बाद धरदबोचा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** जिला बदर बदमाश ने बाइक चोरी कर एक सूने मकान में सेंध लगा दी। आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। पुलिस ने पहचान के बाद नाबालिग समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर 5 लाख रुपए का माल बरामद किया है। टीटीनगर पुलिस ने जिला बदर के उल्लंघन का केस भी दर्ज किया है। मुख्य आरोपी के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। टीटीनगर थाना प्रभारी गौरव दोहर ने बताया कि आरोपियों ने चेतराम साहू (38) पिता परशुराम साहू निवासी माता मंदिर सीआई होम्स के पीछे टीटीनगर में 25-26 अप्रैल की दरम्यानी रात चोरी की थी। घटना के वक्त पीड़ित घर पर ताला लगाकर अपने भाई के घर कजलीखेड़ा चला गया था। 26 की सुबह उसे चोरी का पता लगा। चोर उनके घर से अलमारी में रखी 1 चांदी का कमरबंद, 2 चांदी की चेन, 2 जोड़ी चांदी की पायल, 1 सोने का इस्तेमाली मंगलसूत्र, 1 सोने की अंगूठी, 1 जोड़ी सोने के टॉप्स, 4 सोने की चूड़ियां, नकदी 6 हजार रुपए चोरी कर ले गए थे। इस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की।



#### मोहसीन को किया था जिला बदर

पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। यह जगह संदेही कैद हो गए। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी का संदेही एक लड़का बाणगंगा दशहरा मैदान के पास खड़ा है। पुलिस ने टीम रवाना कर उसे दबोच लिया। उसकी पहचान मोहसीन खान (23) पिता सलीम खान निवासी प्रियदर्शनी पार्क के पास प्रताप नगर थाना श्यामला हिल्स के रूप में हुई। मोहसीन थाना श्यामला हिल्स से जिला बदर किया गया था। पूछताछ में मोहसीन ने माता मंदिर सीआई होम्स के पीछे अपने साथी इमरान खान उर्फ चटकु (22) निवासी प्रताप नगर, सुजीत साहू (22) निवासी बाणगंगा व विधि विरोधी बालक के साथ चोरी करना कबूल किया।

#### 15 अप्रैल को सरस्वती नगर से चोरी की थी बाइक

आरोपी मोहसीन की निशानदेही पर पुलिस ने अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनसे चोरी का माल बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी इमरान ने विधि विरोधी बालक के साथ मिलकर 15 अप्रैल को सरस्वती नगर से बाइक चोरी की थी, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। तीनों आरोपियों का पूर्व आपराधिक रिकार्ड है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

**तकनीक**

### बाजार में आया सोलर पैनल लगा चार्जर, यूनिक फीचर खींच रहा लोगों का ध्यान

# सूरज की रोशनी से आईफोन होगा 4 बार फुल चार्ज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पावर बैंक का इस्तेमाल तो ज्यादातर लोग करते होंगे, लेकिन इसे भी बार-बार चार्ज करना पड़ता है। यह तब दिक्कत करता है, जब हम कहीं ऐसी जगह हो चार्जिंग के लिए प्लग या बिजली ना हो। हालांकि, इसे समस्या को सोलर पैनल वाले पावर बैंक से दूर किया जा सकता है। मार्केट में एक ऐसा पावर बैंक आया है, जिसमें इन-बिल्ट सोलर पैनल लगा है। इसका मतलब है कि इसे धूप से भी चार्ज किया जा सकता है। इसका यह यूनिक फीचर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। यह पावर बैंक 20,000एमएएच की बैटरी से लैस है। आइये, इसके बारे में डिटेल में जानते हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, सोली पावर बैंक की 20,000एमएएच की बैटरी आई फोन 17 प्रो मैक्स को चार बार चार्ज कर सकती है। इसमें दो टाइप-सी पोर्ट दिए गए हैं। डिवाइस को फास्ट चार्ज करने के लिए यह 140-डब्ल्यू का आउटपुट दे सकते हैं। इसका मतलब है इससे कुछ ही मिनट में एक बार में 2 फोन्स को चार्ज किया जा सकता है। यह लैपटॉप को भी पावर दे सकता है।



#### ना जलने ना फटने का डर

यह एक सॉलिड-स्टेट बैटरी है। यानी यह जलने वाले लिक्विड इलेक्ट्रोलाइट के बजाय एक सॉलिड इलेक्ट्रोलाइट का इस्तेमाल करती है। इस कारण लंबे समय तक इसका इस्तेमाल करने पर भी आग लगने जैसा खतरा नहीं होता है। यहां तक की खराब हो जाने पर या इसमें ड्रिल करने पर भी इसमें आग नहीं लगेगी। कंपनी का दावा है कि इसे एक बाहरी कवर में रखा गया है, जो शॉक-प्रूफ है और पानी से सुरक्षित रखता है। **धूप से होता है चार्ज:** अगर आप बाहर हैं, तो इसके बाहरी हिस्से पर लगा सोलर पैनल इसे हर घंटे 800-एमएएच की दर से चार्ज कर सकता है। इसका मतलब है कि इसे पूरी तरह से चार्ज करने के लिए आपको पूरे एक दिन से ज्यादा धूप में इसको रखना होगा। लेकिन अगर आप किसी ऐसी जगह पर हैं, जहां आस-पास कुछ भी नहीं है, तो यह कुछ ना होने से तो कहीं ज्यादा बेहतर है।

**बैटरी को चार्ज किए बिना देता है पावर:** इस डिवाइस को दीवार के सॉकेट से जोड़ने पर यह सिर्फ 26 मिनट में पूरा चार्ज हो जाता है। यह एक ट्रैवल एडॉप्टर के तौर पर भी काम कर सकता है। इसे दुनिया के बाकी हिस्सों में मौजूद अन्य तरह के सॉकेट के साथ भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यह पास-थ्रू चार्जिंग को भी सपोर्ट करता है। इस कारण प्लग इन करने पर यह बैटरी को चार्ज किए बिना ही आपके डिवाइस को पावर दे सकता है और आपके वर्कस्टेशन लैपटॉप या गेमिंग हैंडहेल्ड जैसे डिवाइस को अधिकतम आउटपुट दे सकता है। मार्केट में कई सोलर पावर बैंक मौजूद हैं, लेकिन यह ऐसा मॉडल है, जो ट्रैवल एडॉप्टर का काम भी करता हो या जिसमें सॉलिड-स्टेट बैटरी लगी हो। सोली में दूसरे डिवाइस को तेजी से चार्ज करने के लिए एक तीसरा एसबी पोर्ट भी है।


**कार्यालय सामाजिक वानिकी वृत्त रीवा (म.प्र.)**
जयन्ती कुंज, झिरिया, रीवा
E-Mail-ccfre.rwa@mp.gov.in, Phone-07662-297493
**वित्तीय वर्ष 2026-27 में सामग्री क्रय हेतु ई-निविदा अमांत्रण।**

समस्त प्रदायकर्ताओं को सूचित किया जाता है, कि वनमंडलाधिकारी सामाजिक वानिकी वृत रीवा के अधीनस्थ इकाई रीवा (रोपणी-रीवा, हर्दीशंकर, बैदहा), सतना (रोपणी-रामटेकरी, मुकुन्दपुर, उमरी, परसवाही), सीधी (रोपणी-जोगदहा, बदरखेड़ा, टिकरी) सिंगरौली (रोपणी-निगरी,ओवरी,मोरबा) चित्रकूट (रोपणी-सरभंगा, गहिरा), शहडोल (रोपणी-धनपुरी, विचारपुर, समधिन), अनूपपुर (रोपणी-सीतापुर, अमरकंटक) एवं उमरिया (रोपणी-मझगवां) के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभागीय रोपणियों में पौधा तैयारी अंतर्गत पॉलीथिन बैग, पॉलीशीट, उपजाऊ मिट्टी, कच्चा गोबर, ग्रीननेट, रेत, कीटनाशक, ग्रोथ हार्मोन्स आदि अंतर्गत सामग्री क्रय की आवश्यकता है, उक्त सामग्री का प्रदाय सामाजिक वानिकी वन वृत रीवा की स्थापित रोपणियों में किया जाना होगा। उक्त सामग्री के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इस ई-निविदा के लिए दिनांक 11/05/2026 से आवेदन ऑनलाईन के माध्यम से वेबसाईट https://mptenders.gov.in के द्वारा ही स्वीकार्य किया जावेगा। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 17/5/2026 तक है। निविदा की दिनांक 18/05/2026 टेक्निकल बिड खोलने की कार्यवाही की जावेगी एवं 18/5/2026 को फाईनेंशियल बिड खोलने की कार्यवाही की जावेगी ।

G-12543/26
वनमंडलाधिकारी
सामाजिक वानिकी वृत्त रीवा


# शराब तस्करों ने राहगीर को कुचला, कार से शराब की पेटियां, बीयर की बोतलें बरामद

### नर्मदापुरम का मामला, कार में आरोपियों ने बनाकर रखे थे पैग

**जागरण, नर्मदापुरम।** प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में गुरुवार शाम शराब तस्करों ने तेज रफ्तार एक्सयूवी से एक राहगीर को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी कार छोड़कर फरार हो गए। मामला औबेदुल्लागंज-बैतूल नेशनल हाईवे-46 का है। घटना गुरुवार शाम करीब 6.30 बजे घनाबढ़ के पास नर्मदा ब्रिज से पहले हुई। देर रात तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। एक्सयूवी में देशी शराब की 10 से ज्यादा पेटियां, खुली बीयर की बोतलें और डिस्पोजल ग्लास में शराब मिली। पुलिस के मुताबिक, एक्सयूवी गलत दिशा में खड़ी मिली। गाड़ी का अगला हिस्सा बुधनी की तरफ था, जबकि यह लेन बुधनी से नर्मदापुरम आने वाली है। आशंका है कि तस्कर नर्मदापुरम से बुधनी की ओर रॉन्ग साइड में तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे। इसी दौरान राहगीर वाहन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस को शक है कि गाड़ी में सवार लोग शराब के नशे में थे। एक्सयूवी में बीयर की खुली बोतलें और डिस्पोजल में शराब भरी मिली। हादसे के बाद आरोपी गाड़ी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। मौके से बरामद एक्सयूवी का नंबर एमपी 04 सीएन 6193 बताया है। वाहन में 10 से ज्यादा पेटियां देशी शराब की मिलीं। हालांकि, पुलिस ने अभी तक शराब की कुल पेटियों की आधिकारिक गिनती नहीं की है। बताया जा रहा है कि नर्मदापुरम से किसी लाइसेंसी ठेकेदार की दुकान से शराब भरकर दूसरे जिले भेजी जा रही थी। आशंका है कि गाड़ी निहाल राजपूत नाम का युवक चला रहा था, लेकिन पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।



#### क्रेन की मदद से कार थाने लाई पुलिस

हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सौरभ पांडे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान एक्सयूवी डिवाइडर से टकराई हालत में उल्टी दिशा में खड़ी मिली। पुलिस ने क्रेन बुलाने के लिए डीएसपी और संबंधित अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन क्रेन करीब डेढ़ घंटे बाद पहुंची। इसके बाद क्षतिग्रस्त एक्सयूवी को थाने ले जाया गया। देहात थाना प्रभारी सौरभ पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि गाड़ी रॉन्ग साइड से चलाई जा रही थी। वाहन में शराब की खुली बोतलें मिली हैं, जिससे आशंका है कि ड्राइवर और उसमें बैठे लोग शराब पी रहे होंगे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सिगरौली (म.प्र.)**
निविदा आमंत्रण ई-टेन्डरिंग
म.प्र.शासन

निविदा सूचना क्रमांक 02/ई-टेन्डरिंग/2026-27 — सिंगरौली, दिनांक 04.05.2026
निम्नलिखित कार्यों की निविदा ऑनलाईन के माध्यम से पंजीकृत संविदाकारों एवं कम्पनियों पूर्ण पंजीकरण मापदण्ड से आमंत्रित किये जाते है।

| स.क्र. | जिला | ऑनलाईन टेंडर क्रमांक | निविदा आमंत्रण का काल | कार्य का नाम | पी.ए.सी. (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सिगरौली | 2026_PWDRB_505195 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग बैढ़न अंतर्गत व्ही.व्ही.आई.पी. एवं व्ही.आई.पी. प्रोग्राम हेतु स्टेज एवं हेलीपैड, वैरिकेटिंग, पहुंच मार्ग एवं अन्य कार्य हेतु। | 19.98 | 39960 | 2000 | 06 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जायेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 2 | सिगरौली | 2026_PWDRB_505196 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत व्ही.व्ही.आई.पी. एवं व्ही.आई.पी. प्रोग्राम हेतु स्टेज एवं हेलीपैड, वैरिकेटिंग, पहुंच मार्ग एवं अन्य कार्य हेतु। | 19.78 | 39560 | 2000 | 06 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जायेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 3 | सिगरौली | 2026_PWDRB_505197 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग चितरंगी अंतर्गत व्ही.व्ही.आई.पी. एवं व्ही.आई.पी. प्रोग्राम हेतु स्टेज एवं हेलीपैड, वैरिकेटिंग, पहुंच मार्ग एवं अन्य कार्य हेतु। | 19.78 | 39560 | 2000 | 06 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जायेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 4 | सिगरौली | 2026_PWDRB_505198 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य। | 19.73 | 39460 | 2000 | 06 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जायेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 5 | सिगरौली | 2026_PWDRB_505200 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग चितरंगी अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य। | 19.91 | 39820 | 2000 | 06 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जायेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 6 | सिगरौली | 2026_PWDRB_505201 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग बैढ़न अंतर्गत जिला न्यायालय भवन बैढ़न में रिपेयर एवं मरम्मत कार्य। | 19.97 | 39940 | 2000 | 06 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जायेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| | | | | योग- | 119.15 | | | | |

1. ऑनलाईन पोर्टल https:mpetenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाईन बिड सबमिशन की प्रारम्भिक तिथि दिनांक 09.05.2026 से अंतिम तिथि दिनांक 20.05.2026 सायं 17:30 तक निर्धारित है। निविदा दिनांक 22.05.2026 को खोली जावेगी। 2. निविदा संबंधी दस्तावेज केवल आनलाईन ही मान्य किये जायेंगे। 3. निविदा से संबंधित संशोधित समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेबसाईट के माध्यम से दी जावेगी। 4. विस्तृत निविदा आंमत्रण सूचना व अन्य जानकारियों उपरोक्त बेबसाईट पर देखा जा सकता है।

G-12552/26
कार्यालय यंत्री
लोक निर्माण विभाग
संभाग सिंगरौली ( म.प्र. )

# अव्यवस्था का शिकार सेमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



## बिना फार्मासिस्ट के दवा वितरण, स्त्री रोग विशेषज्ञ के बिना हो रहा प्रसव

**सेमरिया, नि.प्र.।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया इस समय अव्यवस्थाओं का केंद्र बन चुका है। संवाददाता को मरीजों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी और प्रशासनिक लापरवाही के चलते यहाँ कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। अस्पताल की स्थिति ऐसी है कि यहाँ न तो दवाओं के वितरण के लिए फार्मासिस्ट है और न ही महिलाओं के सुरक्षित प्रसव के लिए कोई विशेषज्ञ डॉक्टर, बावजूद इसके जोखिम भरा काम धड़ल्ले से जारी है।

**दवाइयों के वितरण में बरती जा रही लापरवाही :** अस्पताल में फार्मासिस्ट का पद विगत साल भर से रिक्त होने या उनकी अनुपस्थिति के कारण, गैर-तकनीकी कर्मचारी दवाओं का वितरण कर रहे हैं। दवाओं के नाम और डोज में होने वाली एक छोटी सी चूक किसी मरीज की जान पर भारी पड़ सकती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बिना जानकारी के दवा देना जहर देने के समान है, लेकिन प्रशासन को इसकी सुध नहीं है।

### स्त्री रोग विशेषज्ञ की नहीं की नियुक्ति

महिला स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति और भी भयावह है। केंद्र में कोई स्थायी स्त्री रोग विशेषज्ञ मौजूद नहीं है, फिर भी यहाँ प्रसव कराए जा रहे हैं। जटिल मामलों में विशेषज्ञ की अनुपस्थिति प्रसूता और नवजात दोनों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है, जिससे रास्ते में ही जोखिम बढ़ जाता है।

**धूल फांक रही एक्सरे मशीन :** लाखों रुपये की लागत से आई एक्सरे मशीन पिछले लंबे समय से सफेद हाथी साबित हो रही है। मशीन होने के बावजूद टेक्नीशियन की कमी या रखरखाव के अभाव में यह धूल खा रही है। गरीब मरीजों को मजबूरी में निजी केंद्रों पर जाकर महंगे दामों में एक्सरे कराना पड़ता है।

### इन अव्यवस्थाओं से मरीजों को हो रही परेशानी

फार्मासिस्ट के बिना जोखिम भरा वितरण, बिना विशेषज्ञ डॉक्टरों के भरोसे चल रहा प्रसूति वार्ड, एक्सरे मशीन बंद, मरीज आर्थिक शोषण के शिकार हो रहे हैं। अस्पताल को मिली एंबुलेंस जंग खा रही है, लोगों ने संवाददाता को बताया कि अस्पताल को स्थानीय विधायक द्वारा एंबुलेंस गाड़ी दी गई थी किंतु मेडिकल ऑफिसर की गलत प्रबंधन से एंबुलेंस गाड़ी खड़ी खड़ी जंग खा रही है

### ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

क्षेत्र की जनता में इस अव्यवस्था को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों ने संवाददाता से कहा कि यदि जल्द ही विशेषज्ञों की नियुक्ति और मशीनों को चालू नहीं किया गया, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रशासन शायद किसी बड़ी घटना के इंतजार में हाथ पर हाथ धरे बैठा है। लोगों ने यह भी कहा था कि कुछ दिन पहले सीएमएचओ के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आना हुआ था किंतु उनका दौरा महज एक औपचारिकता था अस्पताल की समस्या जस की तस है। लोगों ने यह भी कहा कि अब देखना यह है कि इस स्वास्थ्य विभाग इस पर एक्शन लेता है या सेमरिया की जनता इसी तरह खतरे के साये में इलाज कराने को मजबूर रहती है।

# मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समित मुकुंदपुर के प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन



## कलेक्टर मैहर एवं कलेक्टर रीवा से की मुलाकात

**गोविन्दगढ़ ब्यूरो।** मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल में कौशलेन्द शरण शुक्ला अध्यक्ष मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समित, राजमणि सिंह एडवोकेट सचिव, कुंज बिहारी मिश्रा मार्गदर्शक, चंडिकेश्वर सिंह तिवारी कोषाध्यक्ष, शैलेंद्र सिंह उपाध्यक्ष बिनोद कुमार पांडेय, अनिल द्विवेदी, रामविश्वास सिंह, रावेंद्र पांडेय, गुरु प्रसाद शर्मा, धीरेंद्र मणि तिवारी, अमृतलाल शर्मा, चंद्रशेखर प्रसाद चतुर्वेदी सहित काफी तादात में ग्रामीण जन कलेक्ट्रेट कार्यालय मैहर एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा पहुँच कर अवर सचिव राजस्व मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन बल्बभ भवन भोपाल द्वारा जारी पत्र 01अप्रैल 2026 के तहत मैहर जिले के अमरपाटन तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मुकुंदपुर, आनंदगढ़, आमिन, परसिया, धोबहट एवं पपरा को मैहर जिले से प्रथक कर रीवा जिले में सम्मिलित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन राज्य शासन को उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर महोदय मैहर एवं रीवा को पत्र जारी किया गया था ! जिसके संबंध में मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समिति मुकन्दपुर प्रतिनिधि मंडल द्वारा कलेक्टर महोदय मैहर एवं रीवा को ज्ञापन पत्र सौप कर मांग की गई है कि ग्राम पंचायत मुकुंदपुर सहित सभी 6 ग्राम पंचायतों को मैहर जिले से पृथक कर रीवा जिले में सम्मिलित किया जाय।

# त्योंथर विधायक ने ग्राम पंचायत बेलगवां में सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



**त्योंथर ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के अंत्योदय संकल्प को सिद्ध करते हुए विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने ग्राम पंचायत बेलगवां में सुदूर जन संपर्क सड़क निर्माण ( रामलाल प्रजापति के खेत से टमस नदी तक) का विधि-विधान से भूमिपूजन किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्री तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आज विंध्य और त्योंथर क्षेत्र में विकास की नई गंगा बह रही है। हमारी सरकार इंजन की रफ्तार से हर गाँव को मुख्यधारा से जोड़ रही है। यह सड़क इसी संकल्प का हिस्सा है, जो निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण होकर क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सौगात देगी और विकास को नई गति प्रदान करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेलगवां सरपंच सुषमा प्रजापति ने किया।

कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष समीर सिंह, अखिलेश सिंह, अनुपम उपाध्याय, शशिकांत तिवारी, मनोज शुक्ला, बलराम प्रजापति, रामबदन साहू, रजनीश सोनी, रामलाल प्रजापति, छेदीलाल विश्वकर्मा, छोटेलाल साहू, बृजेश मौर्या, अवधेश प्रताप सिंह, वेद प्रकाश मिश्रा, मंगल तिवारी, समीर मिश्रा, सहीत भाजपा पदाधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# तीन राज्यों में भाजपा के प्रचंड बहुमत पर मनाया गया जश्न



**रायपुर कर्चुलियान।** रायपुर कर्चुलियान स्थित काकू कृष्ण बाग मैरिज गार्डन में 7 मई को भाजपा मंडल रायपुर कर्चुलियान द्वारा तीन प्रदेशों में मिली प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में विजय उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की तथा पार्टी की उपलब्धियों पर चर्चा की। इस अवसर पर मंडल द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाने और जनसंपर्क अभियान को तेज करने पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं से कहा गया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह, नृपेन्द्र सिंह काकू, महामंत्री अजय तिवारी, रावेंद्र प्यासी, सच्चिदानंद ओझा सहित मंडल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# कोऑपरेटिव बैंक चाकघाट में कैश की समस्या का अब तक नहीं हुआ समाधान

**चाकघाट, नि.प्र.।** किसानों की बैंक कही जाने वाली जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में किसानों की जमा राशि समय से उनकी मांग पर नहीं प्राप्त हो पा रही है। हितधारकों ने संवाददाता को बताया कि इस बैंक के खातेदार राशि निकालने के लिए जब बैंक निर्धारित समय पर बैंक की शाखा में उपस्थित होकर खाते से राशि आहरण का फार्म भरकर राशि प्राप्त होने का इंतजार करते हैं, तब उनसे यह कहा जाता है कि बैंक में नगद रुपया ही नहीं है जिससे उन्हें भुगतान नहीं दिया जा सकता। पीड़ित किसानों ने संवाददाता से चर्चा में बताया कि इस समय शादी विवाह एवं अन्य पारिवारिक एवं धार्मिक अनुष्ठान के चलते लोगों को जहां नगदी रुपयों की जरुरत होती है, वहीं इस बैंक में जमा उनकी राशि समय पर उन्हें नहीं मिल पा रही है। बैंक में खातेदारों को अपनी जमा राशि न मिलने से किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसानों ने कहा कि जिला कलेक्टर एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों से आग्रह है कि शाखा चाकघाट में किसानों एवं खातेदारों को उनके खाते से उनकी जरूरत पर नगद राशि दिलाया जाए, जिससे लोगों का समय पर काम पूरा हो सके।

# सेमरिया नगर में चोरों का बोलबाला पुलिस प्रशासन नहीं दिखाता सक्रियता



**सेमरिया, नि.प्र.।** सेमरिया नगर मे इन दिनों शादी ब्याह के कारण व्यस्तता के माहौल में चोर भीड़ का मौका देखकर चोरी कर चपत हो जाते है। संवाददाता को व्यापरियों ने बताया कि ऐसा ही एक मामला नगर में एक ज्वेलर्स की दुकान में एक सद्दिध महिला और एक पुरुष सामान लेने के बहाने दुकानदार के पास जाते है और दुकान मे भीड़ लगने के कारण दुकानदार चांदी के जेवर पायल देखने के लिए लेते है और मौका लगते ही एक जोड़ी वजनी पायल लेकर फरार हो जाते है, दुकानदार को इसकी जानकारी जाने के बाद होती है जिसकी सीसीटीवी फुटेज में महिला और पुरुष के चेहरा आ रहा है, ज्ञात हो पिछले एक दो वर्षों में नगर में हो रही चोरियों का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है, पहले भी एक मामला सामने आया था जिसमें दुकानदार जिसके यहां विगत वर्ष 24 मई को साढ़े सात ग्राम की लॉकिट दिन दहाड़े चोरी हुई जिसकी फोटो वीडियो सभी पुलिस विभाग के पास है लेकिन चोर की पहचान ही होने के कारण पुलिस मामले का खुलासा नही कर पा रही है।

# प्रगणकों को सही जानकारी देकर नागरिक अपना दायित्व निभाएं: कलेक्टर

**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय कुमार जैन ने नागरिकों से अपील की है कि जब प्रगणक उनके घर आएं तो वह सही जानकारी देकर अपना दायित्व निभाएं। जनगणना के दौरान अधिकारी आपसे केवल सामान्य एवं आधारभूत जानकारी ही प्राप्त करेंगे, जैसे कि आपके मकान/भवन का प्रकार,परिवार में कुल सदस्यों की संख्या परिवार के मुखिया का नाम, नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन की उपलब्धता शौचालय एवं बाथरूम की स्थिति गैस कनेक्शन की जानकारी रेडियो, टीवी, केबल कनेक्शन जैसी सुविधाएं, साइकिल, मोटरसाइकिल या कार जैसी परिसंपत्तियां, परिवार द्वारा उपभोग किया जाने वाला मुख्य खाद्यान्न, मोबाइल नंबर, इन जानकारियों का उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए किया जाएगा। जनगणना के दौरान आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नंबर, बैंक खाता या वित्तीय जानकारी, किसी भी प्रकार का ओटीपी जैसी संवेदनशील जानकारी कभी भी नहीं पूछी जाएगी, इसलिए नागरिक विशेष सतर्कता बरतें। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की जानकारी मांगता है, तो सावधान रहें और तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। जानकारी देने से पहले अधिकारी/कर्मचारी का पहचान पत्र अवश्य जांच लें। केवल अधिकृत सरकारी कर्मियों को ही जानकारी प्रदान करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## कोनिया कला सरपंच एवं सचिव ने पुलिया निर्माण पर किया बंदरबाट

**त्योंथर ब्यूरो।** जनपद पंचायत त्यौंथर अंतर्गत ग्राम पंचायत कोनिया कला में ह्यूम पाइप पुलिया स्वीकृति राशि रुपए 2.20 लाख है का निर्माण कार्य में राशि का पलीता लगाने के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने संवाददाता को बताया कि निर्माण पंचायत कोनिया कला के सरपंच/सचिव द्वारा राजेंद्र तिवारी के खेत के पास कराया गया है, जिसमें निर्धारित मापदंडों का ध्यान नहीं रखा गया है तथा गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जिला स्तरीय अधिकारी स्थल परीक्षण करें तो निर्माण कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार की पोल खुल सकमी है। जिससे शासकीय राशि बचाई जा सकती है तथा जनता के टैक्स के पैसों के दुरुपयोग होने पर लगाम लगायी जा सकती है।

# एलडीएम मऊगंज की उपस्थिति में ग्राम पंचायत खर्रा में हुआ वित्तीय साक्षरता का आयोजन




**मऊगंज ब्यूरो।** ग्राम पंचायत खर्रा रोजगार सहायक रविंद्र चतुर्वेदी द्वारा वित्तीय साक्षरता का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि एलडीएम मऊगंज ज्योत्सना अग्रवाल उपस्थित रही तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि शारदा सोनी ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मिश्र ने सरकार द्वारा संचालित बैंकिंग योजनाओं के बारे में बिंदुवार जानकारी दी जैसे केवाईसी के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही खाता में नॉमिनी के महत्व के बारे में भी बताया गया क्योंकि जिस खाता में नॉमिनी का फॉर्म नहीं भरा होता है और उसे खातेद धारा की मृत्यु हो जाती है तो उस पैसे के लेने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है और उसकी प्रक्रिया थोड़ी कठिन होती है इसलिए समय रहते अपने खाते में नॉमिनी का फॉर्म अवश्य भर दें। मोबाइल नंबर आजकल बहुत आवश्यक हो चुका है क्योंकि जब खाता में मोबाइल नंबर दर्ज नहीं होता तो अपने अकाउंट की जानकारी समय-समय पर नहीं मिल पाती है इसलिए सभी लोग अपने खाते में मोबाइल नंबर दर्ज कर दें ताकि आपको कोई परेशानी न हो और पैसा आने या निकालने पर मैसेज के माध्यम से आपको जानकारी मिल जाए सरकार द्वारा बैंकिंग और महत्वपूर्ण योजनाएं हैं परंतु जितना लाभ लोगों को प्राप्त करना चाहिए उतना नहीं कर पाते इसलिए इस कैंप के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाता है कि बैंक से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें।

## सुरक्षा बीमा एवं पेंशन का बताया महत्व

सरकार द्वारा जन सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा बीमा बैंक से जुड़कर कर सकते हैं और कोई भी आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु होने पर नॉमिनी को रु 200000 मदद मिलती है, साल भर में मात्र रु 20 खाते से काटते हैं जो की बहुत कैमरा काम है इसलिए हर व्यक्ति को यह बीमा जरूर करनी चाहिए यह दुर्घटना बीमा है इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा जिसकी उम्र 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच है और साल भर में 436 रुपए करते हैं और यदि सामान्य मृत्यु भी हुई और रु 200000 नॉमिनी को बैंक के माध्यम से मिलते हैं इसी तरह से अटल पेंशन योजना जो कि बुढ़ापे की लाठी कही जाती है 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच हर महिला पुरुष अपने खाते से कर सकते हैं और 60 वर्ष तक पैसे देने होंगे और इसके बाद आपको जीवन पर्यंत पेंशन मिलेगी आपके बाद आपके नॉमिनी को और दोनों लोगों के न रहने की स्थिति में 850000 बच्चों को नगद के माध्यम से दिया जाएगा जो की बहुत बड़ी रकम है, इसलिए बैंक से जुड़कर बहुत सारी योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है।

## एजुकेशन लोन से ले सकते हैं उच्च शिक्षा

एजुकेशन लोन जिन छात्र एवं छात्राओं का कक्षा 12 में 85 प्रतिशत से ऊपर रिजल्ट है और उनके माता-पिता के पास कोई नौकरी या जमीन जय जाद न के बराबर है ऐसे छात्र एवं छात्राओं को बिना गारंटी के बैंक के माध्यम से 450000 रुपए एजुकेशन लोन दिए जाएंगे अधिक से अधिक लोग इस पेज का सही सदुपयोग करें और आत्मनिर्भर होने के बाद बैंक का पैसा धीरे-धीरे करके अदा करें। कार्यक्रम की एलडीएम श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि जो भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है, आप लोग निश्चित रूप से समझ गए होंगे और अपने-अपने बैंक से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ ले जो गांव-गांव में कियोस्क सेंटर खुले हैं, वह आप लोगों की सुविधा के लिए खुले हैं ताकि आप लोगो को दूर न जाना पड़े और आपके घर के पास ही सुविधा मिल जाए इसलिए वहीं से पैसे का लेनदेन करें, प्राइवेट दुकान से बचें और कियोस्क सेंटर में पैसा जमा करने और निकलने का पैसा नहीं देना है वह पूरी तरह से फ्री है, इसके बावजूद भेजी कोई पैसा लेता है तो मुझे आवेदन देकर सूचित करें, तत्काल संबंधी व्यक्ति के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा जनता के साथ धोखाधड़ी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गुलाबवती शुक्ला, गीता शर्मा, अर्चना साकेत, सरला सोनी, रनिया कोल, आशा कार्यकर्ता ममता चतुर्वेदी, रोहिणी प्रसाद दुबे, नागेश्वर प्रसाद दुबे, कुसुम कली सोनी आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरपंच प्रतिनिधि शारदा सोनी ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत में जो आज वित्तीय साक्षरता का आयोजन हुआ। बहुत महत्वपूर्ण जानकारी हमें और हमारे हितग्राहियों को मिली हम आशा करते हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोग बैंक से जुड़कर सरकारी योजनाओं का लाभ लेंगे। अंत में रोजगार सहायक रविंद्र चतुर्वेदी ने उपस्थित अधिकारियों एवं हितग्राहियों का आभार प्रकट किया।

# निर्माण कार्यों की अनियमितता पर जिपं सीईओ से जांच की मांग

**त्योंथर ब्यूरो।** जनपद पंचायत त्योंथर अंतर्गत सीएफटी सोहागी अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों में कराए गए निर्माण कार्यों में अनियमितता के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने संवाददाता को बताया कि उपयंत्री लक्ष्मीकांत मिश्रा द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और घोर अनिमयमितता बरती गई है। प्रशासन द्वारा तय मानकों के आधार पर कोई भी निर्माण कार्य नहीं कराया गया है जिसकी जांच करायी जाए तो निर्माण कार्यों में अनियमितता की पोल खुल जाएगी। ग्रामीणों ने जिला पंचायत रीवा के सीईओ से जिला स्तरीय जांच कमेटी बना कर स्थल परीक्षण कराए जाने की मांग की है।

# उपार्जित गेंहू का दो दिनों में 90 प्रतिशत परिवहन कराएं : कमिश्नर

## अधूरी एकल नलजल योजनाओं को 30 जून तक पूरा कराने के भी निर्देश

**मऊगंज ब्यूरो।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन पर विशेष ध्यान दें। उपार्जित गेंहू का दो दिनों में 90 प्रतिशत उठाव कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। स्वीकृति पत्रक तत्काल जारी कराकर किसानों को तीन दिवस में भुगतान कराएं। गेंहू के परिवहन में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। पेयजल व्यवस्था की नियमित मानीटरिंग करें। पेयजल से संबंधित आवेदन पत्रों का 24 घंटे में निराकरण कराएं। सभी जिलों को राइजर पाइप तथा सिंगल फेज मोटर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करा दिए गए हैं। इनका आवश्यकता के अनुसार उपयोग करके पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। अधूरी नलजल योजनाओं को 30 जून तक पूरा कराएं। पूर्ण नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को समारोह पूर्वक हस्तांतरित कराएं। कमिश्नर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति संतोषजनक नहीं है। अभियान के लिए बनाई गई कार्ययोजना के अनुरूप शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के कार्य कराएं। अभियान में जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आमजनों की भी भागीदारी सुनिश्चित करें। जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जल संरक्षण कार्यों में व्यय राशि पोर्टल पर तत्काल अपलोड कराएं। जल संरक्षण से जुड़े सभी कार्यों की फोटो और विवरण भी अभियान के पोर्टल पर अपलोड कराएं। कमिश्नर ने कहा कि जनगणना की भी नियमित मानीटरिंग करें। सभी प्रगणक दो दिवस में निर्धारित गणना ब्लाकों को चिन्हांकित करके मकानों का सर्वे शुरू करा दें। सभी कलेक्टर जनगणना कार्य पर भी सतत निगरानी रखें। कमिश्नर ने कहा कि कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं में विशेष ध्यान दें। सीधी और सतना जिले स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने तथा स्वास्थ्य सूचकांकों के सुधार पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर सिंगरौली आजीविका मिशन के स्वसहायता समूहों के ऋण वितरण, निक्षय अभियान तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर विशेष ध्यान दें। सीएम हेल्पलाइन में सभी जिलों में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इसमें सौ दिन से अधिक समय से लंबित आवेदन पत्रों का विशेष प्रयास करके निराकरण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन तथा नियमित जाँच, कुपोषण पर नियंत्रण, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, वनाधिकार के निरस्त दावों के सत्यापन, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर रीवा नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, सतना डॉ. सतीश कुमार एस, मैहर बिदिशा मुखर्जी, मऊगंज संजय कुमार जैन, सिंगरौली गौरव बैनल तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी एवं अन्य अधिकारी शामिल हुए। बैठक में संबंधित संभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जनपद गंगेव में भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**गंगेव।** जनपद कार्यालय में व्याप्त अव्यवस्था के खिलाफ जनपद पंचायत कार्यालय गंगेव का घेराव कर एसडीएम मनगवां को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें जनपद कार्यालय में व्याप्त भ्राष्ठाचार की जांच कराए जाने की मांग की गई है। क्षेत्रीय जनता का कहना है कि इस कार्यालय में कोई भी काम बिना सुविधा शुल्क के नहीं किया जाता और हितग्राही अपनी समस्याओं को लकर भटकते रहते है और शासन की योजनाओं तक का लाभ उनको नहीं मिल पाता है। इन्ही तमाम समस्याओं को लेकर रमेश प्रताप सिंह जनपद सदस्य के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन कर अनुविभागीय अधिकारी मनगवां के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष प्रभाकर सिंह, जनपद सदस्य साथी मृगेद्र नाथ त्रिपाठी, दिलीप द्विवेदी, बृजेश सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, दिलीप त्रिपाठी जनपद सदस्य प्रतिनिधि, शंकर सिंह पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा, श्रवण मिश्रा लालगाँव, अखिलेश पटेल, रामबहोर कोरी, बिश्राम कोल,सरपंच प्रतिनिधि रामानुज विश्वकर्मा,उमेश सेन सहित क्षेत्र के आमजन उपस्थित रहे।

# जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने पर दो शिक्षक निलंबित

**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने पर दो शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। माध्यमिक शाला देवरिह्नगांव के शिक्षक कुंजबिहारी साकेत एवं प्राथमिक शिक्षक परसिया रविशंकर मिश्रा को कलेक्टर द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी जनगणना नईगढ़ी नियत किया गया है।

## अब तक 2490 किसानों से 86592.61 क्विंटल गेहूं उपार्जित

**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशन में रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में गेहूं खरीदी का कार्य प्रक्रियाधीन है। जिले में उपार्जन के लिए 26 उपार्जन केन्द्रो में उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया गया है। अभी तक 2490 किसानों से 86592.61 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। अन्य सभी उपार्जन केन्द्रो पर कार्य प्रारंभ है। जिले में अभी तक 5296 किसानों द्वारा उपार्जन केन्द्र में स्लॉट बुकिंग की गई है।

# ग्राम गौरी में जनगणना कार्य का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**मऊगंज जागरण।** जिले के ग्राम गौरी में संचालित जनगणना कार्य का निरीक्षण अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी पीके पांडेय द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जनगणना कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदंडों के अनुरूप क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रगणकों का कार्य देखा तथा आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के समय क्षेत्र में कार्यरत प्रगणक एवं सुपरवाइजर्स उपस्थित मिले, जिनसे अधिकारियों ने प्रत्यक्ष संवाद कर कार्य की स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों ने संकलित की जा रही सूचनाओं की शुद्धता एवं पूर्णता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया तथा निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवार से जानकारी सावधानीपूर्वक एवं सत्यापन के साथ दर्ज की जाए।

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| क्लासेन (हैदराबाद) | 494 |
| अभिषेक (हैदराबाद) | 475 |
| केएल राहुल (दिल्ली) | 445 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| भुवनेश्वर (बेंगलुरू) | 17 |
| अंशुल कंबोज (चेन्नई) | 17 |
| प्रिंस यादव (लखनऊ) | 16 |

## बाउंड्री मीटर



940 छक्के

1546 चौके

98 अर्धशतक

आरसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का यह 200वां आईपीएल मैच रहा। इतने मैच खेलने वाले वे 12वें खिलाड़ी बन गए हैं। उनके नाम 215 विकेट दर्ज हैं।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 14 | 0.737 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 | 0.571 |
| बेंगलुरु | 10 | 6 | 4 | 12 | 1.234 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 | 0.510 |
| गुजरात | 10 | 6 | 4 | 12 | -0.147 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | 0.151 |
| दिल्ली | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.949 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 | -0.539 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.649 |
| लखनऊ | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.934 |

### मैच 50: प्लेयर ऑफ द मैच मिचेल मार्श के शतक से लखनऊ बारिश से प्रभावित मैच में आरसीबी को 9 रन से हराया

# घर में आठ हार के बाद जीती लखनऊ

जेएनएन, लखनऊ

लखनऊ सुपर जाएंट्स ने मिचेल मार्श (111 रन) की विस्फोटक शतकीय पारी की बदौलत गुरुवार को बारिश से प्रभावित आईपीएल के 50वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को डकवर्थ लुइस पद्धति से नौ रन से शिकस्त दी। पिछले मैच में गुजरात से पराजय झेलने वाली आरसीबी (12 अंक) इस हार से तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका चूक गई और तीसरे स्थान पर बरकरार है। पिछले छह मैच में हार झेलने वाली लखनऊ इस जीत से अभी टूर्नामेंट से बाहर होने से बच गई और तालिका में 10वें स्थान पर बरकरार है। यह लखनऊ की इकाना स्टेडियम में लगातार आठ मैच हार के बाद पहली जीत है। लखनऊ ने 19 ओवर में तीन विकेट पर 209 रन का स्कोर खड़ा किया। बारिश के कारण तीन बार हुई खेल रूका, जिससे लगभग एक घंटे का विलंब हुआ। इसके बाद एक ओवर की कटौती की गई, जिससे मैच 19-19 का कर दिया गया। आरसीबी को 19 ओवर में 212 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। कप्तान रजत पाटीदार (61 रन, 31 गेंद) के अर्धशतक के बावजूद आरसीबी की टीम लखनऊ की शानदार गेंदबाजी के सामने 19 ओवर में छह विकेट पर 203 रन ही बना सकी। आरसीबी के लिए पाटीदार के अलावा टिम डेविड ने 17 गेंद में 40 रन, देवदत्त पडिक्कल ने 34 रन, क्रुणाल पंड्या ने नाबाद 28 रन और रोमारियो शेफर्ड ने नाबाद 23 रन बनाए जिससे टीम 200 रन पार कर सकी। लखनऊ के लिए प्रिंस यादव ने 33 रन देकर तीन विकेट झटके।



● टीम के स्टार विराट कोहली खाता नहीं खोल सके। प्रिंस यादव की गेंद पर उनके स्टंप उखड़ गए।

## राठी ने आखिरी ओवर में 20 रन बचाए

आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं हुई, जिसने पहले ही ओवर में जैकब बेथेल (04) का विकेट गंवा दिया। शमी ने बेथेल को प्रिंस यादव के हाथों कैच आउट कराया। विराट कोहली खाता भी नहीं खोल सके और प्रिंस की गेंद पर उनके स्टंप उखड़ गए। टीम ने आठ गेंद में नौ रन पर दो विकेट गंवा दिए। आरसीबी दो विकेट खोकर पहले ही दबाव में थी और शमी ने अपने दूसरे ओवर में केवल तीन रन देकर इसे और बढ़ा दिया। बेंगलुरु ने 5.4 के पावरप्ले में दो विकेट गंवाकर 40 रन बना लिए थे। आरसीबी को आखिरी ओवर में जीत के लिए 20 रन की दरकार थी। पंत ने तीन ओवर में 41 रन दे चुके दिग्वेश राठी के साथ जाने का फैसला किया। राठी ने अंतिम ओवर में मात्र 10 रन देते हुए लखनऊ को जीत दिला दी।

**49** गेंद में मार्श ने अपना शतक पूरा किया, जो लखनऊ के लिए सबसे तेज सैकड़ा है। इससे पहले लखनऊ के कप्तान रिषभ पंत ने पिछले सीजन में आरसीबी के खिलाफ 54 गेंदों में शतक लगाया था। मार्श के लखनऊ के लिए यह दूसरा शतक है, इसके साथ ही उन्होंने केएल राहुल की बराबरी की। राहुल ने भी लखनऊ के लिए दो शतक लगाए।

## स्कोर बोर्ड

**लखनऊ सुपर जाएंट्स: 209/3 (19 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का. बेथेल बो. हेजलवुड | 111 | 56 | 9 | 9 |
| कुलकर्णी का. पाटीदार बो. क्रुणाल | 17 | 24 | 1 | 0 |
| पुरन का. क्रुणाल बो. सलाम | 38 | 23 | 4 | 1 |
| रिषभ पंत नाबाद | 32 | 10 | 4 | 2 |
| एडन माक्ररम नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 10, **कुल:** 19 ओवर में तीन विकेट पर 209 रन, **विकेट पतन:** 1-95, 2-165, 3-194, **गेंदबाजी:** भुवनेश्वर कुमार 4-0-34-0, जोश हेजलवुड 4-0-49-1, क्रुणाल पंड्या 4-0-31-1, रसिख सलाम 4-0-53-1, सुयश शर्मा 2-0-21-0, रोमारियो शेफर्ड 1-0-16-0.

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु: 203/6 (19 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जेकब बेथेल का. प्रिंस बो. शमी | 4 | 5 | 1 | 0 |
| विराट कोहली बो. प्रिंस | 0 | 2 | 0 | 0 |
| पडिक्कल का. एंड बो. प्रिंस | 34 | 25 | 3 | 1 |
| पाटीदार का. माक्ररम बो. शाहबाज | 61 | 31 | 3 | 6 |
| जितेश शर्मा का. पंत बो. प्रिंस | 1 | 3 | 0 | 0 |
| डेविड का. राठी बो. शाहबाज | 40 | 17 | 4 | 3 |
| क्रुणाल पंड्या नाबाद | 28 | 16 | 2 | 2 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 23 | 15 | 3 | 1 |

**अतिरिक्त:** 12, **कुल:** 19 ओवर में छह विकेट पर 203 रन, **विकेट पतन:** 1-9, 2-9, 3-104, 4-106, 5-112, 6-158, **गेंदबाजी:** शमी 4-0-33-1, प्रिंस यादव 4-0-33-3, मयंक यादव 4-0-50-0, दिग्वेश राठी 4-0-50-0, शहबाज अहमद 3-0-33-2.

# घरेलू मैदान पर नाइट राइडर्स की चुनौती से पार पाने उतरेगी दिल्ली

**मैच प्रीव्यू**
**दिल्ली के बल्लेबाजों को परेशान कर सकती है वरुण और नारायण की फिरकी**

जेएनएन, नई दिल्ली

पेचीदा पिचों पर चकमा खाने वाली या अच्छी पिचों पर बड़ा स्कोर नहीं बचा पाने वाली दिल्ली कैपिटल्स को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल के 'करो या मरो' के मुकाबले में घरेलू मैदान पर भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। 10 मैचों में आठ अंक लेकर सातवें स्थान पर काबिज दिल्ली को अब प्लेआफ में जगह बनाने के लिए 16 अंक तक पहुंचने के लिए बाकी चारों मैच जीतने होंगे। वहीं आठवें स्थान पर खड़ी केकेआर को भी बाकी पांचों मैच जीतने होंगे। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि दिल्ली का यह मैच किस तरह की पिच पर खेला जाएगा। समझा जाता है कि वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी का सामना करने के लिए दिल्ली बल्लेबाजों की मददगार पिच नंबर छह पर खेल सकती है, जिस पर उसने पंजाब के खिलाफ 264 रन बनाए थे, लेकिन जीत फिर भी नहीं मिली थी। इस पिच को चुनने की वजह बल्लेबाजों पर भरोसे की कमी है, जो आरसीबी के खिलाफ सीम लेती पिच पर छह विकेट नौ रन पर गंवा बैठे थे। धीमी विकेट पर दिल्ली के बल्लेबाज राशिद खान या नूर अहमद और अकील हुसैन को नहीं खेल पाए थे। सुनील (इकॉनॉमी रेट 6.80) और वरुण (8.88) के सामने निसांका, रिजवी या नायर को मुश्किलें पेश आ सकती है।



वरुण चक्रवर्ती की फॉर्म वापसी हो चुकी है और उन्होंने पिछली चार पारियों में 10 विकेट लिए हैं। उनकी फॉर्म वापसी का मतलब है कि केकेआर की भी फॉर्म वापसी हो चुकी है और उन्होंने इन चार में से तीन मुकाबले जीते हैं। इस मैच में भी वरुण का फॉर्म बरकरार रह सकता है। डेविड मिलर को वह चार, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स को वह दो-दो बार आउट कर चुके हैं, वहीं राहुल भी उनका एक बार शिकार हो चुके हैं। अक्षर उन पर सिर्फ 50, जबकि राहुल उन पर सिर्फ 102 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

## राहुल पर निर्भर दिल्ली की बल्लेबाजी

केएल राहुल इस सीजन में 10 पारियों में 49.4 की औसत और 181 के स्ट्राइक रेट से तीन अर्धशतक और एक शतक के साथ 445 रन बना चुके हैं। लेकिन दिल्ली के लिए मुश्किल बात यह है कि उनके अन्य बल्लेबाज फॉर्म या निरंतरता की कमी से जूझ रहे हैं। राहुल ने दिल्ली के अकेले 26 प्रतिशत रन बनाए हैं और इस दौरान बीच के ओवरों में उनका स्ट्राइक रेट बहुत शानदार रहा है। सात से 16 ओवरों के बीच राहुल ने 211 के स्ट्राइक रेट से 249 रन बनाए हैं और हर तीसरी गेंद पर बाउंड्री लगा रहे हैं। बीच के ओवरों में उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ रजत पाटीदार (217) से कम है, जबकि उनके बाद इशान किशन (190) का नंबर आता है। केकेआर के खिलाफ भी राहुल का रिकॉर्ड शानदार रहा है और उन्होंने इस टीम के खिलाफ 16 पारियों में 37.3 की औसत और छह अर्धशतकों के साथ 522 रन बनाए हैं।

**हेड टू हेड:** दोनों टीमों के बीच अब तक 34 मैच हुए हैं, जिसमें केकेआर को 19 और दिल्ली को 15 मैचों में जीत मिली है। वहीं दिल्ली में दोनों के बीच हुए अब तक 11 मुकाबलों में भी दिल्ली को पांच, जबकि केकेआर को छह मुकाबलों में जीत मिली है। 2024 से अभी तक दिल्ली, केकेआर को एक भी मैच में नहीं हरा पाई है।

# पीएसजी चैम्पियंस लीग फाइनल में, खिताबी मुकाबला आर्सनल से

जेएनएन, म्युनिख

मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने बायर्न म्युनिख से 1-1 से ड्रॉ खेलकर चैम्पियंस लीग फुटबॉल के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में उस्मान डेम्बेले ने तीसरे ही मिनट में गोल दाग दिया। हैरी केन ने स्टॉपेज टाइम में म्युनिख के लिए गोल किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसके साथ ही उनकी टीम का एक ही सत्र में बुंडेस्लिगा, जर्मन कप और चैम्पियंस लीग जीतने का सपना टूट गया। गत चैंपियन पीएसजी ने औसत के आधार पर 6-5 से जीत दर्ज की। उसने पेरिस में पिछले सप्ताह पहले चरण का मुकाबला 5-4 से जीता था। अब उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में आर्सनल से होगा, जिसने एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराया और 2-1 से जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। लगातार दो साल खिताब जीतने वाली रीयाल मैड्रिड आखिरी टीम थी, जिसने 2016 से 2018 तक खिताब की हैट्रिक लगाई थी।

पीएसजी ने बायर्न म्युनिख से ड्रॉ खेला



## मैदान से हटकर

# शिखर धवन ने गुरुग्राम में कराया शादी का रजिस्ट्रेशन



पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने गुरुग्राम में शादी का पंजीकरण करवाया। धवन अपनी पत्नी सोफी के साथ विकास सदर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय आए और शादी के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। अधिकारी ने बताया कि उनके परिवार के सदस्य और एक पंडित भी वहां मौजूद था। जब उनकी पत्नी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर रही थीं तो पीछे से एक व्यक्ति ने मजाक में पूछा, क्या पंडित की फोटो आ रही है या नहीं? औपचारिकताएं पूरी होने के बाद विवाह रजिस्ट्रार के अधीक्षक वासुदेव ने विवाह प्रमाण पत्र जारी किया। गुरुग्राम रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारी ने बताया, शिखर धवन अपनी पत्नी सोफी के साथ विवाह रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचे। उनके साथ परिवार के करीब सात सदस्य और दोस्त थे। दस्तावेजों की औपचारिकताएं पूरी होने में करीब 35 मिनट लगे और उन्हें विवाह प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। धवन ने 21 फरवरी 2026 को दिल्ली-एनसीआर में एक निजी समारोह में आयरलैंड की सोफी शाइन से शादी की थी। दोनों की 12 जनवरी को सगाई हुई थी। (जेएनएन)

# भारत की निगाहें अंडर-17 महिला एशियाई कप में इतिहास रचने पर

**सुजोऊ (चीन), जेएनएन।** भारतीय टीम शुक्रवार को एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में लेबनान के खिलाफ 'करो या मरो' वाले मुकाबले में खेलने उतरेगी और उसे पता है कि इस मैच में जीत उसे पहली बार टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह दिला सकती है। ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया (0-2) और जापान (0-3) से हारने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि भारत को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए अपने आखिरी मौके के रूप में अंतिम मैच में जीत दर्ज करनी होगी। भारत नॉकआउट चरण की दौड़ में बरकरार है, क्योंकि वह सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली दो टीम में से एक है। भारत का गोल अंतर अभी -5 (माइनस 5) है, जो ग्रुप-सी की टीम फिलीपींस (-13) और चीनी ताइपे (-14) से बेहतर है। ये दोनों टीमें आखिरी मैच के दिन एक-दूसरे से भिड़ेंगी। इसका मतलब है कि अगर भारतीय टीम लेबनान को हरा देती है, तो ग्रुप-सी की किसी भी टीम को भारत के गोल अंतर को पीछे छोड़ने के लिए बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी। इसके अलावा अगर वियतनाम और म्यांमा के बीच ग्रुप-ए का मैच ड्रॉ पर खत्म होता है, या म्यांमा तीन से कम गोल के अंतर से जीतता है तो भारत अपनी जीत के साथ ही अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर लेगा।

# कमिंस सहित शीर्ष खिलाड़ियों के बिना पाक के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न, जेएनएन।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को पुष्टि की है कि कप्तान पैट कमिंस सहित उसके खिलाड़ियों को आईपीएल 2026 में अपनी प्रतिबद्धता पूरी करने की स्वीकृति मिलेगी और उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ 30 मई से शुरू हो रही तीन मैच की वनडे सीरीज के लिए छूट दी जाएगी। आईपीएल का लीग चरण 24 मई को संपन्न होगा, जबकि टूर्नामेंट का फाइनल 31 मई को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के 23 मई को इस्लामाबाद पहुंचने का कार्यक्रम है, जो आईपीएल का अंतिम चरण होगा। हैदराबाद के



सूत्र ने कहा, हां, हमें सूचना मिली है कि हमारी टीम में शामिल ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल के लिए रुकेंगे। कप्तान कमिंस के अलावा ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी सनराइजर्स की टीम का हिस्सा हैं। हैदराबाद की टीम अभी 14 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर चल रही है और प्ले ऑफ में जगह बनाने की प्रबल दावेदार है। आईपीएल में खेल रहे ऑस्ट्रेलिया के अन्य खिलाड़ी जोश हेजलवुड, टिम डेविड (आरसीबी), मिचेल मार्श, जोश इंग्लिस (लखनऊ), जेवियर बार्टलेट, मार्कस स्टोइनिस, कूपर कोनोली (पंजाब), मैथ्यू शॉर्ट (सीएसके), मिचेल स्टार्क (दिल्ली) और कैमरन ग्रीन (केकेआर) हैं। इनमें से अगर दिल्ली और कोलकाता नॉकआउट चरण में नहीं पहुंच पाते हैं, तो ग्रीन और स्टार्क लीग चरण के बाद आईपीएल छोड़कर जा सकते हैं।

# लगातार दूसरे साल भारत का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलिया-ए टीम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अगले साल जनवरी में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के संभावित खिलाड़ियों में से कुछ को 12 महीनों में दूसरी बार भारत दौरे का मौका मिलेगा, जब ऑस्ट्रेलिया-ए सितंबर और अक्टूबर में पुडुचेरी में भारत-ए के खिलाफ दो चार-दिवसीय मैच और तीन 50 ओवर मुकाबले खेलेगी। बीसीसीआई द्वारा घोषित पुरुष टीम के कार्यक्रम के अलावा यह भी पुष्टि हुई कि ऑस्ट्रेलिया-ए महिला टीम सितंबर में मोहाली और धर्मशाला में दो टी-20, तीन 50-ओवर मैच और एक चार-दिवसीय मैच खेलेगी, जबकि पुरुष अंडर-19 टीम इसी दौरान राजकोट और अहमदाबाद में तीन 50-ओवर और दो चार-दिवसीय मैच खेलेगी। पुरुष ऑस्ट्रेलिया-ए दौरा सबसे ज्यादा अहम माना जा रहा है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को 21 जनवरी से नागपुर में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज भारत में खेलनी है। ऑस्ट्रेलिया-ए ने पिछले साल सितंबर-अक्टूबर में भारत दौरा किया था।

## सिटी स्पोर्ट्स

# पृथ्वी राज के दोहरे प्रदर्शन से जीता फेथ क्रिकेट क्लब

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच पृथ्वी राज सिंह के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत फेथ क्रिकेट क्लब ने 14वें स्व. अरविंद चतुर्वेदी क्रिकेट टूर्नामेंट 'रमेश शर्मा गुड्डू भैया ट्रॉफी' में भोपाल क्रिकेट अकादमी को पांच विकेट से शिकस्त दी। ओल्ड कैंपियन मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल क्रिकेट अकादमी की टीम मात्र 88 रनों पर सिमट गई। टीम के लिए शिवजीत ने 26, पुशांक ने 16 और पृथु चतुर्वेदी ने 15 रन बनाए। फेथ क्लब के पृथ्वीराज सिंह ने चार, जबकि आशु और अलंकृत ने दो-दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरे फेथ क्रिकेट क्लब ने पांच विकेट खोकर आसानी से मुकाबला जीत लिया। पृथ्वीराज ने 36 और रुद्रांश सिंह 32 रन बनाए। भोपाल अकादमी के पृथु ने 7 रन देकर 3 विकेट झटके। दिनेश और धीरू को एक-एक सफलता मिली।



# भोपाल के अनुभव को गोल्ड दुर्गा ने जीता रजत व कांस्य

**पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग 200 पाइंट टूर्नामेंट**

**भोपाल, खेप्र।** शहर के अनुभव तोलानी ने पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग 200 पाइंट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं दुर्गा सूर ने रजत और कांस्य पदक जीता। इनाया मूलचंदानी ने भी कांस्य पदक अपने नाम किया। भारतीय और मध्यप्रदेश पिकलबाल एसोसिएशन द्वारा यह टूर्नामेंट इंदौर के सूर्या पिकलबाल अकादमी में खेला गया। यह सभी खिलाड़ी ऐस क्लब भोपाल में प्रशिक्षण हासिल करते हैं। ऐस अकादमी के आदित्य सूर ने बताया कि अनुभव ने पुरुष वर्ग 30 से अधिक आयु वर्ग में सोने का तमगा हासिल किया। दुर्गा ने महिलाओं की 30 प्लस इवेंट में रजत और ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता। इनाया ने अंडर-12 बालिका वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। जून में भोपाल में पिकलबाल वर्ल्ड रैंकिंग टूर्नामेंट ऐस क्लब में आयोजित होगा।




# अंडर-19 हॉकी पुरुष टीम की कमान केतन को, महिला टीम की कप्तानी करेंगी स्वीटी

**भोपाल के साई में 15 मई से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज**

**भोपाल, जेएनएन।** हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 से 20 मई तक होने वाली घरेलू सीरीज के लिए 24 सदस्यीय अंडर-18 पुरुष और महिला टीमों का ऐलान किया। चार मैचों की सीरीज भोपाल के साई पर खेली जाएगी। यह जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से छह जून तक होने वाले पुरुष और महिला अंडर-18 एशिया कप की तैयारियों के लिए अहम है। टीम का चयन राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के दौरान किया गया, जिसमें 42 खिलाड़ियों के समूह में से मैच फिटनेस और तकनीकी कौशल के आधार पर 24 को चुना गया। फॉरवर्ड केतन कुशवाहा अंडर-18 पुरुष टीम के कप्तान होंगे, जबकि महिला टीम की कमान स्वीटी कुजूर को सौंपी गई है। पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा कि शिविर के बाद हमने 24 खिलाड़ियों को चुना जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के योग्य हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच इस टीम की असल परीक्षा होगी। जापान में होने वाले अंडर 18 एशिया कप से पहले यह देखना होगा कि टीम ऑस्ट्रेलियाई शैली की हॉकी का दबाव कैसे झेल पाती है।



**पुरुष टीम: गोलकीपर:** सावन कुमार, आयुष रजक, विशाल बड़ा, **डिफेंडर:** अंश बहुत्रा, आशीष तानी पूर्ति, अरमान सोरेंग, दीपकप्रकाश टोप्पो, करण गौतम, करण धानुक, **मिडफील्डर:** प्रेमचंद सोय, राहुल यादव, वरिंदर सिंह, रोमित पाल, अर्जनदीप सिंह, गुरसिमरनप्रीत सिंह, अर्शदीप सिंह, अवि मानिकपुरी, **फॉरवर्ड:** आकाश दीप, केतन कुशवाहा (कप्तान), शाहरुख अली, गाजी खान, प्रहलाद राजभर, सिद्धार्थ बेन, जेसान कांडुल्ना।

**महिला टीम: गोलकीपर:** महक परिहार, हैरी, खिली कुमारी, **डिफेंडर:** सुगन सांगा, नीलम टोप्नो, रूबिना बक्सला, किरण इक्का, दिव्या यादव, सुलोचनी, **मिडफील्डर:** श्रुति कुमारी, दिया, हर्षिता, रशमीन कौर, लामिंगांबी एकोइजाम, नैंसी सरोहा, तोंगब्राम लांचेंबी देवी, स्नेहा दावडे, **फॉरवर्ड:** नौशीन नाज, स्वीटी कुजूर (कप्तान), प्रियंका मिंज, संदीपा कुमारी, नम्मी गीताश्री, प्रिंसेस प्रिया इक्का, पुष्पा मांझी।

**रीवा।** मिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में 8 मई को कमिश्नर कार्यालय सभागार में विभिन्न बैठकों का आयोजन किया गया है। सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा एनएचएआई द्वारा बनायी जा रही सड़कों की समीक्षा की जायेगी।


दैनिक जागरण

रीवा, 08 मई , 2026 रीवा शहर www.dainikjagranmpcg.com


## उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का भ्रमण कार्यक्रम

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 8 मई को सुबह 8.30 बजे रीवा से देवलोंद के लिए प्रस्थान करेंगे तथा सुबह 10 बजे जिला प्रबंध समिति की बैठक में शामिल होंगे। शुक्ल सुबह 11 बजे बाणसागर सर्किट हाउस में शहडोल जिले की जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक लेंगे तदुपरांत अपरान्ह 1.30 बजे रीवा आयेंगे। उप मुख्यमंत्री रीवा से अपरान्ह 2.30 बजे बनारस एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे तथा रात्रि 8.30 बजे बनारस से वायुयान द्वारा कोलकाता जायेंगे।




Dr. Ortho Oil — Asia's Most Promising Brand — An Ayurvedic Medicine — Helpful in Painful Conditions — 20% EXTRA

Helpline : 7876977777 • www.drorthooil.com

घुटना दर्द गर्दन दर्द कलाई दर्द कमर दर्द

जोड़ों के दर्द की बेजोड़ दवा...

Clinically Tested

Dr. Juneja's डा.ऑर्थो Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द को जड़ से कम करने में विशेष सहायता करता है। मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें।

आयुर्वेदिक होने के कारण इसका प्रभाव अल्पकालिक नहीं अपितु लंबे समय तक बना रहता है।


## वीसी के माध्यम डीआईजी ने थाना प्रभारियों की लगाई क्लास

**रीवा।** उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन हेमंत सिंह चौहान ने बुधवार को थाना प्रभारियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से क्लास लगाई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में रीवा जिले की स्थित ठीक नहीं है वह 26 वें स्थान पर है जबकि सिंगरौली और सीधी जिले टॉप टेन में है। जानकारी दी गई कि सिंगरौली प्रदेश में दूसरे स्थान पर व सीधी आठवें स्थान पर वहीं सतना 20 स्थान पर है। डीआईजी ने वीसी के माध्यम से संबंधित थाना प्रभारियों से समस्याओं के निराकरण में आ रही समस्याओं की भी जानकारी ली, साथ ही निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं को संतुष्ट कर संबंधित समस्याओं का निराकण शीघ्र करवाएं। फिलहाल रीवा और सतना जिले की हालत सीएम हेल्पलाइन के प्रकणों के निराकरण में सबसे खराब है, जबकि मैहर 13वें और मऊगंज 15वें स्थान पर है।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर

डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD)

परामर्श शुल्क मात्र 300/-

मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)

चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ

परामर्श - दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।

कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311


## स्टेशन की लिफ्ट में यात्रियों के फंसने के बाद हरकत में रेलवे प्रशासन

### मामले की शुरू हुई तकनीकी जांच



**जागरण, रीवा।** पश्चिम मध्य रेलवे के रीवा रेलवे स्टेशन में बुधवार की सुबह लिफ्ट के अंदर यात्रियों के फंसने की घटना के बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए रेलवे अधिकारियों ने तकनीकी जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में लिफ्ट में तकनीकी खराबी सामने आई है, जिसके चलते फिलहाल लिफ्ट सेवा पर रोक लगा दी गई है। बताया गया है कि रेलवे स्टेशन परिसर में लगी उक्त लिफ्ट का संचालन और रखरखाव एक जर्मन कंपनी द्वारा किया जा रहा है, जिसे लिफ्ट का ठेका दिया गया है। गौरतलब है कि बुधवार की सुबह जबलपुर से ट्रेन से रीवा पहुंचे लोग प्लेटफार्म क्रमांक दो से एक में आने के लिए लिफ्ट में प्रवेश किए। जैसे ही वो लिफ्ट में चढ़े लिफ्ट फंस गई और घंटों यात्री फंसे रहे। घटना के दौरान महिला बच्चे समेत सात यात्री लिफ्ट के भीतर फंस गए थे, जिससे स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही रेलवे स्टाफ मौके पर पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना के बाद रेलवे प्रशासन ने संबंधित कंपनी से जवाब तलब किया है। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी टीम द्वारा लिफ्ट की पूरी जांच की जा रही है और सभी सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जाएगी। प्रथम दृष्टया की गई जांच में प्लेट में खराबी होना बताया जा रहा है, जांच पूरी होने और खराबी दूर होने तक लिफ्ट का संचालन बंद रहेगा। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। तकनीकी समस्या पूरी तरह ठीक होने और सुरक्षा परीक्षण सफल होने के बाद ही लिफ्ट सेवा दोबारा शुरू की जाएगी। वहीं घटना के बाद यात्रियों में रेलवे की व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी भी देखने को मिली। यात्रियों का आरोप है कि रेलवे स्टेशन में सुरक्षा और रखरखाव व्यवस्था को लेकर गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। यदि समय रहते राहत नहीं मिलती तो बड़ा हादसा भी हो सकता था। घटना के बाद यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से लिफ्टों की नियमित जांच और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, जिसके बाद रेलवे प्रशासन ने पूरे मामले की जांच शुरू करते हुए जर्मन कंपनी को तलब किया है।

# ब्योहारी के बाद त्योंथर तहसील में लोकायुक्त की ट्रैप कार्रवाई

### बाबू 95 सौ रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ाया, दो दिन में लोकायुक्त की राजस्व विभाग में दूसरी कार्रवाई से मचा हड़कंप



जागरण, रीवा

लोकायुक्त की टीम ने दो दिन के अंदर राजस्व विभाग के मामलों में दो ट्रैप कार्रवाई की। शहडोल के ब्योहारी में एसडीएम कार्यलय के क्लर्क पर ट्रैप कार्रवाई के बाद गुरुवार को लोकायुक्त की टीम ने रीवा जिले के त्योंथर तहसील में बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बेदखली कार्रवाई करने की एवज में बाबू 95 सौ रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया। तहसील कार्यालय में पदस्थ आरोपी बाबू के द्वारा लंबित जमीनी विवाद के मामले में फरियादी से पक्ष में बेदखली की कार्रवाई करने के एवज में 80 हजार रुपयों की रिश्वत मांगी गई थी। मामले में फरियादी और आरोपी के बीच अलग-अलग किस्तों में रिश्वत का देना तय हुआ और पहली किस्त 20 हजार की तय की गई थी। पीड़ित शिकायतकर्ता अजय मिश्रा पिता स्व. रामकृष्ण मिश्रा निवासी ग्राम डाढ़ाकला पोस्ट चंद्रपुर थाना जनेह ने मामले की शिकायत लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक रीवा से की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त की टीम ने बाबू को रिश्वत की पहली किस्त 9 हजार 500 रुपए लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी बाबू अनिल त्रिपाठी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। लोकायुक्त कार्यालय संभाग रीवा की दो दिन के भीतर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। लोकायुक्त की टीम ने एक दिन पूर्व शहडोल जिले के ब्योहारी में ट्रैप कार्रवाई को अंजाम देने के बाद अब रीवा में दूसरी बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए तहसील कार्यालय के बाबू को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के संबंध में लोकायुक्त की कार्यवाही टीम में शामिल निरीक्षक एसके मारावी ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी अजय मिश्रा निवासी ग्राम डाढ़ा कला त्योंथर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबू अनिल त्रिपाठी के द्वारा लंबित जमीनी प्रकरण में फरियादी के पक्ष में बेदखली आदेश जारी करने के नाम पर 80 हजार रुपयों की रिश्वत मांगी जा रही है। फरियादी द्वारा की गई उक्त शिकायत के बाद शिकायत सत्यापन में सही पाई गई और ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया गया। बताया गया की आरोपी और फरियादी के बीच अलग-अलग किस्तों में रिश्वत का सौदा से हुआ। गुरुवार को पहली किस्त के रूप में साढ़े 9 हजार की रिश्वत लेते हुए आरोपी बाबू अनिल त्रिपाठी को गिरफ्तार किया है।

## तेज रफ्तार डंपर ने कार को टक्कर मारते हुए तीन सौ मीटर घसीटा



**जागरण, रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत करहिया मंडी के समीप बीती देर रात तकरीबन 2 बजे तेज रफ्तार डंपर ने कार को अपनी चपेट में ले लिया। अचानक डंपर व कार की भिड़ंत हो गई इस दौरान कार डंपर और डिवाइडर से टकराते हुए करीब तीन सौ मीटर घिसटती हुई चली गई। गनीमत रही की इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फिलहाल कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है। कार चालक ने मामले की सूचना चोरहटा पुलिस को दी है। मिली जानकारी के मुताबिक बीती देर रात तकरीबन 2 बजे एक कार रीवा शहर से करहिया मंडी की ओर जा रही थी, इसी दौरान करहिया मंडी के समीप पीछे से आ रहे रेत से लोड तेज रफ्तार डंपर ने कार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार डंफ़र के अगले हिस्से में फंस गई। डंपर चालक ने वाहन को रोकने की बजाय कार को घसीटते हुए तकरीबन 300 मीटर दूर ले गया, जब कार डिवाइडर में फंस गई तो डंपर सहित चालक मौके से फरार हो गया। इस दौरान घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने डंपर को रोकने का भी प्रयास किया लेकिन वह फरार हो गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से नहर में गिरे बाइक सवार, 1 की मौत दूसरा गंभीर

**जागरण, रीवा।** तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार नहर में जा समाए। हादसा शाहपुर थाना क्षेत्र के बिछरहाटा गांव के पास बुधवार की रात को हुआ। घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान एक की मौत हो गई जबकि दूसरे घायल का उपचार संजय गांधी अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। घटना के बाद टक्कर मारने वाला अज्ञात वाहन सहित चालक मौके से फरार हो गया। शाहपुर पुलिस मर्ग कायम कर चालक सहित वाहन की तलाश में लगी हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बाइक सवार वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बुधवार रात बाइक से निकले थे, जैसे ही वो बिछरहटा गांव के पास पहुंचे पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें नईगढ़ी थाना क्षेत्र के देवरिहन गांव निवासी 26 वर्षीय सुखेंद्र पटेल की मौत हो गई। बाइक सवार गांव में एक कार्यक्रम में जा रहे थे। बताया जा रहा है कि देर रात हुए हादसे के बाद काफी समय तक घायल मौके पर पड़े रहे जिसके बाद आसपास के ग्रामीणों की नजर घायलों पर गई और उन्होंने दोनों को अस्पताल पहुंचाया था।


विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर डॉ प्रदीप निगम MD, DrNB (गैस्ट्रो)

उपलब्ध सुविधा: एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, फाइब्रोस्केन, ERCP

पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ

Call Now 8770352872,7566926696

पता - बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

आपके शहर रीवा में उपलब्ध न्यूरोलॉजिस्ट (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)

डॉ. अनिरुद्ध श्रीवास्तव MBBS, MD (Medicine) DM (न्यूरोलॉजी)

पूर्व चिकित्सक SRHU हॉस्पिटल, देहरादून, कंसल्टेंट न्यूरोलॉजिस्ट - जबलपुर हॉस्पिटल, जबलपुर

स्पेशलिस्ट : लकवा (ब्रेन हेमरेज), एपिलेप्सी (मिर्गी), सिरदर्द (माइग्रेन), हाथ पैर में कंपन या जकड़न, (पार्किंसंस), झुनझुनाहट या जलन (न्यूरोपैथी), अनिद्रा, नींद में, बड़बड़ाना, याददाश्त में कमी, गर्दन दर्द, आँखों में दर्द के साथ-साथ धुंधला दिखना और दो-दो दिखाई देना, मस्तिष्क एवं रीढ़ के इंफेक्शन दिमागी बुखार, बच्चों की मिर्गी आदि।

दिनांक : 10 मई 2026, रविवार — असुविधा से बचने के लिए पूर्व में रजिस्ट्रेशन कराएं: 9755282938 9589832938

पताः 39, तानसेन कॉम्पलेक्स, मनोज मेडिकल स्टोर के सामने, LIC क्र. 1 के नीचे, सिरमौर चौराहा, रीवा (म.प्र.)

SHRI RAMKRISHNA COLLEGE OF PHARMACY

APPROVED BY: PCI NEW DELHI AND AFFILIATED TO RGPV BHOPAL (M.P.)

B.Pharma D.Pharma REGISTRATION OPEN Session 2026-27

6262084843, 9183484843

Campus -Deora, Airport road chorahata,Rewa (M.P)

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ

डॉ. कोम्पल अग्रवाल MBBS, MD (Dermatology & STD)

चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहासे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।

मो.-7247097637

परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

Minerva मिनर्वा द मेडिसिटी मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा

जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी

आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज

फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा विशेष सूचना कार्डियक सर्जरी पुनः निःशुल्क उपलब्ध

असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं

खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.) 9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबर:- 18008892250

डॉ. अनुशा पाण्डेय एम.बी.बी.एस., एम.एस. (ऑब्स एण्ड गायनी) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, लेप्रोस्कोपिक सर्जन

संबंधित समस्याएँ

परामर्श समयः सुबह 11:00 बजे से सायं 07:00 बजे तक प्रतिदिन

निःशुल्क परीक्षण कैम्प हर महीने की 15 तारीख को

श्री समाधान सोनोग्राफी सेंटर 8085813545

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर) (निः संतान दंपत्तियों के लिए)

डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसूति रोग MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)

मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध

टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830

खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

विंध्य के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पी. सी. द्विवेदी एम.एस. (नेत्र) सेवानिवृत एवं पूर्व विभागाध्यक्ष

आस्था मेडिकल स्टोर, ढेकहा तिराहा, रीवा समयः शाम 5 बजे से 7 बजे तक

8966825155,7225925922,9179687302

BBS MEMORIAL HR. SEC. SCHOOL AZAD NAGAR, REWA (M.P.) BBS KIDS ZONE 9424777617

More than 50 student Scored 90% in Board Examination

Vishesh Harshita Priyanshi 2025-26

NEET selected IIT selected

ADMISSION OPEN For Nursery to 12th NO ADMISSION FEE



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना -** 9993315949 **सीधी-**7089620900 **सिंगरौली-**9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com